*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
21 जुलाई, 2024
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 271
कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही

यूपीएससी चेयरमैन मनोज सोनी ने इस्तीफा दिया



अंदर पढ़ें पेज 3

**झारखंड में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनायेगी: अमित शाह**

**जवाबदेही और जिम्मेदारी के साथ मुस्तैद रहें अधिकारी : हेमंत सोरेन**

**धनबाद: कोयला कारोबारी का पुत्र के साथ अपहरण**

# नीट में गोधरा और हजारीबाग सेंटर्स से कोई टॉपर नहीं

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को नीट-यूजी परीक्षा का सिटी और सेंटरवाइज रिजल्ट जारी कर दिया। रिजल्ट ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी किया गया है।

इसमें कैंडिडेट्स की पहचान जाहिर नहीं की गयी है। खास बात ये है कि विवादास्पद गोधरा और हजारीबाग सेंटर्स से कोई भी अभ्यर्थी टॉपर नहीं है। गोधरा के जय जलराम स्कूल के सेंटर से दो स्टूडेंट ने 600 नंबर स्कोर किये हैं। इसके अलावा किसी भी कैंडिडेट को 600 से ज्यादा नंबर नहीं मिले हैं। परीक्षा हजारीबाग के पांच परीक्षा केंद्रों पर हुई थी। हजारीबाग के भी किसी परीक्षा केंद्र से कोई टॉपर नहीं निकला है।

**शनिवार को सीबीआइ ने की तीन गिरफ्तारियां :** सीबीआइ ने पेपर लीक के कथित मास्टरमाइंड को शनिवार गिरफ्तार किया है। शशिकांत पासवान एनआटी जमशेदपुर से बीटेक ग्रेजुएट है। इसके अलावा दो एमबीबीएस छात्र को भी गिरफ्तार किया गया है। ये भरतपुर, राजस्थान के मेडिकल स्कूल से हैं। सेकेंड इयर का छात्र कुमार मंगलम बिश्नोई और फर्स्ट इयर छात्र दीपेंद्र शर्मा 5 मई को हजारीबाग में मौजूद थे। इसी दिन नीट की परीक्षा हुई थी। इन्होंने पेपर चुराने वाले पंकज कुमार के लिए प्रश्न पत्र हल करने का काम किया था। पंकज को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।









आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 21 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


# झारखंड भाजपा में उत्साह भर गये अमित शाह

## ■ सात घंटे की रांची यात्रा से कर गये 'मिशन झारखंड' का आगाज

## ■ भाजपाइयों को सत्ता में लौटने का मंत्र दे गये भाजपा के चुनावी चाणक्य

**आजाद सिपाही विशेष**

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के शीर्षस्थ नेताओं में से एक अमित शाह का रांची दौरा संपन्न हो गया है। उनका यह दौरा न केवल झारखंड विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के भाजपा के संकल्प का एलान साबित हुआ, बल्कि इससे लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद से हताश पार्टी कार्यकर्ताओं में नये उत्साह का संचार भी हुआ। वैसे तो लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा को झारखंड में तैनात कर अपने इरादों को जाहिर कर दिया था, लेकिन अमित शाह के दौरे ने झारखंड की सत्ता को फिर से हासिल करने के भाजपा के संकल्प को और मजबूत कर दिया है। शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा ने पिछले एक महीने में जिस तरह झारखंड में भाजपा के चुनाव अभियान को मजबूती प्रदान की है, उसमें अमित शाह का दौरान एक टॉनिक का काम कर गया है। भाजपा के चुनाव चाणक्य कहे जानेवाले अमित शाह ने अपने भाषण में जिस तरह झारखंड में सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन की सरकार के खिलाफ निशाना साधा, उससे यह भी साफ हो गया कि अगले तीन महीने के दौरान होनेवाले विधानसभा चुनाव में भाजपा किन मुद्दों पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी। इतना ही नहीं, अमित शाह ने जिन मुद्दों को उठाया है, उन पर सत्तारूढ़ गठबंधन रक्षात्मक मुद्रा में रहेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। लोकसभा चुनाव में राज्य की 81 में से 52 विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल करने को बड़ी उपलब्धि बता कर अमित शाह ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की हताशा को न केवल दूर किया, बल्कि उन्हें नये जोश के साथ विधानसभा चुनाव में उतरने के लिए भी तैयार कर दिया। क्या हैं अमित शाह की इस यात्रा के मायने और भाजपा का अब क्या रुख होगा, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह




अगले तीन महीने में होनेवाले झारखंड विधानसभा चुनाव की राजनीतिक तैयारियां अब आधिकारिक रूप से शुरू हो गयी हैं। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के चुनावी चाणक्य अमित शाह ने 20 जुलाई को रांची की सात घंटे की यात्रा के साथ ही पार्टी के 'मिशन झारखंड' का आगाज कर दिया। उनकी इस यात्रा ने न केवल झारखंड भाजपा में नये उत्साह का संचार किया है, बल्कि विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी द्वारा उठाये जानेवाले मुद्दों को भी तय कर दिया।

अमित शाह के इस दौरे ने झारखंड भाजपा को ठीक वैसे ही जगा दिया है, जैसे 1983 के विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट में जिंबाब्वे के खिलाफ मैच में भारतीय टीम के तत्कालीन कप्तान कपिलदेव ने एक गेंद को भारतीय ड्रेसिंग रूम में पहुंचा कर हताश हो चुके भारतीय खिलाड़ियों को जगा दिया था। उस पारी में कपिलदेव ने रिकॉर्डतोड़ नाबाद 175 रन की पारी खेल कर भारत को प्रतियोगिता में वापस ला दिया था। बाद में वह प्रतियोगिता इतिहास बन गयी थी, क्योंकि भारतीय टीम ने चैंपियनशिप जीत ली थी।

ठीक इसी तरह भाजपा के शीर्ष नेताओं में से एक अमित शाह ने 20 जुलाई को पहले रांची के प्रभात तारा मैदान में और फिर प्रदेश भाजपा के हरमू स्थित कार्यालय में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से कह दिया कि उन्हें निराश या हताश होने की जरूरत नहीं है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में राज्य की 81 में से 52 विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल की है और यह बड़ी कामयाबी है। पार्टी का यह प्रदर्शन साबित करता है कि झारखंड के लोग भाजपा से दूर नहीं गये हैं, बल्कि सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन से तंग आ चुके हैं।

### कई मुद्दों को छुआ अमित शाह ने

झारखंड के 25 हजार से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए अमित शाह ने कई मुद्दों को रेखांकित किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव परिणाम का विश्लेषण करते हुए कहा कि देश के लोकतांत्रिक इतिहास में 60 साल बाद ऐसा पहली बार हुआ, जब नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। वर्ष 2014, 2019 और 2024 में नरेंद्र मोदी को लगातार तीन बार पीएम बने। लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव के बाद एक अजीब चीज देखने को मिली। साधारण तौर पर देखा जाता है कि विजय के बाद किसी व्यक्ति में अहंकार आता है, लेकिन पहली बार देखा गया कि व्यक्ति में पराजय के बाद भी अहंकार आता है। संसद में राहुल गांधी के व्यवहार को देख कर ऐसा लगा कि वह दो-तिहाई बहुमत हासिल कर यहां पहुंचे हैं, जबकि सच्चाई है कि पूरे इंडी अलायंस को मिला कर उतनी सीटें नहीं आ सकीं, जितनी कि अकेले भाजपा को मिलीं। पिछले तीन लोकसभा चुनाव के दौरान भी यदि कांग्रेस की सीटों को जोड़ लिया जाये, तो भाजपा ने 2024 के चुनाव में उससे अधिक सीटें हासिल की।

### आत्मविश्वास से लबरेज दिखे अमित शाह

अपनी रांची यात्रा में अमित शाह हमेशा की तरह आत्मविश्वास से लबरेज दिखे। उन्होंने कहा कि वह दीवार पर लिखा हुआ पढ़ सकते हैं और पूर्ण विश्वास के साथ कह सकते हैं कि वर्ष 2024 में एक बार फिर झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और अर्जुन मुंडा ने कुछ भी ऐसा नहीं किया, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं को सिर झुकाना पड़े।

### लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन को सराहा

अमित शाह ने साफ किया कि लोकसभा चुनाव में झारखंड में पार्टी का प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा। पार्टी ने राज्य की 14 संसदीय सीटों में से नौ पर जीत हासिल की, लेकिन इसके साथ ही पार्टी ने 81 विधानसभा सीटों में से 52 पर बढ़त हासिल कर साबित कर दिया कि राज्य में पार्टी का जनाधार कम नहीं हुआ है, बल्कि बढ़ा है। उनकी इसी बात से पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में नये उत्साह का संचार हुआ है। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद से पार्टी के भीतर जो माहौल था, वह अमित शाह की यात्रा के बाद पूरी तरह बदल गया है।

### विधानसभा चुनाव के मुद्दे भी तय कर गये शाह

अमित शाह ने रांची में अपने दो कार्यक्रमों में विधानसभा चुनाव के मुद्दे भी तय कर दिये। इनमें राज्य की इंडी गठबंधन की सरकार की पांच साल की तमाम विफलताओं और भ्रष्टाचार के साथ आदिवासियों के लिए मोदी सरकार द्वारा किये गये कामों को गिनाना शामिल है। अमित शाह ने जिस तरह भ्रष्टाचार और कुशासन के मुद्दों पर राज्य की गठबंधन सरकार को घेरा, उससे एक बात साफ हो गयी कि झारखंड भाजपा अब विधानसभा चुनाव तक पूरी तरह आक्रामक मोड में रहेगी। इसके अलावा अमित शाह ने झारखंड के विकास के लिए भाजपा के संकल्प को दोहरा कर मतदाताओं के उस वर्ग को भी अपने साथ जोड़ने की कोशिश की है, जो पिछले कुछ वर्षों में भाजपा से दूर जा रहा था।

कुल मिला कर अमित शाह की रांची यात्रा झारखंड भाजपा के लिए टॉनिक का काम कर गयी है। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद से ही भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गया था और उसने अपने दो कद्दावर नेताओं, शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा को झारखंड में तैनात कर अपना रुख साफ कर दिया था। इन दोनों नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ मिल कर पिछले एक महीने में जिस तरह पार्टी की चुनावी तैयारियों को नया रूप दिया है, उसमें अमित शाह का दौरा बेहद लाभदायक साबित होगा।

---

## झारखंड में मनरेगा के एक जूनियर इंजीनियर की दास्तान


# करोड़पति बनना है हरि उरांव का लक्ष्य और हक

- अपने घर में पोस्टर बना कर टांग रखा है
- दो साल से गुमला के घाघरा में हैं पदस्थापित

**विकास साहू**

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** नाम है हरि उरांव। दो साल से यहां मनरेगा के जूनियर इंजीनियर के पद पर तैनात हैं। यह इंजीनियर साहब पूरे इलाके में चर्चित हैं, क्योंकि इन्होंने एलान कर रखा है कि उनका लक्ष्य करोड़पति बनना है और यह उनका हक भी है। यह तो पता नहीं है कि हरि उरांव ने दो साल में कितना धन कमाया है, लेकिन उनके घर में टंगे इस पोस्टर ने उन्हें खूब चर्चित कर दिया है।

**क्या है मामला :** हरि उरांव के घर में पीले रंग के चार्ट पेपर पर लाल रंग की कलम से हिंदी और अंग्रेजी में एक बयान लिख कर टंगा हुआ है। हिंदी में लिखा गया है, मैं करोड़पति हूं। करोड़पति बनना मेरा हक है। करोड़पति बनना ही मेरे जीवन का लक्ष्य है। पैसे के लिए मैं जो भी काम करता हूं, उसमें मेरा लाभ ही लाभ होता है। इसी पोस्टर पर अंग्रेजी में लिखा हुआ है, आइ लव मनी। मनी लव्स मी। आइ एम ए मनी मैगनेट। आइ अट्रैक्ट मनी इजीली एंड एफर्टलेसली। इसका हिंदी अनुवाद है, मैं पैसे से प्यार करता हूं। पैसा मुझसे प्यार करता है। मैं पैसे का चुंबक हूं। मैं आसानी और बिना किसी प्रयास के पैसे को आकर्षित करता हूं।




### क्या कहते हैं हरि उरांव

इस बाबत हरि उरांव से फोन पर बात की गयी, तो उन्होंने कहा कि उन्होंने यह पोस्टर खुद को प्रोत्साहित करने के लिए लगाया हुआ है और उनसे मिलने आनेवाले लोगों को भी यह पढ़ने को कहते हैं। बकौल हरि उरांव, वह यू-ट्यूब से करोड़पति बनने और अपने जीवन को अच्छा बनाने का प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी के लिए भी अपने घर में इस तरह का पोस्टर लगाना कहीं से गलत नहीं है।



### कौन हैं हरि उरांव

मूल रूप से पलामू जिले के पांकी प्रखंड के रहनेवाले हरि उरांव ने अपनी पढ़ाई डाल्टनगंज से पूरी की। इसके बाद उन्होंने इधर-उधर काम किया और दो साल पहले मनरेगा में जूनियर इंजीनियर के पद पर नियुक्त किये गये। उनकी पोस्टिंग गुमला जिले के घाघरा में हुई।

**मशरूम उत्पादन में हाथ आजमा चुके हैं :** हरि उरांव ने मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में भी हाथ आजमाया हुआ है। इसके लिए उन्होंने मधु अरुण मशरूम प्रोडक्शन के नाम से एक कंपनी का निबंधन भी एमएसएमइ के रूप में कराया हुआ है। इस कंपनी का कर्ताधर्ता कौन है, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं मिली है।

---

# सीएम आवास घेरने निकले पारा शिक्षकों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले छोड़े

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** समान शिक्षा समान वेतनमान की मांग को लेकर राज्य के विभिन्न हिस्सों से यहां मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे पारा शिक्षकों पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। इस कार्रवाई में छह पारा शिक्षक घायल हो गये। राज्य एकीकृत पारा शिक्षक संघ के बैनर तले समान शिक्षा समान वेतनमान की मांग को लेकर राज्य भर के पारा शिक्षक शनिवार को मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले। हजारों की संख्या में पारा शिक्षक मोरहाबादी मैदान से निकल कर फुटबॉल स्टेडियम होते हुए मुख्यमंत्री आवास की तरफ आगे बढ़ गये, जबकि कुछ शिक्षकों को बैरिकेडिंग कर मोरहाबादी मैदान के पास ही रोक दिया गया। इस दौरान कुछ पारा शिक्षक मुख्यमंत्री आवास के बाहर पहुंच गये, जिन पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। इस लाठीचार्ज में सिंटू सिंह सहित छह पारा शिक्षक घायल हो गये। इससे पहले कुछ पारा शिक्षक मोरहाबादी से निकल कर ऑक्सीजन पार्क के पास बैठे गये थे। सभी लगातार प्रशासन से आग्रह कर रहे थे कि पीछे रह गये पारा शिक्षकों को आगे बढ़ने दें। मौके पर मौजूद पारा शिक्षकों के नेता संजय दुबे ने कहा कि यह अनिश्चितकालीन प्रदर्शन है। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने कहा कि 20 सालों से ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ा रहे हैं, लेकिन पारा शिक्षकों के साथ दोहरी नीति अपनायी जा रही है। सरकार से कई बार वेतनमान में बढ़ोतरी की मांग की गयी, लेकिन सरकार ने उनकी मांगों को अनसुना कर दिया। पारा शिक्षकों के आंदोलन को देखते हुए मुख्यमंत्री आवास के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है।



प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए अग्निशमन वाहन भी प्रदर्शनस्थल पर मौजूद हैं। तीन स्थानों पर बैरिकेडिंग की गयी है। पारा शिक्षकों की प्रमुख मांगों में सहायक शिक्षकों को वेतनमान और इपीएफ देना, सेवा शर्त नियमावली लागू होने के बाद जिन शिक्षकों का निधन हुआ है, उनके आश्रितों को नौकरी देना, आकलन परीक्षा जल्द आयोजित करना, अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षण का मौके देना और शिक्षक नियुक्ति में सीटेट को भी मान्यता देना शामिल है।

---

# अमित शाह का दौरा नयी ऊर्जा का संचार करेगा : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बाबूलाल ने कहा है कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का झारखंड दौरा हम सभी कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा का संचार करेगा। उनके मार्गदर्शन में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता झारखंड से झामुमो-कांग्रेस की अत्याचारी और भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तत्पर है। बाबूलाल ने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही बाबा बैद्यनाथ से उनके उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना भी की है।



### सरकारी दफ्तर में बिना पैसा नहीं होता काम : बाबूलाल

**रांची (आजाद सिपाही)।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में मां बहनों की इज्जत सुरक्षित नहीं है। हर दिन पांच महिलाओं के साथ दुष्कर्म होता है। हर दिन पांच हत्या और हर दिन पांच दंगे होते हैं। सबसे अधिक दुष्कर्म झारखंड में हुआ है। पुलिस भी नहीं सुन रही है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा गयी है। बाबूलाल ने कहा कि सरकारी दफ्तरों में बिना पैसा के काम नहीं होता। भ्रष्टाचार सरकार द्वारा पोषित हैं। अफसर कहते हैं कि हम पैसा देकर आये हैं, तो पैसा लेंगे ही। पुलिस को वसूली में लगा रखा है। झारखंड में 13 साल बीजेपी की सरकार रही, लेकिन कोई बता दे कि इस दौरान जमीन लूट हुई हो। सबसे अधिक जमीन हेमंत सोरेन ने ले रखी है। यहां के लोग कांग्रेस के समय जमीन से बेदखल हुए हैं। लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। अपना और परिवार का विकास कर रहे हैं। 2024 के चुनाव में भाजपा की सरकार बनानी है।

www.epaper.azadsipahi.in

21 जुलाई, 2024
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 271

पद्मश्री कमला पुजारी का निधन



## रांची में कार्यकर्ताओं के बीच गृह मंत्री ने फूंका चुनावी बिगुल

# झारखंड में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनायेगी: अमित शाह

- झारखंड में महागठबंधन की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है
- हेमंत सोरेन को आदिवासी से नहीं, सिर्फ अपने परिवार के कल्याण से मतलब है
- हम आदिवासी भाइयों की भूमि, जनसंख्या और आरक्षण तीनों सुरक्षित करेंगे
- राहुल गांधी पर छोड़े तीर, पराजय के बाद उनमें भर गया है अहंकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के प्रभात तारा मैदान में भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में 25 हजार कार्यकर्ताओं के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी शंखनाद किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए यह दावा किया कि झारखंड में भाजपा इस बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी। उन्होंने कहा कि मैं आज बता कर जा रहा हूं कि झारखंड में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इसे झामुमो और कांग्रेस लिख कर रख लें। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने भाजपा का समर्थन किया। 60 साल के बाद तीसरी बार कोई प्रधानमंत्री चुना गया है। झारखंड की जनता ने 2014 और 2019 के बाद 2024 में भी मोदी के नेतृत्व को स्वीकार किया है। इस चुनाव में हम नौ सीटें जीते हैं। वहीं 81 में से 52 विधानसभा सीटों पर हमें लीड मिली है। यह शानदार प्रदर्शन है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि आने वाले दिनों में झारखंड में सरकार किसकी बनने वाली है।

**झारखंड में झामुमो-कांग्रेस की सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार:** केंद्रीय गृह मंत्री ने झामुमो और कांग्रेस पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश भर में झामुमो-कांग्रेस की सरकार सबसे भ्रष्ट सरकार है। कांग्रेस के एक सांसद के घर से 300 करोड़ रुपये मिलते हैं। एक मंत्री के पीए के घर से 30 करोड़ रुपये मिलते हैं। कांग्रेस पार्टी जवाब दे कि ये पैसा किसके हैं? कांग्रेस ऐसे भ्रष्टाचारियों को लेकर चलती है और झामुमो भी उनके साथ है। झामुमो सरकार घपले घोटालों की सरकार है। उन्होंने कहा कि 1000 करोड़ का मनरेगा घोटाला, 300 करोड़ का जमीन घोटाला, सेना की जमीन का घोटाला, 1000 करोड़ का खनन घोटाला, 40 करोड़ का शराब घोटाला, हजारों करोड़ों का ट्रांसफर पोस्टिंग घोटाला इस सरकार के कार्यकाल में हुआ है। यह घोटाला और वादाखिलाफी करनेवाली सरकार है। भारतीय जनता पार्टी वादाखिलाफी की एक लिस्ट लेकर राज्य की जनता के सामने जानेवाली है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि इस राज्य सरकार की वादाखिलाफी की लिस्ट और भाजपा के विकास कार्यों की सूची लेकर झारखंड के घर-घर में दस्तक देकर पार्टी के पक्ष में समर्थन जुटायें।

**भाजपा आदिवासियों के लिए लायेगी श्वेत पत्र:** अमित शाह ने कहा कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री आदिवासियों की चिंता करने की बजाय आदिवासियों के क्षेत्र में लैंड जिहाद, लव जिहाद कर भूमि का संतुलन भी बिगाड़ रहे हैं और जनसंख्या का संतुलन भी। हजारों घुसपैठिये आदिवासी बच्चियों के साथ शादी करते हैं। सर्टिफिकेट प्राप्त करते हैं। भूमि खरीदते हैं। अभी आदिवासियों की जनसंख्या घटी है। आनेवाले दिनों में आदिवासियों की जनसंख्या और घटनेवाली है। आदिवासियों की जनसंख्या केवल झारखंड में कम हो रही है। आप भाजपा की सरकार बना दो, हम जनसंख्या के मामले में एक श्वेत पत्र लाकर आदिवासी भाइयों के मामले में भूमि, जनसंख्या और आरक्षण तीनों सुरक्षित करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार झारखंड में घुसपैठ हो रही है, यह यहां की युवाओं की नौकरियां को खा रही है। घुसपैठिये नौकरियां प्राप्त कर रहे हैं और हेमंत सोरेन आंख मूंद कर वोट बैंक बढ़ाने में लगे हैं। हेमंत सोरेन के आदिवासी कल्याण का मतलब है अपने परिवार का कल्याण।

**राहुल गांधी का कार्यकलाप देश देख रहा:** गृह मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में कई लोगों में विजय के बाद अहंकार आता है। झारखंड में भी ऐसे लोग सत्ता में बैठे हैं, परंतु पराजय के बाद किसी में अहंकार आया है, ऐसा मैं पहली बार देख रहा हूं। देश में सरकार भाजपा की बनी। चुनाव भाजपा जीती। अहंकार कांग्रेस पार्टी को आया। संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का कार्यकलाप देश की जनता ने देखा। इतना अहंकार दो तिहाई बहुमत के बाद भी कोई नहीं पालता है। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को अकेले 240 सीटें मिली हैं। पूरे इंडी गठबंधन को इतनी सीटें नहीं, फिर किस बात का अहंकार?



### भाजपा ने आदिवासी हित में काम किया

अमित शाह ने कहा कि आपने (झामुमो) तो आदिवासियों का कल्याण नहीं किया, परंतु भाजपा ने इस दिशा में कई उल्लेखनीय कार्य किये हैं। सबसे पहला आदिवासी मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी ने बाबूलाल जी को बनाने का काम किया। सबसे पहले आदिवासी राष्ट्रपति बनाने का काम किया तो इसी झारखंड से भारतीय जनता पार्टी ने किया। संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में अटल जी ने डाला और अटल जी ने ही आदिवासी कल्याण मंत्रालय बनाया। हर स्टेशन पर संथाली में घोषणा करवाने का काम नरेंद्र मोदी ने किया।

### केंद्र सरकार की गिनायीं उपलब्धियां

शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने ओबीसी कल्याण के लिए भी बहुत सारे काम किये हैं। पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया। पिछड़ों के अधिकार सुरक्षित किये। सबसे ज्यादा 27 प्रतिशत पिछड़े अगर एक मंत्रिमंडल में हैं, तो वह नरेंद्र मोदी का मंत्रिमंडल है। मोदी जी ने दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का कल्याण किया है। उन्होंने सबसे बड़ा काम देश को सुरक्षित करने का किया है। मैं आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों के साथ समस्त झारखंड की जनता के लिए अपील करने आया हूं कि इस घोटालेबाज सरकार को उखाड़ कर मोदी जी के नेतृत्व में कमल फूल की सरकार बनाइये। शाह ने कहा कि भाजपा ने झारखंड बनाया और भाजपा ने विकास भी किया। विकास की बात करें तो झारखंड में 4000 करोड़ से राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया, 15000 करोड़ दिया, 58000 करोड़ रेलवे में दिया, 1000 करोड़ एयरपोर्ट के लिए दिया, एक एम्स दिया, देवघर में एक एयरपोर्ट दिया सहित गरीब कल्याण के कई काम मोदी सरकार ने किये। हमने विकास के साथ सुरक्षा भी दी। शाह ने केंद्र सरकार की गैंस सिलेंडर, आवास, शौचालय समेत विभिन्नि योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस सरकार और मोदी सरकार के 10-10 साल का हिसाब लेकर आया हूं कि झारखंड को कितनी राशि मिली है। हेंमत सोरेन भी हिसाब लेकर आ जायें। कांग्रेस ने अपने शासन काल में झारखंड को विकास के लिए 84 हजार करोड़ रुपया दिये। वहीं, मोदी सरकार ने प्रदेश के लिए 3 लाख 84 हजार करोड़ रुपये दिये। झारखंड को भाजपा ने बनाया और विकास भी भाजपा ने ही किया।

### कार्यकर्ताओं का बढ़ाया जोश

बैठक में राज्यभर से करीब 25 हजार कार्यकर्ता जुटे थे। केंद्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओं के अभिनंदन के साथ राज्य की जनता का भी आशीर्वाद देने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि झारखंड के हर बूथ से कार्यकर्ता आये हैं। मैं आप सभी का मनपूर्वक अभिनंदन करता हूं, आपकी ताकत से ही झारखंड में भाजपा नौ सीटें जीती है। मैं झारखंड की जनता को भी प्रणाम करता हूं, आभार जताता हूं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ाया। शाह ने कहा कि भाजपा कोई चुनाव जीतती है तो उसका कारण बूथ का कार्यकर्ता होता है। जो चौबीसों घंटे सजग रहता है। मैं आपको भरोसा देने आया हूं, चाहे मोदी सरकार हो, बाबूलाल मरांडी की सरकार हो, अर्जुन मुंडा की सरकार हो या फिर रघुवर दास की सरकार हो, भाजपा सरकार ने कुछ ऐसा नहीं किया, जिससे आपको (भाजपा कार्यकर्ता) सिर झुकाना पड़े। भाजपा सरकार ने ऐसा शासन किया है, जिससे आप (भाजपा कार्यकर्ता) जनता के बीच शान से सिर उठा कर जा पायें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हेमंत सरकार की वादाखिलाफी की लिस्ट और भाजपा के विकास कार्यों की सूची लेकर झारखंड के घर-घर में दस्तक देने का अनुरोध किया।

### आगामी कार्यक्रम पर हुई चर्चा

बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने आगामी कार्यक्रमों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि कार्यसमिति के संकल्पों को लेकर हम गांव-गांव जायेंगे। उन्होंने कहा कि 1 से 14 अगस्त तक महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ महिला मोर्चा सभी जिला केंद्रों पर आक्रोश प्रदर्शन करेगी। युवा मोर्चा द्वारा प्रखंड ,अनुमंडल कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ तालाबंदी कार्यक्रम चल रहा। 23 अगस्त को रांची में एक लाख युवाओं का प्रदर्शन होगा। इसके बाद 1 से 15 सितंबर तक घर-घर संपर्क अभियान चलेगा। कार्यक्रम में मंच पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, हिमंता विस्वा सरमा, लक्ष्मीकांत वाजपेयी, अमर कुमार बाउरी, अन्नपूर्णा देवी, कर्मवीर सिंह, संजय सेठ, दीपक प्रकाश, समीर उरांव, दिनेशानंद गोस्वामी, निशिकांत दुबे, आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, अनंत ओझा, मनीष जायसवाल समेत अन्य नेता और पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने किया।

## हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकें : बाबूलाल मरांडी

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक में रखे दो प्रस्ताव



रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 'वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, समस्या और समाधान में हमारी भूमिका' नामक शीर्षक से तैयार दो राजनीतिक प्रस्ताव को सम्मेलन में सामने रखते हुए राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया। बाबूलाल ने कहा कि झारखंड सरकार की हालत किसी से छुपी नहीं है। यहां अपराध चरम पर है। चोरी, हत्या, डकैती, अपहरण इस राज्य की पहचान बन चुकी है। प्रतिदिन पांच महिलाओं के साथ दुष्कर्म, पांच लोगों की हत्या, पांच दंगे की घटनाएं हो रही हैं। सबसे अधिक आदिवासी, दलित और गरीब तबके की महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहे हैं। यहां भ्रष्टाचार चरम पर है। जन्म से लेकर मृत्यु प्रमाण पत्र तक में पैसे लिये जा रहे हैं। अफसर कहते हैं कि हम पैसा देकर आये हैं हमें तो पैसा देना ही होगा। पुलिस को सरकार टूल्स की तरह इस्तेमाल कर रही है और उन्हें वसूली में लगा दिया गया है। बालू में खुलेआम पैसा वसूली की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दुष्प्रचार करती है कि भाजपा वाले आयेंगे तो जमीन छीन लेंगे। 10 वर्षों से नरेंद्र मोदी की सरकार है, झारखंड में 13 वर्षों तक भाजपा की सरकार रही, कितने आदिवासियों की जमीन छीनी गयीं। यह तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत है। जो लोग झारखंड में वर्तमान में सत्ता में बैठे हैं, वही लोग जमीन को छीन रहे हैं। हेमंत सोरेन सबसे अधिक जमीन लूटने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। जमीन से सबसे अधिक लोग कांग्रेस के राज में विस्थापित हुए हैं। हमें क्षेत्र में इस दुष्प्रचार का डट कर जवाब देना चाहिए। मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार राज्य के विकास की जगह अपने और परिवार का विकास करने में लगी हुई है। मोदी सरकार की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जा रही हैं। युवाओं, किसानों, बुजुर्गों, महिलाओं सभी को इस सरकार ने ठगा है। जेएमएम और कांग्रेस के 2019 के चुनावी घोषणा पत्र को उठा कर पूछने की जरूरत है कि उनके सारे वादों का क्या हुआ? पेंशन, ग्रीन कार्ड का क्या हुआ। इस सरकार ने नौकरी को बेच दिया है। सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठी चलवा रही है। पारा शिक्षकों पर आंसू गैस के गोले और लाठीचार्ज कर रही है। संथाल परगना में डेमोग्राफी पूरी तरह बदल चुकी है। वहां एक सोची-समझी साजिश के तहत आदिवासी-संथाली बेटियों को ढाल बना कर घुसपैठिये उनकी संपत्ति पर कब्जा कर रहे हैं। आदिवासियों की जनसंख्या लगातार घट रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने और भाजपा सरकार बनाने का संकल्प लेने का अनुरोध किया।

### झारखंड के शोषक ही शासक बन बैठे हैं : अर्जुन मुंडा



रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि यह विस्तारित कार्यसमिति ऐतिहासिक है। जो झारखंड में परिवर्तन के संकल्प के साथ संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि आज झारखंड की सत्ता पर वैसे लोग बैठे हैं, जिन्होंने वर्षों तक झारखंड को लूटा है। आंदोलन के साथ भद्दा मजाक किया। इनकी नियत आज भी बदली नहीं है। आज राज्य में लुटेरे मस्त और उद्योग धंधे पस्त हैं।

### भाजपा के रहते संविधान और आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता : बाउरी



रांची (आजाद सिपाही)। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने 'नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के ऐतिहासिक घटनाक्रम पर बधाई' नामक शीर्षक से तैयार एक राजनीतिक प्रस्ताव को रखा। उन्होंने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हमने नरेंद्र मोदी का नेतृत्व देखा है। देश की आजादी के बाद 2014 में पहली बार कांग्रेस के बिना किसी दल की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। 2014 के पहले देश के हालात किसी से छुपे नहीं है। पाकिस्तान के आतंकवादी हमारे सैनिकों का सर काट कर चले जाते थे और सरकार द्वारा पाकिस्तान को प्रेम पत्र लिखा जाता था। उन्होंने कहा कि देश भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, ध्वस्त विधि व्यवस्था से निराशा के भंवर में था। रिमोट कंट्रोल से संचालित पीएम के कारण देश की ख्याति, संप्रभुता, अस्मिता, सुरक्षा सब कुछ खतरे में थी। ऐसे समय में नरेंद्र मोदी जी के जैसा करिश्माई नेतृत्व सामने आकर 10 सालों में देश का कायाकल्प कर देते हैं। 2014 से 2019 गरीब कल्याण से लेकर सुशासन तो 2019 से 2024 तक का कार्यकाल धारा 370 हटाने, राम मंदिर निर्माण जैसे बहु प्रतीक्षित संकल्पों को पूरा करने का कार्यकाल रहा। झारखंड में भी मोदी सरकार ने विकास का नया आयाम दिया। बिजली, सड़क, नया विधानसभा, एयरपोर्ट, एम्स, मेडिकल कॉलेज का निर्माण हुआ। लोकसभा में पार्टी को नौ सीटें झारखंड से मिलीं। कांग्रेस-झामुमो की सरकार झूठ और फरेब की बुनियाद पर बनी है। जब तक देश में भाजपा है, तब तक संविधान और आरक्षण को कोई हाथ तक नहीं लगा सकता।

### सभी वर्ग के लोग इस सरकार से हैं परेशान : लक्ष्मीकांत



रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश प्रभारी लक्ष्मी कांत वाजपेयी ने राजनीतिक प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि राज्य की परिस्थितियां परिवर्तन की बाट जोह रही। एक तरफ तीसरी बार मोदी सरकार से देश विकसित भारत के संकल्प को पूरा कराने में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जुट गया है, वहीं दूसरी ओर झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है। झारखंड की जनता भाजपा के आह्वान के साथ खड़ी है। हमें जनता के बीच जाकर अपनी बात रखनी है।

### तीन महीना बाद पाई-पाई का हिसाब लेंगे : सरमा



रांची (आजाद सिपाही)। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में घुसपैठिये आतंक मचा रहे। राज्य में मुहर्रम के जुलूस में फिलिस्तीन के झंडे लहराये जा रहे। रामनवमी के जुलूस के लिए अनुमति नहीं दी जा रही। घुसपैठिये आदिवासी बहन-बेटियों के साथ शादी का ढोंग करके जमीन हड़प रहे। राज्य में अप्रत्याशित मतदाताओं की वृद्धि एक गंभीर समस्या हो गयी है। यह सब राज्य सरकार के संरक्षण में हो रहा। उन्होंने चेतावनी देते हुए ऐसे अराजक तत्वों को कहा कि तीन महीने जितना फिलिस्तीन का झंडा उठाना है उठा लो। जितना हिंदुओं को गाली देना है दे लो। आगामी तीन महीना बाद झारखंड की भाजपा सरकार पाई-पाई का हिसाब करेगी। सरमा ने कहा कि हेमंत सरकार ने सहायक पुलिसकर्मियों को नौकरी तो नहीं ही दी, उन्हें चुनाव में ड्यूटी पर लगा कर पोस्टल बैलेट वोट से वंचित किया। उनके संवैधानिक अधिकार की हत्या की। उन्होंने कहा कि झारखंड का आगामी चुनाव विधायक बनाने के लिए नहीं, बल्कि राज्य को बर्बादी से बचाने का चुनाव है। राज्य में परिवर्तन जरूरी है।

### झामुमो अब झारखंड मिटाओ मोर्चा बन गया है : शिवराज सिंह चौहान



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 62 साल बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि कोई लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बना हो। ये अद्भुत विजय है। देश में तो अभूतपूर्व विजय मिली ही है, लेकिन हम झारखंड में भी पीछे नहीं रहे। झारखंड में भाजपा ने 14 में से नौ सीटें जीती हैं। इनमें 81 में से 52 विधानसभा सीटों पर विजय पताका लहराया है। ये इस बात का संदेश है कि झारखंड की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को प्यार करती है। इस शानदार विजय के लिए मैं अपने कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि झामुमो का मतलब झारखंड मिटाओ मोर्चा हो गया है। झामुमो का मतलब है जमीन माफिया, मर्डर माफिया और माइनिंग माफिया। झारखंड में चारों तरफ लूट मची हुई है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। माफियाओं को सोरेन सरकार का संरक्षण प्राप्त है। हमने पहले देखा और सुना था कि गली-मोहल्लों में दूध और घी बाल्टियों पर रख कर बेचा जाता था। झारखंड में पहली बार देखा कि बालू भी बाल्टी में बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो के गठबंधन ने झारखंड को क्या दिया है? हेमंत सोरेन ने क्या दिया? कहां हमारा सपना स्वर्णिम झारखंड बनाने का था। झामुमो-कांग्रेस ने कहां झारखंड को तबाह और बर्बाद करने का काम किया। झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठिये खुलकर खेल रहे हैं। आदिवासी महिलाओं से शादी कर उनकी जमीनें हड़पने का काम कर रहे हैं और सोरेन सरकार अपने वोट बैंक की भूख में आंखें मूंदे बैठी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा सरकार लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्राण से प्यारे झारखंड को बचाना है। झारखंड की जनता के सम्मान को बचाना है। हमारी संस्कृति को बचाना है। हमारे जीवन मूल्यों को बचाना है। इसलिए अब झारखंड में कोई सरकार आयेगी तो केवल भाजपा की सरकार आयेगी।

## मुख्यमंत्री ने श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा की

# जवाबदेही और जिम्मेदारी के साथ मुस्तैद रहें अधिकारी: हेमंत

श्रद्धालुओं को हरसंभव सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शनिवार को देवघर में श्रावणी मेला की तैयारी की समीक्षा बैठक हुई। इस मौके पर हेमंत सोरेन ने कहा कि सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और विनम्रता मेला की मूल संवेदना रहनी चाहिए, ताकि देश दुनिया से जो भी श्रद्धालु बाबा नगरी आयें, वे एक अच्छा संदेश लेकर जायें। सबसे महत्वपूर्ण है कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को हरसंभव सुविधा मुहैया करायी जाये। उन्होंने कहा कि अधिकारी जवाबदेही और जिम्मेदारी के साथ मुस्तैद रहें और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। सेवा भावना से सभी कार्य में लगें। मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि पुलिस बल और प्रशासन के लोग सभी कांवरियों के साथ अपना व्यवहार विनम्र रखें।



बैठक से पहले हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री ने तैयरियों को लेकर एक-एक बात की जानकारी ली। उन्होंने पेयजल, आवासन, शौचालय, स्वास्थ्य सुविधा, ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग की सुविधा, स्नानागार, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, सुचना तंत्र, गरमी से निजात की व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे शहर में साफ-सफाई के साथ वैकल्पिक व्यवस्था के साथ रोशनी रहे। कहीं भी अंधेरा ना रहे। अस्पताल और हेल्थ सेंटर में डॉक्टर रहें तथा एंबुलेंस प्रत्येक लोकेशन पर रहे। एनडीआरएफ की टीम और प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहे। सभी थाना, ओपी और ट्रैफिक ओपी संवेदनशील रहें, ताकि विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था पार्किंग और यातायात में कोई समस्या न आये। मुख्यमंत्री ने मेला के दौरान देवघर से दुमका मार्ग में चल रहे फोरलेन कार्यों के साथ मोहनपुर प्रखंड अंतर्गत नवनिर्मित रेलवे क्रोसिंग की वजह से श्रद्धालुओं को किसी प्रकार कि असुविधा न हो, इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

# कोयला कारोबारी का पुत्र समेत अपहरण

धनबाद में दिनदहाड़े घटना को दिया अंजाम, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद से शनिवार को दिनदहाड़े एक कोयला कारोबारी का पुत्र समेत अपहरण हो गया। कारोबारी अपने चार साल के पुत्र के साथ गेहूं पिसाने के लिए निकले हुए थे। तभी अज्ञात गाड़ी में सवार चार-पांच लोगों ने पिता-पुत्र को जबरन गाड़ी में बिठा कर अपने साथ ले गये। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैली हुई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजीत शर्मा (35) अपने पुत्र ऋषभ के साथ गेहूं पिसाने के लिए निकले थे। वह मोटरसाइकिल से जा रहे थे। तभी एक स्कॉर्पियो गाड़ी उन्हें रास्ते में रोककर कुछ पूछताछ की। गाड़ी में चार-पांच लोग सवार थे। बातचीत के क्रम में गाड़ी में सवार दो-तीन लोग उतरे और शर्मा को जबरन धक्का दे कर बिठा लिया और वहां से फरार हो गये। गाड़ी काले रंग की थी, लेकिन उस पर नबंर प्लेट नहीं था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शर्मा ने शोर नहीं मचाया, इसलिए लोगों ने यह नहीं समझा कि उनका अपहरण हो रहा है।



शर्मा की पत्नी रानी देवी ने बताया कि शाम में लगभग 4:00 बजे रंजीत शर्मा ने अपने घर पर फोन कर बताया कि उसे सीबीआइ ने उठा लिया है। उनका बेटा भी सुरक्षित है। जबकि घर वालों का मानना है कि सीबीआइ कभी छोटे बच्चों को अपने साथ नहीं ले जाती। साथ ही बिना नंबर प्लेट के गाड़ी में घूमती है। परिजनों ने गोविंदपुर थाने में लिखित शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर, गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद ने कहा कि इस मामले में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। रंजीत शर्मा के बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच जारी है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 21 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in
04


## रेलवे स्टेशन पर बीयर के साथ युवक गिरफ्तार



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी कोडरमा साथ में महिला आरक्षी नीतू कुमारी तथा महिला आरक्षी प्रीति कुमारी सभी रेसुब पोस्ट कोडरमा के बल-सदस्यों द्वारा कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं 4 पर गस्ती के दौरान हावड़ा ईंड साईड स्थित यात्री शेड के पास एक व्यक्ति अमीत कुमार, उम्र करीब (22 वर्ष, पिता सुरेन्द्र प्रसाद, सा गांधीनगर, नवादा) को कुल 18 अदद किंगफिशर स्ट्रांग प्रियम बियर के साथ पकड़ा गया। बीयर के बोतल के बाबत न तो कोई कागजात दिखाया और ना ही संतोषप्रद जबाब दिया। जिसके बाद मौके पर ही उपलब्ध गवाहों के समक्ष उपर्युक्त बीयर की बोतलों को जब्ती सूची बनाते हुए जब्त किया गया और गिरफ्तार किया गया। अग्रिम कार्यवाही वास्ते रेसुब पोस्ट कोडरमा पर लाया गया। जब्त सभी बीयर का कुल कीमत 2520 रुपये आंका गया। जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु उत्पाद विभाग कोडरमा को सुपुर्द कर दिया गया।

## पुलिस ने ढिबरा लदी जीप जब्त किया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा वन विभाग के टीम ने शनिवार की सुबह डोमचांच थाना क्षेत्र के निरू पहाडी ढिबरा लदे जीप वाहन को जब्त किया। रेंजर को मिली गुप्त सूचना मिली थी कि जंगल से ढिबरा लोड जीप वाहन तिलैया की तरफ जा रहा है, जिसके बाद वन विभाग की गाड़ी को देखते हुए गाडी स्पीड में भागने लगा। निरु पहाड़ी के समीप चालक गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा। इसके बाद वन विभाग के टीम ने गाड़ी ढिबरा लदे जीप वाहन जब्त करके वन परिसर लाया। गाड़ी में ढिबरा लगभग 3 टन लोड बताया जा रहा है जिसकी कीमत लगभग 1 लाख बताई जा रही है। वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है, मौके पर वनरक्षी हीरामन उराव, जावेद आदि मौजूद थे।

## चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान गिरने से कटा हाथ

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा रेल थाना के निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार को एससीएनएल द्वारा सूचना प्राप्त हुई की एक यात्री गाड़ी संख्या 13306 डाउन के परसाबाद स्टेशन में आगमन के उपरांत खुलने के बाद चलती ट्रेन में चढ़ने के कारण गिर कर उसी ट्रेन की चपेट में आ गया है जिस कारण उसका दाहिना हाथ कट गया है। ड्यूटी में तैनात कैंपिंग स्टाफ आरक्षी रोहित कुमार द्वारा पीड़ित यात्री को गाड़ी संख्या 12313 (राजधानी एक्सप्रेस) का परसाबाद स्टेशन में ठहराव कर उस व्यक्ति को बेहतर इलाज हेतु कोडरमा भेजा गया। इस सूचना पर निरीक्षक प्रभारी कोडरमा द्वारा एंबुलेंस सेवा को खबर करते हुए सभी आवश्यक सहयोग हेतु आरक्षी आनंद कुमार को तैनात किया गया। गाड़ी के कोडरमा आगमन पर पहले से मौजूद एंबुलेंस द्वारा घायल वायक्ति को सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं खबर पाकर घायल के परिजन भी मौके पर पहुंच गये। घटना में घायल व्यक्ति की पहचान शंकर सिंह उम्र 35 वर्ष पिता स्वर्गीय बाबूलाल सिंह ग्राम चौबे थाना चलकुसा जिला हजारीबाग के रूप में किया गया। गंभीर देखते हुए घायल को बेहतर इलाज रिम्स रेफर कर दिया गया।

## स्वतंत्रता सेनानी की मनी 32वीं पुण्यतिथि



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नंदुडीह में शनिवार को स्वतंत्रता सेनानी स्व ब्रजनंदन प्रसाद की 32वीं पुण्यतिथि पर उनका नमन किया गया। घरवालों ने उनके चित्र पर माला व पुष्प अर्पण कर उनके दिखाए हुए मार्गदर्शन पर चलने के साथ सभी ने देश की सेवा में अपना अपना बहुमूल्य समय देने की बात कही। स्वतंत्रता सेनानी के पौत्र विकास सिन्हा ने कहा कि हमारे दादा जी ने देश की आजादी में अहम भूमिका निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। साथ ही उनके आत्मा की शांति के लिए सभी ने 2 मिनट का मौन धारण किया। मौके पर स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र शिवपूजन सहाय, अविनाश सहाय सहित अन्य परिवार मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल, रिम्स रेफर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को कोडरमा थाना अंतर्गत लोहासीकार के समीप गाय चराने के दौरान बाइक से टक्कर मार देने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान ईश्वर यादव (65 वर्ष पिता धाम राम यादव, ग्राम लोहा सीकर) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वे गांव मे गाय चारा रहे थे, तभी एक बाइक के टक्कर मार देने से गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज करके गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## कोडरमा में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात की



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला के कांग्रेस जनों का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, खेल-कूद और नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन से उनके रांची कार्यालय पर मुलाकात कर कोडरमा जिला के विभिन्न समस्याओं के निदान हेतु मांग पत्र सुपुर्द किया गया। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू, कोडरमा अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष फैयाज कैसर, उपाध्यक्ष हाजी सिराज, सोशल मीडिया प्रभारी चांद आलम, जिप सदस्य लक्ष्मण यादव ने जिला के लाराबाद में स्टेडियम निर्माण, झुमरीतिलैया नगर परिषद क्षेत्र, बाजार समिति के निकट शहीद शशिंद्र कुमार शर्मा, शहीद स्थल के सौंदर्यकारण, ग्राम छतरबर में लाइब्रेरी निर्माण सहित नगर पंचायत डोमचांच में प्रभारी प्रशासक के जगह आमजन की सुविधा हेतु पूर्ण कालिक प्रशासक नियुक्त किया जाने की मांग की है। मंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला के उपायुक्त को जनहित में आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। कोडरमा जिला के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री जी से जिला में 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित करने हेतु कोडरमा आगमन का निवेदन भी किया। कोडरमा जिला 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति प्रभारी मंत्री हाफिजुल साहब ने जिला में जल्द ही संबंधित पदाधिकारी से विमर्श कर, समय निर्धारित कर जिला 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित करने हेतु आश्वस्त किया।

# महूदी का रामनवमी जुलूस मार्ग चुनावी मुद्दा बना कर रखना भाजपा का षड्यंत्र: अंबा

**मर्यादा की सीमा लांघ नीचता पर उतर गये है विपक्षी दल**

**आजसू और भाजपा ने मिलकर मेरी छवि को किया धूमिल: अंबा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने हजारीबाग स्थित हुरहुरू में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि महूदी गांव का रामनवमी जुलूस मार्ग को विवादित रखना भाजपा का षड्यंत्र है, ताकि जब-जब चुनाव हो इस मुद्दा को लेकर अपना नौटंकी और राजनीतिकरण किया जाये। उक्त बातें कांग्रेस की बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा। उन्होंने कहा कि यह विवाद 40 वर्ष से अधिक का है। इसी विवाद के कारण पूर्व विधायक लोकनाथ महतो भाजपा से विधायक बने। हजारीबाग के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे महूदी विवाद से ही हजारीबाग लोकसभा से भाजपा का सांसद बनना सूत्रधार हुआ। इस 40 वर्ष में केंद्र में भाजपा की सरकार बनी। हजारीबाग के भाजपा के पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा, पूर्व सांसद जयंत सिन्हा केंद्र में मंत्री रहे। झारखंड राज्य में भाजपा के तीन मुख्यमंत्री बने इसके बावजूद इस विवाद को इसलिए नहीं सलटाया गया ताकि हर चुनाव में इसे भावनात्मक चुनावी मुद्दा बनाकर चुनाव मैदान में उतर कर नौटंकी किया जा सके। बड़कागांव और हजारीबाग को जलाया जा सके और उल्टे कांग्रेस पर राजनीति का तुष्टिकरण करने का आरोप लगाते हैं। तुष्टीकरण के राजनीति बीजेपी करती है ना की कांग्रेस। जब से बड़कागांव विधानसभा में कांग्रेस का विधायक बन रहा है, बड़कागांव की जनता अमन और चैन से रहती है इस अमन और चैन को भाजपा और आजसू को रास नहीं आती है और बीच-बीच में उलगुलान कर बड़कागांव विधानसभा को जलाने का प्रयास करती है। अंबा प्रसाद ने कहा कि जब चाहे धर्म के नाम पर व्यवसाईयों को तंग करना, दुकान बाजार बंद करना सड़क जामकर यातायात को बाधित करना लोगों का परेशान करना अमन चैन सौहार्द वातावरण को बिगड़ना भाजपा भाजपा वाले को नीति और नियत बन गयी है। लेकिन बड़कागांव की जनता यह जान चुकी है कि कौन बड़कागांव में निचले स्तर की राजनीति कर रहा है।

## अंबा प्रसाद के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने पर प्राथमिकी दर्ज

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के खिलाफ आजसू पार्टी द्वारा फैलायी जा रही अफवाह और उनके खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट किये जाने और अश्लील पुतला जलाने पर पर बड़कागांव थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। थाना प्रभारी ने आश्वस्त किया है कि सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान इंटक के प्रदेश सचिव अंकित राज, 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, रघुबीर राम, सतीश दास, बिहारी महतो, रघुवीर राम, कामेश्वर सिंह, गोविंद महतो, दीपक सिंह, सुकुल महतो, विक्की महतो, प्रभु राम, अजीत महतो, गुरदयाल महतो, गौतम महतो, दिनेश साव, सुरेश चौधरी, रामप्रसाद महतो, विनय साव, महादेव हांसदा, रमेश सिंह भोक्ता, धर्मनाथ महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

# डीसी ने की कृषि पशुपालन और सहकारिता विभाग की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में कृषि पशुपालन और सहकारिता विभाग में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा पशुपालन विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा किया गया। राज्य सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत दुधारू गाय योजना, बत्तख, मुर्गी, मछली, सुकर, बकरी पालन समेत अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर जानकारी ली। उपायुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले में जितने भी अमृत सरोवर है, उन सभी अमृत सरोवर में बत्तख पालन योजना को बढ़ावा दें। उपायुक्त ने गव्य विकास विभाग की समीक्षा करते हुए लाभुकों को दुधारू गाय योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया। गाय के लिए घास की उपलब्धता हेतु घास लगाने के लिए जमीन चिह्नित करने का निर्देश अंचल अधिकारी को दिया गया। उपायुक्त ने सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए फसल राहत योजना को लेकर प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करते हुए निस्तारण करने का निर्देश सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। जिला पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए पंचायत सचिवालय का सुदृढ़ीकरण, बायोमेट्रिक उपस्थिति, ज्ञान केंद्र के संचालन समेत अन्य कार्यों की जानकारी ली। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला पशुपालन पदाधिकारी राम सरीक प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी रोमा झा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सना उम्मानी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद रहे।

## काली पहाड़ी में ग्रामीणों ने पूजा अर्चना की

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो के समीप स्थित काली पहाड़ी में शनिवार को ग्रामीणों ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा अर्चना की। मान्यता है कि धन रोपनी कार्य के पूर्व यहां लोग अपने इष्ट देव की पूजा अर्चना करते हैं। यह परंपरा वर्षो से चली आ रही है। उसी परंपरा को लोग बखूबी निभा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि धन रोपनी कार्य के पूर्व पहाड़ी पूजा धूमधाम से करने पर उस साल उपज अच्छी होती है। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ काली पहाड़ी जाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद ब्राह्मणों को भोजन कराया गया। दान दक्षिणा दिया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर नारायण सिंह, काबुली सिंह, बहादुर सिंह, बालेश्वर साव, रंजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, मदन सिंह, चंद्रदेव सिंह, खुशरु सिंह, इंद्रदेव सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, पिंटू सिंह, नवीन सिंह समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।**

# एनटीपीसी केरेडारी सामाजिक दायित्व में आगे

आजाद सिपाही संवाददाता




**केरेडारी।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना हमेशा से साझेदारी, संरक्षकता और परियोजना प्रभावित लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को लागू करके समुदाय को बदलने के लिए समर्पित रही है। सामुदायिक विकास के लिए खनन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कौशल विकास सशक्तिकरण के माध्यम से रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना साथ ही गावों में बुनियादी सुविधाओं का विकास शामिल है। पिछले पांच वर्षों में एनटीपीसी केरेडारी के स्थानीय समुदाय के साथ सहभागिता ने आसपास के खनन क्षेत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का आयोजन किया है। इन पहलों में मासिक मोबाइल मेडिकल कैंप, सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर हैंडपंप और बोरवेल की स्थापना, गर्मी के मौसम में साफ पेयजल प्रदान करना, जरूरतमंदों को चिकित्सा सहायता प्रदान करना, विकलांग व्यक्तियों को तिपहिया साइकिल वितरण और मुफ्त मौखिक और नेत्र परीक्षण शिविरों का आयोजन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त एनटीपीसी केरेडारी ने परियोजना-प्रभावित व्यक्तियों के लिए मुफ्त मोतियाबिंद सर्जरी भी प्रदान की है। सामाजिक विकास के प्रति एनटीपीसी की अटूट प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए हर साल की तरह, परियोजना-प्रभावित गांवों के लोगों में मोतियाबिंद और अन्य बीमारी वाले व्यक्तियों की पहचान करने के लिए मुफ्त नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में लगभग 120 मरीजों ने भाग लिया, जिनमें से विभिन्न नेत्र रोगों के 22 मरीजों की पहचान की गयी। परीक्षण के बाद पहचाने गये मरीजों की सफल सर्जरी की गयी है। एनटीपीसी केरेडारी की सामुदायिक समर्पण केवल तत्काल राहत प्रदान करने के बारे में नहीं है बल्कि दीर्घकालिक विकास और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के बारे में भी है।

## सैनिक स्कूल तिलैया में वार्षिक एथलीट प्रतिस्पर्धा संपन्न

# विजयी प्रतिभागियों को उपायुक्त ने किया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धा सैनिक स्कूल तिलैया में चल रही तीन दिवसीय 'वार्षिक एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धा 2024-25 शनिवार को सम्पन्न हुआ। तीन दिनों की इस स्पर्धा का समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज थीं। बालक-बालिकाओं की विभिन्न श्रेणियों में खेली गयी एथलेटिक्स की विविध स्पर्धाओं की यह घरेलू प्रतिस्पर्धा सैन्य छात्र-छात्राओं के अनेक रोमांचकारी प्रदर्शन से भरा दिखा। इस आयोजन में सभी बारह गृह-टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम भावना का परिचय दिया। समापन समारोह पर मुख्य अतिथि उपायुक्त ने परेड की सलामी ली एवम् पुरस्कार वितरण करते हुए 'सैनिक स्कूल वार्षिक एथलीट प्रतिस्पर्धा 2024-25' के समापन की उद्घोषणा की। इस तीन-दिवसीय प्रतिस्पर्धा के परिणाम भी बहुत चौकाने वाले रहे। कुछ स्पर्धाओं में तो अंक-पट्ट संपूर्णतः एकतरफा झुका रहा। एथलेटिक्स बालकों के वरिष्ठ-कनिष्ठ वर्ग की ऊंची कूद, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 4-100 मीटर, 4400 मीटर रेस में जहां मिथिला गृह ने लगभग सभी मेडल ही अपने नाम कर लिए। बालिकाओं के वरिष्ठ-कनिष्ठ वर्ग से शॉट-पुट, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 4-100 मीटर रेस में मात्र दो बालिकाओं कैडेट समीक्षा कुमारी मिन्ज और कैडेट मंजू कुमारी हंसदा ने ही मिलकर सारे मेडलों पर कब्जा कर लिया व इस वर्ष की सर्वोत्कृष्ट एथलीट बनीं। बालको के कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग में सर्वोत्कृष्ट एथलीट का पुरस्कार, मिथिला गृह के ही दो सैन्य-अमन छात्रों कैडेट सुमीत कच्छप, कैडेट समीर, सुमन भोगता को प्राप्त हुआ जबकि अन्य प्रतिस्पर्धी-विजयी गृहों में गौतम, मौर्य, कुंवर सिंह, विक्रम, पाटलिपुत्र, आर्यभट्ट, राजगीर, मगध, वैशाली ने कई स्पर्धाओं में जीत दर्ज कर किया। ज्ञात हो कि ये सभी विजयी सैन्य छात्र-छात्राएं आगामी दिनों में सैनिक स्कूल पुरुलिया में आयोजित 'इंटरजोनल क्रीडा प्रतिस्पर्धा 2024-25' में अन्य क्षेत्रीय टीमों से दो-दो हाथ करती दिखेंगे। इस अवसर पर भारतीय थल सेना के वरिष्ठ अधिकारी सह प्राचार्य कर्नल एस मोहनराव आर ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि प्रतिभाग करने मात्र से ही विजय की सभी संभावनाएं जीवंत हो जाती हैं। देश के सभी नवयुवक ही संभव असंभव स्थिति में करके सीखते हुए हार-जीत की जीवंतता को जाने यही हमारी शिक्षा का अभीष्ट है। इस अवसर पर भारतीय सेना शिक्षा कोर के विज अधिकारी और विद्यालय के उपप्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल लालनुन सियामा और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का समग्र संचालन व नियोजन, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ अध्यापक मनोरंजन पाठक ने किया। इस स्पर्धा का संयोजन गणित विषय के अध्यापक मो सरफराज अख्तर ने किया।

## छबेलवा में गौतम ने की बैठक, जल्द जेबीकेएसएस में होंगे शामिल



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रसिद्ध छबेलवा वन में आदर्श युवा संगठन की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता ने की जबकि संचालन संगठन के जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा किया गया। साथ ही जेबीकेएसएस में शामिल होने पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में शामिल लोगों ने एक स्वर में कहा कि समय के अनुकूल चलना जरूरी है, तभी हम सफलता पा सकते हैं। गौतम कुमार ने कहा कि पिछले 15 सालों में राजनीति के क्षेत्र में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं बल्कि आंदोलन के माध्यम से पुरे राज्य में जुझारू आंदोलनकारी के नाम से जाना जाता हूं। क्षेत्र की जनता ने आंदोलन में जो सहयोग किया है वह भुला नहीं जा सकता है। आंदोलन के माध्यम से नगमा स्थित टोल प्लाजा में स्थानीय लोगों को नि:शुल्क आवागमन,सहिया साथीयों को हक अधिकार दिलाना, आंगनबाड़ी के सेविका सहायिकाओं को सम्मानजनक मानदेय दिलाना, पारा शिक्षकों को मानदेय में वृद्धि कराना, होमगार्ड जवानों को अभिलंब नियुक्त करना जैसे कई आंदोलन में सफलता हासिल किये है। कार्यकर्ताओं की राय उनके विचार मेरे लिए सर्वमान्य होगा। यह भी कहा कि जेबीकेएसएस की पूरे राज्य में लहर है। जनता का सेवक हूं, जनता जीस ओर ढलने कहेगी मैं हमेशा तैयार हूं। बहुत जल्द सैकड़ों कार्यकर्ता संग जेबीकेएसएस में शामिल होकर जयराम महतो की हाथों को मजबूत करेंगे।

## सदर प्रखंड में शत प्रतिशत अनुदान पर बीज दिया



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत शत प्रतिशत अनुदान पर सदर प्रखंड मे शनिवार को मूंगफली, मक्का, धान और अरहर बीज का वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर नितू सिंह, प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष राजीव मेहता के द्वारा किया गया। श्री सिंह ने कहा की सरकार के द्वारा गुणवत्ता पूर्ण बीज उपलब्ध कराया गया है किसान अच्छे से इसकी खेती करें और अपनी आमदनी बढायें। 20 सुत्री अध्यक्ष राजीव मेहता ने किसानों से कहा सरकार किसानों के सहायता के लिए प्रतिबद्ध है इसी के तहत किसानों को बीज उपलब्ध कराया गया है। बी टी एम बिलाश कुमार ने कहा की मानसून की कमी को देखते हुए किसान कम पानी वाले फसल जैसे मक्का, मडुआ, अरहर, उरद आदि फसल का चयन करें। मौके पर उपस्थित बीपीआरओ सुदामा कुमार, बीएओ टेकलाल प्रसाद, बीटीएम बिलाश कुमार, एटीएम अर्चना लकडा, कृषक मित्र कमला कान्त, डेगन राणा, प्रदीप सिंह और दर्जनों किसान उपस्थित हुए ।

## गुरु पूर्णिमा पर भंडारे का आयोजन आज



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साईं परिवार, हजारीबाग 8188/19 के द्वारा साईं मंदिर, नवाबगंज के प्रांगण में रविवार को संध्या 7 बजे से भजन संध्या और भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साईं मंदिर परिसर में प्रातः काल से ही पूजा- अर्चना शुरू हो जायेगा और श्रद्धालुओं का आवाजाही भी प्रारंभ हो जायेगी। सायं काल में साईं परिवार द्वारा शानदार भजन संध्या के साथ विशाल भंडारे की व्यवस्था की जायेगी। रविवार की सुबह 8 बजे साईं बाबा का अभिषेक किया जायेगा, उसके साथ प्रसाद का वितरण किया जायेगा, जहां श्रद्धालु एक ही परिसर में ईश्वर की आराधना, कला-संगीत की साधना के साथ मनोरंजन और भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। साईं परिवार, हजारीबाग धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में हमेशा ऐसा आयोजन करता रहा है। मानवीय मूल्यों के प्रति भी परिवार समाजहित में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। इस कार्यक्रम में हजारीबाग साईं परिवार के सदस्यों के द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देशन में बाल कल्याण संघ द्वारा जिला प्रशासन कोडरमा के सहयोग से प्रखंड सभागार सतगावां में कठिन स्थितियों में जीवन यापन कर रहे बच्चों और उनके परिवारों के लिए मैपिंग कार्यक्रम हेतु आंगनबाड़ी सेविकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में कोडरमा जिला के सतगावां प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका सहायिका पंचायती राज विभाग से जुड़े लोग ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कठिन परीस्थितियों में जीवन बसर कर रहे बच्चों और उनके परिवारों को सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने हेतु मैपिंग करना था। कार्यक्रम में सतगावां प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है, जिससे कठिन परिस्थिति में जीवन यापन कर रहे वंचित परिवारों को इन योजनाओं का लाभ दिलवाने हेतु उन्हें चिन्हित किया जा रहा है चिन्हित हो जाने के बाद उन्हें सरकार के योजना का लाभ मिल सकेगा और वे समाज में अपना योगदान दे सकेंगे। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संतोष ठाकुर ने कहा कि बाल श्रम का दायरा क्या है, बाल श्रम को चिन्हित कैसे करें, इस विषय को पूरे गंभीरता से समझाया। साथ ही बाल विवाह जैसे कुरीतियों को भी समाप्त करने में कैसे काम करना है। ट्रेनर ओमप्रकाश तिवारी ने कहा कि हम वैसे 29 कैटेगरी में बच्चों का मैपिंग कर रहे हैं जिससे कि निम्न से निम्न स्तर के परिवारों को भी सरकार के सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ने में मदद मिलेगी। सरकार के द्वारा कई सारी योजनाएं चलाई जा रही है मगर जानकारी के अभाव में कई सारे परिवार योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। कारण यह है की या तो वे बच्चे के परिवार या तो जागरूक नहीं है या किसी परिस्थिति के कारण वह प्रखंड कार्यालय नही पहुंच पाता या उसे पता नहीं हो पाता। कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष और बाल कल्याण संघ के रंजन कुमार भी उपस्थित रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रजरप्पा आवासीय कालोनी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट में शनिवार को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरूजनों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा, प्राचार्य उमेश प्रसाद और सदस्य विवेक द्विवेदी द्वारा महर्षि वेदव्यास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों द्वारा महर्षि वेदव्यास के जीवन वृत्त, गुरू महिमा, भजन, कविता आदि प्रस्तुत किये गये। आचार्य वेद प्रकाश पांडेय ने महर्षि वेदव्यास के जीवन चरित पर प्रकाश डालते हुए गुरू महत्ता की चर्चा की। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और कर्मचारियों को उपहार स्वरूप अंग-वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि गुरू-शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की अनूठी पहचान है। जबकि विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने राष्ट्र निर्माण में गुरू की महत्ता और योगदान का उल्लेख किया और गुरू-शिष्य परंपरा में भगवान श्रीराम, गुरू वशिष्ठ और विश्वामित्र, श्रीकृष्ण-संदीपनी, शिवाजी-गुरू समर्थरामदास, चंद्रगुप्त-चाणक्य चंद्रगुप्त-चाणक्य का उदाहरण देते हुए उनसे आज सभी गुरूजनों, शिक्षकों और छात्रों को सीख लेने की सलाह दी। मंच संचालन आचार्या गायत्री पाठक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मिथिलेश कुमार खन्ना, वेद प्रकाश पांडेय, बचूलाल तिवारी, राकेश सहाय, अनिल कुमार, अक्षय सिंह, दिलीप सिंह, सत्येन्द्र मिश्रा, दुर्गा प्रसाद, गौतम कुमार, अमरदीप नाथ शाहदेव, शशि कान्त, इंद्रजीत सिंह, अनूप झा, शम्मी राज, भुनेश्वर पांडेय, ललिता गिरी, ज्योति राजहंस, सिम्पल, अमृता चौधरी, मालविका सहित सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

## विद्यालय में क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमी फाइनल



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बिरसा चौक स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में चल रहे अंतर सदनीय क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का शनिवार को सेमीफाइनल मैच खेला गया। सेमी फाइनल का पहला मैच बुद्धा सदन बनाम अशोका सदन के बीच हुआ। इसमें अशोका सदन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6.4 ओवर में 44 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी बुद्धा सदन की टीम ने चार विकेट के नुकसान पर 45 रन बनाकर मैच को 6 विकेट से जीतकर फाइनल में अपनी जगह बना ली। बुद्धा सदन के राजकुमार ने 6 विकेट लिए और 20 रन बनाये। बेहतर प्रदर्शन के लिए राजकुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। बुद्धा सदन की प्रमुख शिक्षिका सीमा मुंडा ने जीत पर खुशी का इजहार करते फाइनल मैच में जीत दर्ज करने का आर्शीवचन दिया। सेमी फाइनल का दूसरा मैच टैगोर सदन बनाम आर्यभट्ट सदन के बीच खेला गया। आर्यभट्ट सदन की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टैगोर सदन की टीम ने 8 ओवर में 68 रनों का लक्ष्य दिया। वहीं आर्यभट्ट सदन की टीम ने 7.2 ओवर में ही 70 रन बनाकर 4 विकेट से मैच जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। बेहतर प्रदर्शन के लिए फरहान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। फरहान शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिये और बैटिंग में 15 रन बनाये। वहीं शानदार कैच के लिए आशु अर्पण को बेस्ट कैचर चुना गया। आर्यभट्ट सदन के प्रमुख शिक्षक अजीत शर्मा ने जीत पर खुशी जताते हुए फाइनल मैच के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर प्राचार्य विजयंत कुमार ने फाइनल में पहुंचे सदनों का उत्साह बढ़ाते हुए हारने वाले सदनों का भी हौसला बढ़ाया। उन्होंने अगली बार और परिश्रम कर जीत हासिल करने की बात कही। खेल शिक्षक कंचन सोनी ने फाइनल में पहुंचने वाली टीम और हारने वाले सदनों के खिलाड़ियों को त्रुटियों से अवगत कराया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच बुद्धा सदन बनाम आर्यभट्ट सदन के बीच खेला जायेगा। टूर्नामेंट को सफल बनाने में खेल शिक्षक कंचन सोनी, अनुराग मद्धेशिया, गौरव कुमार साहू, सुनील कुमार साहू, अजीत शर्मा जुटे हैं।

## डीएवी में डीएवी कलस्टर स्पॉट्स का आयोजन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** डीएवी आरा में दो दिवसीय डीएवी स्पॉट्स क्लस्टर लेवल प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल कुजू जीएम आरके सिन्हा ने दीप प्रज्वलित, झंडोतोलन व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इससे पूर्व, विद्यालय प्राचार्य आलोक कुमार ने जीएम समेत अन्य आगत अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र और बुके भेंट कर किया। मंच का संचालन रश्मि झा ने की। अपने संबोधन में जीएम आरके सिन्हा ने कहा कि खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना से हर खेल को खेलना चाहिए। खेल में हार-जीत की परवाह नहीं करनी चाहिए। साथ ही, दोस्ताना संबंध बनाये रखना चाहिए। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। आज के खेलों का परिणाम में अंडर 14 वॉलीबॉल (लड़का वर्ग) में विजेता डीएवी बरकाकाना, उपविजेता डीएवी आरा, जबकि अंडर 17 वॉलीबॉल (लड़की वर्ग) विजेता डीएवी आरा, उपविजेता डीएवी बरकाकाना और अंडर 14खोखो (लड़की वर्ग) विजेता डीएवी रजरप्पा, उपविजेता डीएवी आरा, जबकि अंडर 14 खो खो (लड़का वर्ग ) विजेता डीएवी रजरप्पा, उपविजेता डीएवी चैनपुर, अंडर 19 खो -खो (लड़की वर्ग) विजेता डीएवी रजरप्पा, उपविजेता डीएवी केदला रहा। मौके पर प्राचार्य टीके मिश्रा, प्राचार्य निशिकांत कर, शिक्षक शकुंतला गिरि समेत निर्णायक मंडली और शिक्षक विद्यार्थी शामिल रहे।

## वन विभाग की कार्रवाई को लेकर नेता और जन प्रतिनिधियों ने दुकानदारों संग की बैठक

**कुजू (आजाद सिपाही)।** वन विभाग द्वारा नयामोड़ फोरलेन कोरिया घाटी में सड़क किनारे दुकानो को ध्वस्त किये जाने के मामले में नेता व जनप्रतिनिधियों ने दुकानदारों संग कोरियाघाटी में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता कुजू पश्चिमी मुखिया जय कुमार ओझा ने की। बैठक के दौरान वन विभाग के कार्रवाई के खिलाफ जमकर विरोध किया गया। कहा गया कि दो वक्त की रोटी को लेकर झुग्गी झोपड़ी लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले दुकानदारों के लिए संकट बढ़ गया है। विभाग ने बुलडोजर चला कर दुकानदार परिवारों के लिए जीवन यापन के लिए एक नई संकट खड़ी कर रोजगार छीन लिया गया है। बैठक में मौजूद लोगो ने सहानुभूति जताते हुए कहा कि आपलोगों को बेरोजगार नहीं होने दिया जायेगा। इसके जल्द ही विभाग के आला अधिकारियों से बात कर कोरियाघाटी में दोबारा आपलोगों का दुकान लगाया जायेगा। बैठक में कांग्रेस नेता धर्मराज राम, कुजू दक्षिणी पंचायत के मुखिया राकेश कुमार, कुजू पूर्वी पंचायत के पूर्व मुखिया अशोक कुमार, बैजनाथ पांडेय, पप्पू ठाकुर, दुकानदार शंकर केसरी, बंशी रजक, छोटु प्रजापति, गणेश कुमार, राजा केसरी, मो एनामुल, ईश्वर प्रसाद, अरुण हेम्ब्रम, पंकज साव, जगदीश प्रजापति, बुधलाल कुमार, महेश प्रजापति, सुनील केसरी, राजेंद्र केसरी, उदित केसरी शामिल रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं को लेकर चुटूपालू घाटी और टोल प्लाजा का किया गया निरीक्षण

**डीटीओ ने वाहन चालकों को दी कई महत्वपूर्ण जानकारियां, पंपलेट और बुकलेट का किया वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रांची-रामगढ़ मुख्यमार्ग अंतर्गत चुटूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने चुटूपालू घाटी और पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण किया। चुटूपालू घाटी के निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित गंडके मोड और ब्रेक फेल होने की स्थिति में सुरक्षा दृष्टिकोण से बालू के बैग्स रखने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी ने टोल और एनएचएआइ के पदाधिकारियों को पर्याप्त संख्या में घाटी में सड़क सुरक्षा और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों से संबंधित साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।

मौके पर मुख्यालय डीएसपी चंदन कुमार वत्स, यातायात पुलिस कर्मी, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक विक्की आनंद, सड़क अभियांत्रिकी विश्लेषक ऋषिकांत, टोल प्लाजा के कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

### पदाधिकारी ने चलाया जागरूकता अभियान

निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी के ने पुनदाग टोल प्लाजा पर जागरूकता अभियान के अंतर्गत भारी वाहन चालकों को घाटी में प्रवेश करने के पूर्व और घाटी में वाहन संचालन करने के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी। उन्होंने सभी चालकों को वाहन चलाने के दौरान अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने सहित अन्य नियमों का पालन करने, वाहन के फिटनेस पर विशेष ध्यान देने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जागरूक किया। मौके पर वाहन चालकों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित पंपलेट और बुकलेट का वितरण भी किया गया।

# रामगढ़ महाविद्यालय को यूनिवर्सिटी बनाने की मांग को लेकर चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

**रामगढ़ महाविद्यालय को यूनिवर्सिटी बनने से रिसर्च एक्टिविटी को गति मिलेगी: ओम प्रकाश महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** केबी स्पोर्टिंग क्लब मुर्राम कला के तत्वावधान में शनिवार को रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ को यूनिवर्सिटी बनाने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यूनिवर्सिटी की मांग को देखते हुए छात्रों ने बढ़-चढ़कर हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया। पहले ही दिन सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अपने हस्ताक्षर से केबी स्पोर्टिंग क्लब मुर्राम कला की इस मुहिम का समर्थन किया। मौके पर केबी स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष ओम प्रकाश महतो ने बताया कि रामगढ़ महाविद्यालय को यूनिवर्सिटी बनाने के लिए यह हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है, जिसका लक्ष्य पूरे रामगढ़ जिला में 10 हजार हस्ताक्षर करवाने का रखा गया है। इसकी शुरुआत रामगढ़ महाविद्यालय से की गयी है। जिसमें सैकडों छात्रों ने बढ़ चढ़कर हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया और अपना समर्थन दिया।

**जिले के चौक-चौराहा में चलाया जायेगा हस्ताक्षर अभियान:** ओमप्रकाश महतो ने कहा कि यह अभियान आने वाले दिनों में रामगढ़ जिले के चौक-चौराहे पर हस्ताक्षर अभियान शुरू किये जायेंगे व पूरे रामगढ़ की समाजसेवी संस्थाओं और हर एक आम नागरिक को इस यूनिवर्सिटी की मांग से जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि रामगढ़ महाविद्यालय का स्थापना 1963 में हुआ है, यहां लगभग 5000 स्टूडेंट पढ़ते हैं, यह कॉलेज यूनिवर्सिटी बनने की सभी आहर्ता बहुत पहले से ही पूरा करता रहा है, लेकिन यहां के जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के कारण आज तक यह यूनिवर्सिटी नहीं बन पाया, जिसके कारण जिले के गरीब, गुरबे और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे जो उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने में असमर्थ हैं वो बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं। उन्होंने राज्य सरकार से अविलंब रामगढ़ महाविद्यालय को यूनिवर्सिटी बनाने की मांग किया है। वही, समाजसेवी पवन कुमार महतो और प्रमोद कुमार ने कहा कि रामगढ़ महाविद्यालय को यूनिवर्सिटी बनने से रिसर्च एक्टिविटी को गति मिलेगी। वहीं नए-नए कोर्स की पढ़ाई शुरू होगी। जिससे छात्र लाभान्वित होंगे। हस्ताक्षर अभियान में ओम प्रकाश महतो, पवन कुमार महतो, प्रमोद कुमार, रोहित कुमार महतो, नंदू पटेल, प्रदीप महतो, लक्ष्मण आदि शामिल थे।

# भदानीनगर में सरकार का किया गया पुतला दहन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भदानीनगर।** सीएम आवास घेरने जा रहे सहायक पुलिस पर बर्बरता से लाठी चार्ज किए जाने के विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान जेबीकेएसएस के लोगो ने भुरकुंडा, मतकामा चौक से जुलूस निकाला जो विरसा चौक पहुंचा जहां पर राज्य के मुखिया हेमन्त सोरेन का पुतला जलाया। इस दौरान जेबीकेएसएस के कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। मौके पर संजीव कुमार साहू ने कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर अपनी जायज मांगों को मनवाने के लिए सहायक पुलिस कर्मी पर बर्बरता रूप से इनपर लाठी चार्ज किया गया है यह उचित नहीं है। मौके पर राजेन्द्र बेदिया, संजीव कुमार साहू, गिरी शंकर महतो, भवानी गोप, शंकर यादव, पिंकू कुमार, झल्लू महतो, प्रयाग कुमार, मनोरंजन महतो, शुभान अंसारी, राकेश कुमार महतो, विजय बेदिया शामिल थे।

# जिला स्तरीय स्कूल रूआर 2024 कार्यशाला का आयोजन

# कोई भी बच्चा शिक्षा से न रहे वंचित: मंत्री सत्यानंद

**शिक्षक मेहनत करते है तो बच्चे के भविष्य के साथ-साथ पीढ़ियां बदलती है: उपायुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा डीएमएफटी हॉल चतरा में जिला स्तरीय स्कूल रूआर 2024 कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मंत्री सत्यानंद भोक्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में 5 -18 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का उपस्थिति सुनिश्चित करना, विद्यालय से बाहर रह गये बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन और उपस्थिति सुनिश्चित करना, शत प्रतिशत नामांकन बच्चों का अगली कक्षा में नामांकन करना और सभी बच्चों की उपस्थिति ई-विद्यावाहिनी में दर्ज करना और नियमित अनुश्रवण करने पर विशेष रूप से बल दिया गया। पीपीटी के माध्यम से संपूर्ण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गयी। मंत्री ने शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन और ठहराव के लिए निर्देश दिया। उन्होने अपने संबोधन में कहा पूर्व की भांति वर्तमान में विद्यालय भवन निर्माण करने का कार्य किया गया हैं। राज्य सरकार द्वारा सभी को शिक्षित करने के लिए विभिन्न तरह के योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। अभी वर्तमान में लगभग विद्यालयों में विद्युत, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था है। पहले चतरा वासियों को बीमार होने के बाद इलाज के लिए बाहर जाना पड़ता था। जिलेवासी जिले में ही अपना इलाज करायें। इसके लिए सदर अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थय केंद्र में भवन और उपकरण समेत अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त किया जा रहा है। आप सभी लोग प्रयास करें कि गरीब, असहाय व लाचार लोगों के बच्चों को भी शिक्षा का अधिकार मिले। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि हर साल प्रशासन द्वारा सरकार के प्रक्रियानुसार बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का कार्य किया जाता है। इस कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत बच्चों को विद्यालय तक लाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का प्लान किये गये है। आप सभी कार्यशाला के बाद यह सुनिश्चित कर लें कि शत प्रतिशत नामांकन के साथ प्रत्यके दिन बच्चे विद्यालय आयेंगे, अगर शिक्षक मेहनत करते है तो बच्चे के भविष्य के साथ-साथ पीढ़ियां बदलती है। विद्यालय में संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए रूआर 2024 को सफल बनाने हेतु निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी चतरा द्वारा रूआर 2024 के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गयी। कार्यक्रम के पश्चात माननीय मंत्री, उपायुक्त चतरा द्वारा रूआर 2024 के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के सभी प्रखण्डों में जाकर रूआर 2024 से संबंधित व्यापक प्रचार प्रचार करेगा। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक समेत अन्य संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## नवजात कन्याओं को मारवाड़ी युवा मंच ने दी बेबी किट

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा के तत्वावधान में चल रहे 9 दिवसीय कार्यक्रम के छठे दिन शनिवार को एक निजी अस्पताल में राकेश मोदी के सम्मान में कन्या भ्रूण संरक्षण के अंतर्गत नवजात कन्याओं के बीच बेबी किट का वितरण किया गया। इस दौरान मंच के सदस्यों ने अस्पताल में नवजात कन्याओं के माता पिता को बधाई दिया और उन्हें बेबी किट देते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से संबंधित चर्चा की। मारवाड़ी युवा मंच के ने नवजात कन्याओं को शुभाशीष भी दिया। मौके पर अस्पताल की मुख्य नर्स बेबी सिंह, सीमा देवी, सुजाता, पिंकी कुमारी और मीना देवी को मंच पदाधिकारियों ने सम्मानित किया और उन्हें नारी चेतना और महिलाओं के आत्म सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक नीतेश बेरलिया और संतोष गोकुलका, अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव धीरज बंसल, मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल आदि शामिल थे।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई.निविदा सं० :** पूमरे-मुप्रअ-नि-द-ईटीईएन-12-24-25 दो पैकेट सिस्टम, **क्रम सं. : 1. कार्य का नाम :** पीईएच-एसडीबीएच दोहरीकरण के निर्माण एवं पीईएच, एसडीबीएच, एसएनएमबाई, आरजेकेई और पीकेए यार्ड के कार्य सहित एसडीबीएच-एसएनएमबाई दोहरीकरण के निर्माण के संबंध में ब्लॉक सेक्शन में ट्रैक को जोड़ने, पीकेए यार्ड, एसडीबीएच यार्ड, आरजेकेई यार्ड, पीईएच यार्ड आदि की यार्ड रिमॉडलिंग, बेल्डिंग, पी.वे सामग्री का परिवहन, गिट्टी की आपूर्ति, एसईजे की स्थापना आदि सहित स्थायी कार्य से संबंधित ट्रैक कार्य। **अंकलित मूल्य (रु.) :** 18,54,63,688.20, **बोली प्रतिभूति (रु.) :** 10,77,300.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 महीने, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** 08.08.2024, 15:30 बजे

ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्तकाल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण वेबसाइट: http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। द्रष्टव्य: निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
पूर्व मध्य रेलवे, महेंद्रूघाट, पटना
पीआर/00726/कॉन/इंजी०/टी/24-25/48


## अनुकंपा के आधार पर दिया गया नियुक्ति पत्र



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभा कक्ष में श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता द्वारा भूपू सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, सहायक निबंधक सहयोग समितियां चतरा अंचल चतरा के कार्यालय में पदस्थापित स्व दिलीप कुमार के पुत्र श्री अभिषेक भारती को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र दिया गया। वहीं उग्रवादी हिंसा में मारे गये स्व विक्रम कुमार रजक ग्राम + पो + थाना लावालौंग के उनके आश्रित सोनी कुमारी को चतुर्थ वर्गीय पद के लिए अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र दिया गया। इसके अलावा सड़क दुर्घटना व वज्रपात से मृत के आश्रितों को मुआवजा राशि दिया गया। जिसमें पत्थलगडा प्रखंड के ग्राम नुनगांव निवासी जामुन प्रजापति की पुत्री शिवानी कुमारी की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गयी थी उनके आश्रित कैलाश कुमार पिता जामुन प्रजापति को 1 लाख रुपए की मुआवजी राशि दी गयी। वहीं प्रखंड ईटखोरी के ग्राम चक्रवार पितीज स्थित निवासी उमेश यादव की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गयी थी उनके आश्रित मालो देवी को 1 लाख रुपये मुआवजा राशि दिया गया। साथ ही प्रखंड कान्हाचट्टी ग्राम बकचुम्बा निवासी रघुनाथ प्रजापति की मृत्यु वज्रपात से हो गई थी उनके आश्रित तेतरी देवी को 4 लाख मुआवजा राशि दिया गया।

## श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस मनाया गया। मौके पर स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि यह दिन शतरंज को शिक्षा, तार्किक सोच के विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के एक उपकरण के रूप में बढ़ावा देता है। 1924 में अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (एफआईडीए) की स्थापना का स्मरण कराता है, जिसमें शतरंज को संस्कृतियों और पीढ़ियों को एकजुट करने वाली शक्ति के रूप में बल दिया गया है। इस दौरान खेल शिक्षकों के मार्गदर्शन में उत्साही शतरंज खेल रहे बच्चों ने इस दिन को यादगार बना दिया। उन्होंने इस आयोजन के दौरान उल्लेखनीय भावना और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। ये रहे विजेता और उपविजेता श्री गुरुनानक स्कूल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। जिसमें लड़कियों में विजेता 11वीं विज्ञान कक्षा की जानवी सिंह, उपविजेता 11वीं कला कक्षा की मोनल छाबड़ा, लड़के में विजेता 11वीं कला वर्ग के शशि कुमार बेदिया और उपविजेता 11वीं विज्ञान वर्ग के आयुष खेसारी रहे। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्राचार्य हरजाप सिंह ने छात्रों को इस खेल का अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह खेल संस्कृतियों और पीढ़ियों तक फैले समाजीकरण कौशल में सुधार करता है। इसके अलावा शतरंज आत्म-सम्मान बढ़ाने में भी मदद करता है और अच्छी खेल भावना को बढ़ावा देता है, साथ ही शतरंज मजेदार भी है। मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुष्पिंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार विवेक विक्रमजीत सिंह कोहली, मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जगी आदि उपस्थित थे।

## कार्यालय में वन भूमि पट्टा को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर में उमड़ी भीड़



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** वन भूमि का पट्टा को लेकर अंचल कार्यालय में ग्रामीणों की काफी भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान भीड़ में काफी धक्का मुक्की भी हो रही है। जिसके कारण अंचल कर्मियों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड के जोलडीहा, बलूरी, चकला, कर्मा, करेली बार सहित दर्जनों पंचायतों के ग्रामीणों ने वन भूमि पट्टा के लिए फॉर्म प्राप्त करना चाह रहे हैं। जिसको लेकर सुबह से ही लोग अंचल कार्यालय का चक्कर काटना शुरू कर दे रहे हैं। कुव्यवस्था के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि झारखंड सरकार के निर्देश पर वन अधिकार पट्टा को लेकर प्रखंड में होड़ मची हुई है। सभी लोग वन भूमि की जमीन का पट्टा बनाकर मालिकाना हक प्राप्त करना चाहते हैं।

# पहचान का प्रश्न

जिसे उत्तर प्रदेश के एक जिला प्रशासन का स्थानीय स्तर पर लिया गया फैसला माना जा रहा था, वह तेज होते विरोध के बीच न केवल पूरे राज्य में, बल्कि पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के हरिद्वार में भी लागू कर दिया गया। इस आदेश के मुताबिक कांवड़ यात्रा के पूरे रूट पर दुकान लगाने वाले तमाम लोगों के लिए अपनी पहचान सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। इस आदेश को लेकर किस तरह का असमंजस फैला है, इसका अंदाजा भाजपा के ही एक प्रमुख नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी की प्रतिक्रिया से मिलता है। शुरू में इस आदेश के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ अति उत्साही अधिकारियों के आदेश... छुआछूत की बीमारी को बढ़ावा दे सकते हैं। विरोध करने वालों में नकवी अकेले नहीं थे। विपक्षी दलों के अलावा एनडीए के सहयोगी दलों के नेताओं की ओर से भी इसके विरोध की आवाज उठी थी। माना जा रहा था कि विरोध के बाद जिला स्तर पर हुए इस फैसले को वापस ले लिया जायेगा, लेकिन कुछ घंटों के अंदर पूरे राज्य में इस आदेश को लागू करने का निर्णय घोषित हो गया। इसके बाद नकवी भी अपना रुख पलटते दिखे। उनका कहना था कि शुरू में उस फैसले ने कुछ कन्फ्यूजन फैलाया था, लेकिन अब सरकार ने सब कुछ स्पष्ट कर दिया है। इस फैसले का विरोध करने की अब कोई वजह नहीं है। विभिन्न राजनीतिक दलों के अंदर चाहे जैसा भी विचार मंथन हो रहा हो, यह आदेश आबादी के एक बड़े हिस्से में भ्रम और आशंका पैदा कर सकता है।

**आदेश के मुताबिक कांवड़ यात्रा के पूरे रूट पर दुकान लगाने वाले तमाम लोगों के लिए अपनी पहचान सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। इस आदेश को लेकर किस तरह का असमंजस फैला है।**

एक समुदाय विशेष के मन में यह भाव गहरा हो सकता है कि सरकार धंधा-पानी करने के उसके अधिकार पर कुठाराघात करना चाहती है। चाहे जितने भी मासूम अंदाज में पेश किया जाये, पहचान बताने के इस आदेश का असर खास समुदाय के आर्थिक बहिष्कार के ही रूप में सामने आयेगा। यह आशंका भी निराधार नहीं कि अलग पहचान वाले दुकानदारों पर कुछ असामाजिक और सांप्रदायिक तत्व कांवड़ियों के वेश में हमला कर दें, उनकी दुकानें लूटने लग जायें। कांवड़ियों की शुचिता के तर्क के पीछे यह गलत मान्यता काम कर रही है कि किसी अन्य समुदाय के हाथ का छुआ खाने से किसी श्रद्धालु का धर्म भ्रष्ट हो सकता है। कानून व्यवस्था का तर्क भी उचित नहीं, क्योंकि इससे पहले इस आदेश के बगैर भी कांवड़ यात्रा सुरक्षित माहौल में होती रही है। संक्षेप में, ऐसे आदेश हमारे संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं हैं। इन्हें वापस लेने में देर करना ठीक नहीं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**स्वयं गृहमंत्री अमित शाह ने इसके बारे में एक्स पर पोस्ट डाला एवं एक पृष्ठ का वक्तव्य भी जारी किया। साफ है कि सरकार के अंदर कई दिनों से इस पर मंथन चल रहा था। ऐसा नहीं हो सकता कि सुबह विचार किया गया हो और शाम को गजट जारी हो जाये। सामान्य तौर पर यह निष्कर्ष निकालना गलत नहीं है कि मोदी सरकार ने कांग्रेस एवं विपक्ष को जैसे को तैसे की भाषा में जवाब देने के लिए संविधान हत्या दिवस की घोषणा की है। जब कांग्रेस सहित ज्यादातर विपक्ष भाजपा संविधान खत्म कर देगी तथा संविधान बचाओ को राजनीति और चुनाव का बड़ा मुद्दा बनाते हैं, तो भाजपा के लिए इसका प्रभावी प्रत्युत्तर देना स्वाभाविक है।**

# संविधान हत्या दिवस को कैसे देखें

**अवधेश कुमार**



**निश्चित रूप से इस मामले में भाजपा की रणनीति यही है कि देश के आम लोग समझ लें कि संविधान को खत्म करने की कोशिश किसने की। इस देश में अगर किसी काल में संविधान व्यवहार में खत्म था तो वह आपातकाल का दौर ही था। यद्यपि 25 जून ,1975 को आपातकाल भी संविधान की धारा 352 के तहत ही लगा था। आपातकाल लगने के बाद व्यवहार में सारी शक्तियां एक व्यक्ति यानी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी में निहित हो गयी थीं।**

25 जून यानी आपातकाल लगाने की तिथि को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने की नरेंद्र मोदी सरकार की घोषणा पर आ रही प्रतिक्रियाओं में कुछ तो स्वाभाविक है, किंतु कुछ आश्चर्य में भी डालने वाली हैं। कांग्रेस पार्टी का इसके विरुद्ध अलग-अलग प्रकार का तर्क समझ में आता है। लेकिन जिन नेताओं और पार्टियों ने आपातकाल के विरुद्ध संघर्ष किया, जिनमें से कई की पहचान आपातकाल विरोधी संघर्ष से ही बनी वह भी खुल कर आपातकाल की आलोचना के लिए तैयार नहीं है।

ऐसा वातावरण बना है, मानो आपातकाल के विरुद्ध केवल भाजपा हो और शेष पार्टियों ने उसे सही मान लिया हो। आपातकाल अगर सही है और उस दिवस को याद नहीं किया जाये, तो आज अनेक नेता और पार्टियां, जो वहीं से उभर कर सत्ता में आये और आज भी हैं, उन सबकी पूरी राजनीति अवैध और अनैतिक हो जायेगी। चूंकि गृह मंत्रालय ने सरकारी गजट में इसे शामिल कर दिया है, इसलिए जब तक कोई सरकार इसको निरस्त नहीं करती, यह अब सरकारी कार्यक्रमों का अंग बन चुका है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति अटैक इज द बैस्ट डिफेंस यानी आक्रमण सबसे बड़ा बचाव की रही है।**

स्वयं गृहमंत्री अमित शाह ने इसके बारे में एक्स पर पोस्ट डाला एवं एक पृष्ठ का वक्तव्य भी जारी किया। साफ है कि सरकार के अंदर कई दिनों से इस पर मंथन चल रहा था। ऐसा नहीं हो सकता कि सुबह विचार किया गया हो और शाम को गजट जारी हो जाये। सामान्य तौर पर यह निष्कर्ष निकालना गलत नहीं है कि मोदी सरकार ने कांग्रेस एवं विपक्ष को जैसे को तैसे की भाषा में जवाब देने के लिए संविधान हत्या दिवस की घोषणा की है। जब कांग्रेस सहित ज्यादातर विपक्ष भाजपा संविधान खत्म कर देगी तथा संविधान बचाओ को राजनीति और चुनाव का बड़ा मुद्दा बनाते हैं, तो भाजपा के लिए इसका प्रभावी प्रत्युत्तर देना स्वाभाविक है। सब जानते हैं कि इस देश के वर्तमान ढांचे में संविधान को खत्म कर देना या उसका गला घोंट देना और पूरे राजनीतिक, प्रशासनिक ढांचे को आमूल रूप से बदल देना संभव नहीं है। यह झूठ चुनाव में मुद्दा बना तथा एक बड़े वर्ग तक पहुंचा। संविधान खत्म होने के साथ ही आरक्षण खत्म करने की भी बात थी और दोनों एक-दूसरे से सन्नद्ध थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति अटैक इज द बैस्ट डिफेंस यानी आक्रमण सबसे बड़ा बचाव की रही है। इस बार के चुनाव में संविधान और आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा को रक्षात्मक या बचाव की मुद्रा में ज्यादातर समय रहना पड़ा। भाजपा मतदाताओं के एक बड़े वर्ग को समझाने में सफल नहीं रही कि विपक्ष गलत मुद्दा बना रहा है। चुनाव परिणाम के बाद निश्चय ही इस पर विचार हुआ है। ध्यान रखिए कि 25 जून को सरकारी कार्यक्रम भले आज घोषित किया गया हो, किंतु हर वर्ष देश भर में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या है, जो आपातकाल के काले अध्याय को याद करते हुए कार्यक्रम रखते हैं। अनेक पार्टियों के नेता उसमें शामिल होते रहे हैं और आज भी होते हैं। आज सपा इस मामले पर खामोश है या प्रश्न उठा रही है, किंतु स्वयं मुलायम सिंह यादव आपातकाल विरोधी कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री रहते हुए भी शामिल होते रहे। 5 जून को जयप्रकाशजी का संपूर्ण क्रांति दिवस भी अलग-अलग स्थानों में हर वर्ष मनाया जाता है।

निश्चित रूप से इस मामले में भाजपा की रणनीति यही है कि देश के आम लोग समझ लें कि संविधान को खत्म करने की कोशिश किसने की। इस देश में अगर किसी काल में संविधान व्यवहार में खत्म था तो वह आपातकाल का दौर ही था। यद्यपि 25 जून ,1975 को आपातकाल भी संविधान की धारा 352 के तहत ही लगा था। आपातकाल लगने के बाद व्यवहार में सारी शक्तियां एक व्यक्ति यानी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी में निहित हो गयी थीं। सरकारी टेलीविजन दूरदर्शन तथा आकाशवाणी के बारे में कुछ बताने की आवश्यकता नहीं। प्रधानमंत्री कार्यालय संजय गांधी के निवास या फिर सूचना प्रसारण मंत्री विद्याचरण शुक्ल के आवास एवं कार्यालय से ही उसका संचालन होता था। समाचार पत्र छापने से पहले सेंसरशिप अधिकारी को भेजा जाता था, जो बताता था कि किस समाचार में क्या बदलना है, कितना छाप सकते हैं और तभी वह प्रेस में छपने जाता था।

वैसे जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने के बाद आंतरिक आपातकाल लगाने का प्रावधान संविधान से लगभग खत्म कर दिया। यह प्रचार भी झूठ है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा एक व्यक्ति के शासन की स्थिति संविधान में परिवर्तन कर ला सकती है। एक बार आपातकाल लगाने का परिणाम देश भुगत चुका है और स्वयं कांग्रेस पार्टी भी चुनाव में बुरी तरह पराजित हुई। इतने वर्षों बाद संविधान हत्या दिवस मनाने की प्रासंगिकता और उपयोगिता पर भी प्रश्न उठाये जा रहे हैं। निःसंदेह, आपातकाल के बाद सत्ता में आयी जनता पार्टी की सरकार या उसके बाद जो भी गैर-कांग्रेसी सरकार सत्ता में आयी, उसने ऐसा निर्णय नहीं किया। किसी ने नहीं किया इसलिए आगे वैसा नहीं किया जाये, इस तर्क को भी स्वीकार नहीं किया जा सकता।

जब आप संविधान खत्म करने का आरोप लगाते हैं, तो इस पर पूरी बहस होनी चाहिए और संविधान से छेड़छाड़ या संविधान के साथ के दुरुपयोग के जितने अवसर हैं, वह सब देश के सामने आने ही चाहिए। 50 वर्ष वह अवसर होता है, जब हम उस घटना को लेकर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विचार करते हैं, उससे सीख लेते हैं, प्रेरणा देते हैं और उनसे जुड़े व्यक्तियों को उनकी भूमिका के अनुरूप याद करते हैं।

## गुरु पूर्णिमा पर विशेष

# परमहंस योगानंदः एक प्रेरणादायी महान गुरु

**अलकेश त्यागी**


श्री श्री परमहंस योगानंद

'सतगुरु सम कोई नहीं, सात द्वीप नौ खंड। तीन लोक ना पाइए, अरु इक्कीस ब्रह्मंड।' अर्थात, सात द्वीप, नौ खंड, तीन लोक और इक्कीस ब्रह्मांड में भी गुरु के समान हितकारी कोई नहीं। जिस गुरु की महिमा कबीर जी के ये शब्द बता रहे हैं वह सद्गुरु कौन है?

वास्तव में वह मनुष्य सद्गुरु है, जिसकी चेतना ईश्वर के प्रकाश को पूर्णतः ग्रहण करने और उस प्रकाश को परावर्तित करने के लिए शुद्ध हो चुकी है। कोयले और हीरे को सूर्य के प्रकाश में रखें, तो केवल हीरा ही सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करता है। सद्गुरु मनुष्य रूपी वह हीरा है, जो ईश्वरीय प्रकाश को पूर्णतः परावर्तित कर सकता है। सद्गुरु शिष्य को, शब्द ज्ञान को ही ज्ञान मान लेने की भूल से बचाकर उसमें निहित अर्थ को जीवन में उतारना सिखाता है। वह अपने शिष्य पर पृथ्वीलोक, सूक्ष्मलोक और कारणलोक में भी दृष्टि रखता है। अर्थात गुरु-शिष्य संबंध शाश्वत है।

ऐसे ही एक सद्गुरु परंपरा के वाहक योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक तथा विश्व प्रसिद्ध पुस्तक 'योगी कथामृत' के लेखक श्रीश्री परमहंस योगानंदजी हुए, जिन्होंने केवल ईश्वर की खोज के लिए पूरे विश्व को प्रेरित ही नहीं किया, बल्कि दिन-प्रतिदिन अभ्यास की जाने वाली एक वैज्ञानिक प्रविधि 'क्रियायोग' भी दी। इसके नियमित अभ्यास से हर मनुष्य, जो मूल रूप से एक आत्मा है और जो माया के पर्दे से ढकी है, इस पर्दे में एक छोटा सा छेद कर लेता है। समय के साथ जैसे-जैसे अपने प्रयासों से वह इस छिद्र को बड़ा करता जाता है, वैसे-वैसे उसकी चेतना का विस्तार होता जाता है और आत्मा अधिकाधिक व्यक्त होती जाती है। अंततः एक दिन पर्दा फट जाता है और आत्मा पूर्णता से व्यक्त होकर शिष्य को स्वयं का और माया का स्वामी बना देती है।

महान गुरुओं की इस परंपरा का जन्म 1861 में द्वाराहाट में हुआ, जब अमर गुरु महावतार बाबाजी ने बनारस के एक गृहस्थ श्यामाचरण लाहिड़ी को रहस्यमय ढंग से दूनागिरी बुलाकर वैज्ञानिक प्रविधि क्रियायोग की दीक्षा दी, जो बाद में लाहिड़ी महाशय के नाम से प्रसिद्ध हुए। उनके शिष्य युक्तेश्वर गिरी जी को जनवरी 1894 के कुंभ मेले में दर्शन देकर महावतार बाबाजी ने उनसे पूर्व और पश्चिम के धर्म ग्रंथों की समानता पर एक पुस्तक लिखने तथा कुछ समय बाद उनके पास भेजे जाने वाले एक शिष्य को पश्चिम में क्रियायोग के प्रचार एवं प्रसार के लिए प्रशिक्षित करने को कहा। वह शिष्य योगानंद जी ही थे, जो उस समय मात्र एक वर्ष के थे।

शिक्षित-प्रशिक्षित होकर योगानंद जी 1920 में बोस्टन में होने वाली अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद में भारत का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे। उनके संबोधन से प्रभावित हो, मिले व्याख्यानों के निमंत्रण ने उन्हें वहां अध्यात्म की प्यासी आत्माओं का पता दे दिया। तथा वहां भी उन्होंने सेल्फ रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ) नामक संस्था की स्थापना कर दी। वे भारत में पहले ही 1917 में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया (वाइएसएस) की नींव डाल चुके थे।

ये दोनों संस्थाएं पिछले एक सौ वर्षों से निरंतर क्रियायोग के प्रचार-प्रसार में सक्रिय हैं। विश्व के देशों में योग के प्रति आग्रह तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की स्वीकार्यता में योगानंदजी के कार्यों का बड़ा योगदान है। ऐसी महान परंपरा के सभी गुरुओं को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सादर नमन।

## जमशेदपुर की खबरें

# पत्रकारिता का प्रोफेशन बेहद ही चुनौतियों भरा होता है: चंपाई सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले में पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला खरसावां के लिए बने नये भवन का उद्घाटन समारोह हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार को जिले के मान्यता प्राप्त पत्रकार संगठन के अध्यक्ष मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में पूर्व सीएम सह स्थानीय विधायक चंपाई सोरेन के द्वारा नये भवन का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, सम्मानित अथितियों में विधायक प्रतिनिधि सनद कुमार आचार्य, 20 सूत्री के अध्यक्ष छाया कांत गोराई, आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह, पूर्व सीएम के सुपुत्र बबलू सोरेन, वरिष्ठ पत्रकार कवि कुमार,उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरतियार सहित जिले के सैकड़ो पत्रकार मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने जिले के पत्रकारों को प्रेस क्लब के नए भवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा लंबे समय से जिले के पत्रकार एक भवन की मांग कर रहे थे। थोड़ी विलंब जरूर हुई लेकिन आज एक सुसज्जित भवन जिले के पत्रकारों के लिए उपलब्ध कराया गया। भविष्य में इसे और भी आधुनिक और हाईटेक बनाया जायेगा, ताकि जिले के पत्रकार बैठक कर अपने क्रियाकलापों का संचालन कर सकें। इसके लिए उन्हें कहीं भटकना न पड़े। पूर्व सीएम ने कहा पत्रकारिता का प्रोफेशन बेहद ही चुनौतियों भरा होता है। छोटी छोटी समस्याओं का समाधान के लिए अपनी लेखनी के माध्यम से बाहर लाने में उनकी बड़ी भूमिका रहती है। उन्होंने कहा नेताओ के दिल की बातों को समझ कर उसे लिखना आसान नहीं होता। लेकिन पत्रकार उसे सहज और सुगम तरीके से लिखते हैं। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी वह अपना काम निरंतर करते रहते हैं। उन्होंने कहा यह भवन जिले के पत्रकारों का एक गौरव होगा। मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनमोहन सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा चार वर्षों के अथक प्रयास से जिले के पत्रकारों को पूर्व सीएम की पहल पर भवन का सौगात मिला है। यह भवन जिले के सभी पत्रकारों के लिए है। प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला खरसावां से जुड़े पत्रकारों ने इसके लिए लंबी लड़ाई लड़ी है। उन्हीं के संघर्षों की वजह से आज भवन मिला है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। मौके पर क्लब के महासचिव रमजान अंसारी,वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद दिलदार, पिनाकी रंजन,सुमित सिंह,अरुण माझी, सचिंद्र दाश, मनोज सिंह, संतोष कुमार,संजय मिश्रा, सुमित सिंह, खगेन माहतो, जगरनाथ, रवि कांत गोप, कल्याण, विश्वरूप पांडा, लाल बहादुर शास्त्री, बृजेश सिंह, शशांक शेखर, सुमंगल कुंडू , बंगरेश,अंकित, सुभम, सुनील गुप्ता, सुभाशिश, निलेश, दयाल लायक, दुर्गा राव, दीपक, परमेश्वर, दसरथ प्रधान, बलराम पांडा, बिपिन बार्ष्णेय, सम्भु सेन सहित सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की प्रांतीय अध्यक्ष का मुसाबनी में स्वागत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुसाबनी।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति मुसाबनी शाखा की ओर से मुसाबनी में अखिल मारवाड़ी महिला समिति के प्रांतीयअध्यक्ष मंजू बगड़िया, सचिव साधना देवरलिया ,कोषाध्यक्ष किरण गोयनका और राष्ट्रीय अंचल प्रमुख वीणा खिरवार का मुसाबनी शाखा के अध्यक्ष बबिता अग्रवाल के नेतृत्व में अन्य सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत और मुसाबनी आगमन पर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर मुसाबनी शाखा की अध्यक्ष बबिता अग्रवाल ने कहा कि यह मुसाबनी ले लिए सौभाग्य की बात है कि आज हमारे बीच इन महान संगठन कर्ता का आगमन हुआ है। उनके आने से हमें बहुत खुशी है। इन सभी पदाधिकारियों से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला है। महिला समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर और इलायची की माला पहना कर किया। उन्हें तुलसी और गुलाब का पौधा भेंट किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष और सचिव ने हम लोगों को और मजबूती से समाजसेवा के क्षेत्र में काम करने की नसीहत दी। काम करने के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे काम से ही आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। चाय और नाश्ते के दौरान हमने बहुत सी बातों की चर्चा की। हाथों से बनी हुई ब्रेसलेट और तुलसी का शो पीस अतिथियों को उपहार स्वरूप भेंट किया गया। प्रांतीय कोषाध्यक्ष से लेखा-जोखा के बारे में सदस्यों ने चर्चा की। उन्होंने मुसाबनी शाखा को भगवान श्री राम की एक आकर्षक मूर्ति भेंट किया। उन्होंने कहा की मुसाबनी की टीम का कार्य काफी सराहनीय है। आपके टीम के ऊपर रामजी की कृपा हमेशा बनी रहेगी।

# बेशर्म हो चुकी एनडीए की सरकार, लोगों की जान से कर रही खिलवाड़ : डॉ अजय कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में विधानसभा चुनाव सामने आते ही नेताओं का आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू होने लगा है। शनिवार को पूर्व सांसद सह कांग्रेस पार्टी के वर्किंग कमिटी सदस्य डॉ. अजय कुमार ने परिषद में प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा एनडीए की सरकार बेशर्म हो चुकी है। रेल दुर्घटनाओं में आम जनता की जाने जा रही है और रेल मंत्री रील बनाने में व्यस्त है। उन्होंने कहा एनडीए सरकार पूरी तरह से जनहित की मुद्दों से डिरेल हो गयी है। डॉ अजय कुमार ने कहा बीते 2019 में मोदी जी ने कहा था मैं देश को गारंटी देता हूं अगले पांच साल में वे भारतीय रेलवे में ऐसा बदलाव देखेंगे जिसकी कल्पना भी नहीं कर सकते। सच में आज उनका हर एक कथन सत्य हो गया है। ये रेल दुर्घटनाएं अकल्पनीय हैं। कंचनजंगा एक्सप्रेस और डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस दुर्घटना ने फिर साबित कर दिया है इस सरकार को आम जनता के जीवन की कोई परवाह नहीं है। वही और रेल मंत्री का दुस्साहस देखिए,वे रील बनाने में व्यस्त हैं। लोगों की सुरक्षा पर चर्चा करने के लिए उनके पास समय नहीं है। उन्होंने कहा जुलाई 2021 से रेल सह रील मंत्री के रूप में अश्वनी वैष्णव का कार्यकाल में अधिकतम प्रचार सोशल मीडिया पर दिखावा और शून्य जवाबदेही का कार्यकाल रहा है। कंचनजंगा रेल हादसे पर चीफ कमिशर की जांच रिपोर्ट में कहा गया स्वचालित सिग्नल की खराबी है। जब हादसा हुआ उसके 3 घंटे पहले से सिग्नल खराब था।लोको पायलट और ट्रेन प्रबंधक के पास वॉकी-टोकी जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरण की अनुपलब्धता, परिचालन प्रबंधन में खामियाँ, लोको पायलट के पास कोई उचित प्रशिक्षण नहीं था। साथ ही 2021 में आई रिपोर्ट में बताया गया रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए ह्यराष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष बनाया था। जिसमे 5 साल के लिए 1 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। टैक्स पेयर्स के इस पैसे का इस्तेमाल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जाना था। लेकिन रेलवे के अधिकारी इस पैसे को खुद पर खर्च कर रहे हैं।रि?पोर्ट में कहा गया इस फंड का इस्?तेमाल गैर-जरूरी चीजों पर कि?या गया। अब इन गैर-जरूरी चीजों में फुट मसाजर,जैकेट,फर्नीचर,महंगी क्रॉकरी,किचन का सामान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण,लैपटॉप शामिल है।डॉ. अजय ने केंद्र सरकार से पूछा कहां है रेलवे का जीरो एक्सीडेंट टारगेट वाला सुरक्षा 'कवच'। आखिर रेलवे का कवच कहां है और यह रेल यात्रियों की सुरक्षा के काम क्यों नहीं आ पा रहा है। उन्होंने कहा पिछले 10 सालों में हुए कई बड़े रेल हादसे हुई है। उसमें कोई यात्री को जान गवाना पड़ा है। उन्होंने एंटी कोलिजन सिस्टम को पूरे भारत में शीघ्रता से स्थापित करने की मांग की।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 21 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in



# गढ़वा में जगेगी शिक्षा की नयी अलख, हर प्रखंड में बनेगा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस : मंत्री

**एक हजार सीट की क्षमता वाली हाइटेक लाइब्रेरी का मंत्री ने किया भूमि पूजन**

**इ-लाइब्रेरी में कंप्यूटर, लैपटॉप व इंटरनेट की भी होगी बेहतर सुविधा**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से एक हजार सीट क्षमता वाली नयी हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण किया जायेगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को कल्याणपुर में नवनिर्मित समाहरणालय के पीछे विधिवत पूजा अर्चना कर और नारियल फोड़कर इसका भूमि पूजन किया। मौके पर आयोजित कार्यक्रम का मंत्री ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय उच्च विद्यालय गढ़वा की छात्राओ को बैगपाईपर इंस्ट्रुमेंट प्रदान किया, साथ ही अपने गुरूजनों और शिक्षाविदो को सम्मानित भी किया। मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के विकास की गाथा में एक और अध्याय जुड़ गया है। यह हाइटेक सर्वसुविधा संपन्न लाइब्रेरी बच्चों के भविष्य के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि मैं जो ठान लेता हूं, उसे मुकाम पर पहुंचा कर रहता हूं। उन्होंने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने गढ़वा में एक महिला कॉलेज भी नहीं खुलवाया था। परंतु अब महिला कॉलेज का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। बहुत जल्द ही पूरी इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ उद्घाटन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा में अभी कुछ स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाया गया है। बहुत जल्द ही सभी प्रखंडों में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाया जायेगा। मौके पर डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, डीएसई आकाश कुमार, शिक्षाविद् मदन प्रसाद केशरी, श्याम बिहारी प्रसाद गुप्ता, पीके चौबे, बलराम तिवारी, रेयाज अहमद आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने किया।

## लाइब्रेरी में उपलब्ध होंगी ये सुविधाएं

गढ़वा में निर्मित हो रहे इस हाईटेक लाइब्रेरी में कंप्यूटर, लैपटॉप और बेहतर इंटरनेट सुविधा युक्त ई-लाइब्रेरी भी होगा। लोग पुस्तकों के साथ-साथ इंटरनेट के माध्यम से भी अध्ययन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इसके निर्माण से गढ़वा के विद्यार्थियों और अन्य लोगों को भी अध्ययन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। तीन मंजिला इस लाइब्रेरी भवन के 6725 स्क्वायर फीट के ग्राउंड फ्लोर में रीडिंग हॉल, बुक रैंकिंग तथा 318 लोगों के बैठने की क्षमता, फर्स्ट फ्लोर के 5390 स्क्वायर फीट क्षेत्र में 278 सीट क्षमता, स्टडी हॉल, 50 सीटर डिस्कशन हॉल एवं बुक रैंकिंग की सुविधा, 6585 स्क्वायर फीट के सेकेंड फ्लोर में 364 सीट क्षमता, 50 सीटर डिस्कशन हॉल, रीडिंग हॉल, बुक रैंकिंग, बुक बाइंडिंग व डिजिटल लाइब्रेरी होगी। ई-लाइब्रेरी में कंप्यूटर, लैपटॉप और बेहतर इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध होगी। सभी फ्लोर में ब्वॉयज और गर्ल्स टॉयलेट होंगे।

**मंत्री ने गुरुजनों और शिक्षाविदों को किया सम्मानित :** कल्याणपुर में लाइब्रेरी के भूमि पूजन के दौरान मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने गुरूजनों और शिक्षाविदों को शॉल ओढ़ाकर और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किमा। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने अपने गुरू (शिक्षक) डीपी सिंह, बलराम तिवारी, पारस तिवारी सहित एसपीडी कॉलेज के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ दिलीप चौबे, डॉ श्याम बिहारी प्रसाद गुप्ता, डॉ विनोद ठाकुर, प्रो. मनोज पाठक, रेयाज अहमद, प्रेम चौबे, अनुपा प्रतिभा तिर्की, सुनीता सिंह, राजाराम, लखन कश्यप, मदन केशरी, डॉ यासिन अंसारी आदि को सम्मानित किया।

## अनुदानित डिग्री कॉलेजों को घाटानुदान के लिए मिथिलेश ठाकुर को महासंघ ने सौंपा मांग पत्र



गढ़वा। झारखंड के स्थायी संबंद्ध डिग्री अनुदानित कॉलेजों को घाटानुदान प्रदान करने की मांग राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से की गयी। इस बावत संबंद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष प्रो. विवेकानंद उपाध्याय के नेतृत्व में महासंघ के एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा गढ़वा स्थित मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास मांग पत्र सौंपा गया। मंत्री को दिये गये मांग पत्र में कहा गया है कि वित्तरहित शिक्षा नीति के दंश झेलते हुए राज्य के डिग्री महाविद्यालयों के कर्मी सुदूरवर्ती इलाकों में समाज के कमजोर वर्गों के बहुतायत आबादी के बीच उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं। परन्तु अथार्भाव में फटेहाल जिन्दगगी जीने को मजबुर हैं। झारखंड सरकार द्वारा करीब 55 अनुदानित कॉलेजों को अनुदान की राशि वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़ाकर डिग्री कॉलेजों में कार्यरत कर्मियों को सहयोग करने की दिशा में पहल किया गया है किन्तु नैक ग्रेडेशन के आधार पर कंडिशनल डिग्री कॉलेजों में अनुदान वृद्धि करने का लाभ राज्य के चंद स्थायी डिग्री कॉलेजों को ही मिल पा रहा है। महासंघ के प्रतिनिधि मंडल में प्रो. परवेज आलम, प्रो. कमलेश सिन्हा, प्रो. उमेश सहाय मौजुद थे।

## बसपा के कई वरीय पदाधिकारियों ने समर्थकों के साथ थामा झामुमो का दामन



गढ़वा। बहुजन समाज के पार्टी के कई पूर्व वरीय पदाधिकारियों अपने 300 से अधिक समर्थकों के साथ बसपा छोड़कर झामुमो का दामन थाम लिया। शनिवार को सभी ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर आयोजित मिलन समारोह में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी लोगों को माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि आप सबों ने मुझे गढ़वा की सेवा करने का मौका दिया, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कुछ दिन पूर्व संविधान को समाप्त करने की बात कर रही थी। मंत्री के कहा कि बसपा छोड़कर झामुमो में शामिल हो रहे सभी लोग प्रशिक्षित कार्यकर्ता हैं। इनके प्रशिक्षण का लाभ झामुमो को मिलेगा। इस दौरान बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम के नेतृत्व में बसपा छोड़कर झामूमो में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव सुमेश्वर सिंह, रंका के प्रखंड सचिव पूर्व बीडीसी सीताराम, अमितरवि, रविशंकर, सुनेश्वर, कृश्णा राम सहित 300 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भवनाथपुर क्षेत्र में अलग-अलग घटित घटनाओं में सात लोग गंभीर रूप से घायल



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। क्षेत्र में अलग-अलग घटित घटनाओं में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक शैलेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए दो लोगों को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर किया गया। पहली घटना में शुक्रवार की देर शाम एचपी पेट्रोल पंप के समीप एक बाईक पर सवार तीन लोग अरसली दक्षिणी के चौरासी गांव से भवनाथपुर बाजार आ रहे थे, कि एक कुता को बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर बाईक पलटने से तीनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में यूपी कोन थाना के देवाटन निवासी अली मोहमद अंसारी तथा चौरासी के नवेज अंसारी व शेखमुल अंसारी का नाम शामिल है। जबकि दूसरी घटना में मकरी में एक अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पिटाई किये जाने से सुनील सिंह पिता ललन सिंह घायल हो गया। तीसरी घटना में थाना क्षेत्र के खरौंधी चंदना गांव निवासी नवलेश राम की पत्नी चंचला देवी ने आपसी विवाद में विषपान करने से गंभीर हो गयी। गंभीरावस्था में पत्नी को नवलेश राम अपने ऑटो से अपने रिश्तेदार कोलझिंकी निवासी निरंजन राम, सुनीता देवी, गीता देवी और उसके बेटा दीपक कुमार के साथ ईलाज के लिए भवनाथपुर सीएचसी आने के क्रम में केतार के छाताकुंड के तीखे मोड़ पर ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिससे ऑटो पर सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गयी। इस घटना में विषपान किये महिला चंचला देवी तथा ऑटो सवार निरंजन राम को प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा रेफर कर दिया गया।

## नाबालिग की संदेहास्पद स्थिति में मौत

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मकरी पंचायत के बगही टोला निवासी महेंद्र उरांव की 12 वर्षीय नाबालिग पुत्री संझौती कुमारी की संदेहास्पद स्थिति में शुक्रवार की रात्रि में मौत हो गयी। नाबालिग की मौत के पश्चात परिजनों ने आनन-फानन में बिना किसी को सूचना दिए बगैर ही बगही नदी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मालूम हो कि नाबालिग की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत की खबर पर गांव में पुलिस पुलिस पहुंचने की सूचना मात्र से परिजन नदी में बगैर पूरी तरह से शव दाह किये ही घर चले गये। बाद में गांव में थाना के एसआई निरंजन कुमार शर्मा और नारायण यादव सबदलबल के साथ पहुंचकर इस संबंध में परिजनों से नाबालिग की मौत जानकारी प्राप्त की। वहीं पूछताछ करने के लिए मृतक के पिता महेंद्र उरांव को थाना लायी। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के पिता और मां चंद्रावती देवी ने बताया कि उनकी नाबालिग बेटी की तबियत खराब रहती थी। सरकारी अस्पताल से दवा चलता था, शायद उसे हार्ट की बीमारी थी। आगे बताया कि शुक्रवार की रात्रि में खाना खाकर बेटी सोई, फिर उसे सांस लेने में दिक्कत हुई और तुरंत उसने दम तोड़ दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने कहा कि मृतक के पिता तथा ग्रामीणों से पूछताछ के बाद सामने आया कि नाबालिग की स्वभाविक मौत हुई है।

## संस्कृति ज्ञान महाभियान का शुभारंभ



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के वंदना सभा में संस्कृति ज्ञान महाभियान का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गढ़वा जिला संचालक - काशी महतो, अध्यक्ष - जोखू प्रसाद, कोषाध्यक्ष - राजकुमार प्रसाद, प्रधानाचार्य - रविकांत पाठक द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता, ॐ, मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने महाभियान के बारे में बताते हुए कहा कि भारत की गौरव गाथा और संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने और उनके हृदय में इसका गौरव स्थापित करने के लिए विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान निरंतर प्रयासरत है। प्रवेशिका, मध्यमा, उत्तमा, प्रज्ञा श्रेणी में समाज के प्रबुद्ध वर्ग पूर्व छात्र समिति सदस्य पूर्व आचार्य भाग लेते हैं। मुख्य अतिथि काशी महतो ने कहा कि हमारी भावी पीढ़ी संस्कृति की संवाहक बने और जो मूल्य का पतन आज दीर्घकालिक दासता के कारण दिखायी पड़ रहा है, उसका समूल निराकरण करके संस्कृति का यह सर्वत्र विस्तारित संस्कृति ज्ञान से ही संभव है इस अभियान को सब मिलकर अधिक से अधिक प्रसारित करें। मंचासीन अतिथियों को अंग वस्त्र व वार्षिक उत्सव पत्रिका देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्कृति ज्ञान प्रमुख नंदलाल पांडे आचार्य नीरज कुमार सिंह, सुजीत दुबे, अविनाश, कृष्ण पांडे, सुधीर श्रीवास्तव, अंकित, उमेश, रूपेश, रेनू पाठक, नेहा, सलोनी उपस्थित थे।

## अबुआ आवास योजना को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

सगमा (आजाद सिपाही)। पंचायत सचिवालय बीरबल में अबुआ आवास योजना को अबुआ आवास योजना को लेकर ग्राम सभा का आयोजन लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित उक्त ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों के सहयोग से योग्य लाभुकों का चयन किया गया। मुखिया के द्वारा कहा गया की जिसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल चुका है उसे किसी भी कीमत पर उक्त आवास योजना का लाभ नहीं दिया जायेगा लाभ लेने वाले लाभुको का मेरे द्वारा स्थलीय निरीक्षण के बाद सूची को अंतिम रूप दिया जायेगा। गांव का कोई भी बिचौलिया आपसे किसी तरह का पैसा मांग करता है, तो मुझे सूचित करें उसपर कार्रवाई भी निश्चित रूप से किया जायेगा। इस ग्राम सभा में मुख्यरूप से पंचायत सचिव सुरेंद्र कुमार ठाकुर के साथ सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## सगमा में किसान कार्यशाला का आयोजन



सगमा (आजाद सिपाही)। शांति ट्रेड्स गढ़वा और प्रेरणा संस्था के द्वारा बीरबल पंचायत सचिवालय में मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा के अध्यक्षता में किसान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टाटा ध्रुवी गोल्ड प्राकृतिक खाद के विषय में किसानों को इसके उपयोग के विषय में विस्तार से जानकारी दिया गया। इस अवसर पर संस्था के आलोक कुमार उपाध्याय ने कहा कि टाटा कंपनी ने प्राकृतिक खाद के रूप में ध्रुवि गोल्ड के नाम से प्राकृतिक खाद लांच किया है, जो रासायनिक खाद से कई गुना ताकतवर के साथ बाजार में बिकने वाले अन्य तरह के उर्वरक से सस्ता है। इसे प्रति कट्ठा तीन किलो व दो किलो यूरिया मिलाकर छिड़काव करना है, जो फसलों में लगने वाले कीड़े से रक्षा करने के साथ उचित पोषण प्रदान करता है। इस प्राकृतिक खाद के उपयोग से धान सहित कोई भी फसल कई गुना अधिक पैदा करने में सक्षम है इसके साथ उन्होंने उक्त खाद के विषय में अन्य कई प्रकार के जानकारी दिया। इस मौके पर शांति ट्रेड गढ़वा के शांति किंडो ग्रामीण विकास समिति भवनाथ पुर के नागेंद्र प्रसाद गुप्ता मिट्टी परीक्षण जांच केंद्र नगर उंटारी के मनोज प्रताप देव, अमित उपाध्याय किसान रामचंद्र शाह, रामेंद्र मिश्रा, मणिसंकर विश्वकर्मा, संतोष प्रजापति, लालमन यादव सहित भारी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष ने अबुआ आवास से संबंधित बीडीओ को दिया आवेदन




डंडई (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष जफर इकबाल ने बीडीओ जागो महतो से मुलाकात कर अबुआ आवास योजना से संबंधित शनिवार को लिखित आवेदन दिया है। कार्यालय कक्ष में बीडीओ को दिये आवेदन में जफर ने लिखा है कि जिला से प्राप्त प्रखंड के अबुआ आवास आवंटन में अल्पसंख्यक समाज के लिए भी अलग से आवास उपलब्ध कराया गया है। वहीं दिये आवेदन के माध्यम उन्होंने आवंटित संख्या के अनुसार अल्पसंख्यक समाज के लोगों के बीच अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग किया है। आवेदन में जफर ने लिखा है कि पूर्व में प्रखंड के लवाही पंचायत में अल्पसंख्यक कोटा का एक भी लोगों का आवास का लाभ नहीं दिया गया था। जिस कारण समाज के लोग अबुआ आवास योजना का लाभ पाने से वंचित रह गये थे। अबकी बार भी इसी प्रकार की सूचना मिल रही है। उन्होंने लिखा है कि प्रखंड के हर पंचायत में अल्पसंख्यक समाज के लिए सरकार की ओर से अबुआ आवास योजना का आवंटन दिया गया है। उन्होंने क्राइटेरिया व नियमानुसार प्रखंड के लोगों के बीच अबुआ आवास वितरण करने की मांग बीडीओ से किया है।

## युवक ने फांसी लगाकर दे दी जान

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा मोड़ निवासी गौरी शंकर श्रीवास्तव 45 वर्ष पिता स्व.ददन प्रसाद श्रीवास्तव ने शुक्रवार की रात घर के बाहर एक झोपड़ी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। समाचार के अनुसार मृतक का पूरा परिवार मूलरूप से बिहार राज्य के रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगरांव के रहने वाले गौरीशंकर का परिवार गढ़वा में ही रहता है। गढ़वा के नवादा मोड़ में उसका घर है। वह नवादा मोड़ के निकट मां गायत्री नर्सिंग होम के संचालक के यहां चालक था। जबकि उसके परिवार में उसकी विधवा भाभी व दो नाबालिग भतीजे हैं। जबकि एक छोटा भाई बाहर रहता है। बताया गया कि गौरीशंकर ने शुक्रवार की रात करीब 10 बजे नवादा मोड़ स्थित घर आया था। इसके बाद वह खाना खाकर सो गया। शनिवार की सुबह जब परिवार के लोगों ने उठकर घर के बाहर निकले तो गौरीशंकर का शव तंबू में रस्सी के सहारे लटका हुआ था। इसकी जानकारी मिलने पर वहां आसपास के लोगों की भीड़ लग गयी। लोगों ने इसकी सूचना गढ़वा थाना पुलिस को दी। तब पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उसके शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में लाकर पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। इधर, मृतक के भानजा गढ़वा निवासी सागर श्रीवास्तव ने बताया कि उसके मामा का किसी से कोई विवाद भी नहीं था। लेकिन उन्होंने आत्महत्या क्यों कर ली, इसे लेकर परिवार के लोगों को कोई जानकारी नहीं है।

# स्वावलंबी प्रोत्साहन योजना के नाम पर क्षेत्र में हो रहे फर्जीवाड़ा से बचें : बीडीओ

**अभी किसी तरह का फार्म नहीं भरा जा रहा है, मगर सुनने में आ रहा है कि कुछ लोग इस तरह के फर्जी फार्म भरने में लगे हुए है**




आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्यम कुमार ने मुख्यमंत्री बहन बेटी मई कुई स्वावलंबी प्रोत्साहन योजना के नाम पर फर्जी फर्जीवाड़ा से बचने के लिए प्रखंड वासियों के नाम अपील जारी किया है। इस संबंध में वीडियो द्वारा जारी अपील में कहा गया है कि सरकार के द्वारा महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से उक्त योजना के तहत प्रोत्साहन हेतु एक हजार रुपया प्रतिमाह दिया जाना है, जिसके लिए सरकार से गाइड लाइन दिया गया है। मगर किसी तरह का फार्म अभी नहीं भरा जा रहा है, मगर सुनने में आ रहा है कि कुछ लोग इस तरह के फर्जी फार्म भरने में लगे हुए है, वैसे लोगों से अपील है कि इस तरह का कृत्य करना मंजूर नहीं है, जानकारी होने पर इस तरह के लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

इसे देखते हुए प्रखंडवासियों से अपील है कि किसी के भ्रम जाल में नहीं पड़ना है। साथ ही बीडीओ के द्वारा कहा गया है कि प्रखंड अंतर्गत सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ सभी पंचायत प्रनिधियों से आग्रह है कि इसकी सूचना मिलने पर मुझे सूचित करें। उन्होंने कहा है कि जब उपायुक्त कार्यालय से निर्देश मिलेगा गांव से लेकर पंचायत स्तर पर लोगों को जागरूक किया जायेगा।

# गुरु समाज और राष्ट्र के सच्चे धरोहर होते हैं: एमपी केसरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट +2 स्कूल में गुरू- पूर्णिमा के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं को तिलक लगाकर और वंदन गीत गाकर सम्मान प्रकट किया। विद्यालय के निदेशक ने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए अपनी ओर से उपहार भेंट की। इस अवसर पर निदेशक ने कहा कि गुरु पूर्णिमा को आषाढ़ पूर्णिमा और व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा का यह पर्व महर्षि वेद व्यास को समर्पित है क्योंकि इस दिन ही महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। भारतीय संस्कृति में इसी दिन शिष्य अपने गुरुओं की पूजा करते है। उन्होंने कहा कि वास्तव में आज के दिन ही शिक्षक दिवस अथवा गुरु दिवस का आयोजन होना चाहिए। वैसे आचार्य देवो भव विचारधारा के साथ हमारे जीवन में गुरु का विशेष महत्व होता है। भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से भी बढ़कर माना जाता है। संस्कृत में 'गु' का अर्थ होता है अंधकार (अज्ञान) और रु का अर्थ होता है प्रकाश (ज्ञान)। गुरु हमें अज्ञान रुपी अंधकार (अज्ञान) से प्रकाश (ज्ञान) रूपी मार्ग को प्रसस्त करते हैं। इस दिन कई महान गुरुओं का जन्म भी हुआ था। इसी दिन गौतम बुद्ध ने धर्मचक्र प्रवर्तन किया था। इस पर्व को हिंदू ही नहीं बल्कि जैन, बौद्ध और सिख धर्म के लोग भी मनाते हैं। माता और पिता अपने बच्चों को संस्कार देते हैं, पर गुरू सभी को अपने बच्चों के समान मानकर ज्ञान और संस्कार से भाव भरते हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्राचार्य बसन्त ठाकुर, शिक्षक मुकेश कुमार भारती, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, निलम, अभिषेक, रिजवाना, सुनिता, करन, शिवानी, संतोष, अवधेश आदि के साथ अन्य शिक्षक शिक्षकेत्तर की भूमिका सराहनीय रही।

# डॉ साकेत ने बच्ची के हृदय का जटिल और झारखंड का पहला सफल ऑपरेशन करके बच्ची को दिया नया जीवन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** स्थानीय कांडी प्रखंड निवासी एक डॉक्टर ने दिल का कठिन और झारखंड का पहला ऑपरेशन करके एक बच्ची को नया जीवन दिया है। इसके लिए उक्त डॉक्टर की चारों तरफ प्रशंसा हो रही है। मालूम हो कि कांडी प्रखंड अंतर्गत पंचायत और गांव पतिला निवासी स्वर्गीय कामेश्वर प्रसाद सोनी के पुत्र कार्डियक सर्जन डॉक्टर साकेत सोनी ने 9 वर्षीय बच्ची के हृदय का बिल्कुल जटिल और अपने तरह का पहला ऑपरेशन करके उसे जीवन दान दिया है। रांची स्थित पल्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में यह बीएसडी माइक्रो सर्जरी की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लातेहार जिला के बालूमाथ निवासी नंदकिशोर साहू की 9 वर्षीया पुत्री को दिल में छेद था। इस बात की जानकारी होते ही परिवार के लोग बहुत परेशान हो गये। इलाज के लिए नंदकिशोर साहू ने अनेक अस्पतालों की खाक छानी। मगर सभी ने इलाज से साफ इंकार कर दिया।

डॉक्टर साकेत सोनी ने उन्हें माइक्रो सर्जरी की सलाह दी और शत प्रतिशत सफलता का भरोसा दिलाया। चूंकि यह वीएसडी माइक्रो सर्जरी का झारखंड में पहला ऑपरेशन था। लेकिन डॉक्टर साकेत ने इसे चैलेंज के रूप में स्वीकार किया। और सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के दो दिनों के बाद परी कुमारी को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। अब परी कुमारी बिल्कुल स्वस्थ है। इस संबंध में डॉक्टर साकेत कुमार सोनी ने कहा कि वीएसडी जिसे मेडिकल टर्मिनोलॉजी में वेंट्रिकुलर सेफ्टी डिफेक्ट बोलते हैं। यह एक जटिल जन्मजात हृदय छिद्र होता है। जिसमें अधिकतर केस में ओपन हार्ट सर्जरी की जरूरत पड़ती है। इसके साथ ही समय पर सर्जरी बहुत जरूरी होता है। सही समय पर सर्जरी नहीं होने से फेफड़ों का प्रेशर बढ़ता जाता है और जल्द ही मरीज ऑपरेशन के स्टेज को भी पार कर जाता है। ऐसी स्थिति में मरीज को बचाना असंभव की सीमा तक कठिन हो जाता है। कम खर्चे में इस तरह का यह पहला ऑपरेशन किया गया है। डॉ साकेत ने कहा कि दिल में किसी भी प्रकार का छिद्र होने से अब राज्य से बाहर जाने की जरूरत नहीं है। मालूम हो कि इस तरह की बीमारी को लेकर झारखंड राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के लोग सीएमसी वेल्लोर, बेंगलुरु, हैदराबाद और छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित अस्पतालों के साथ-साथ पीजीआई लखनऊ और दिल्ली के कई अस्पतालों का चक्कर लगाया करते हैं। जो कमजोर आर्थिक स्थिति वाले लोगों के लिए कतई संभव नहीं है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 21 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


# गांजा तस्कर तौफीक और उसके दो साथी ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार

**10 ग्राम ब्राउन शुगर, सात मोबाइल व एक कार बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** गांजा तस्करी मामले का उदभेदन करते हुए लोहरदगा पुलिस ने तस्करी का मुख्य आरोपी तौफीक अंसारी व उसके दो साथी को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 10 ग्राम ब्राउन शुगर, सात मोबाइल फोन और एक सफेद रंग का हुण्डाई केटा कार जिसका रजिस्ट्रेशन नं० जेएच 09 एएच 2881 जब्त की है। तौफीक अंसारी के विरुद्ध सेन्हा थाना कांड संख्या 46/24, दिनांक 22.06.2024, धारा 20(बी)(2) सी/25/28/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज है। शनिवार को पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार तिर्की ने पत्रकारों के समक्ष आरोपियों को प्रस्तुत करते हुए बताया कि पिछले माह के दिनांक 21-22 जून को पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम कल्हेपाट, थाना सेन्हा अवस्थित तौफिक अंसारी के घर तथा वाहन पार्किंग में लगे वाहन में अवैध मादक पदार्थ तस्करी हेतु रखा गया है। जिसके आलोक में एक टीम का गठन किया गया तथा तौफिक अंसारी के घर और वाहन पार्किंग में लगे वाहन का विधिवत तलाशी लिया गया, तो वाहन सं० डीएल 8 सीएसी 2826 से कुल पांच बोरा (139 पैकेट) कुल वजन 144.350 कि०ग्रा० अवैध गांजा, अन्य मादक पदार्थ और कुल तीन चार पहिया वाहन को जप्त किया गया था। घटना कारित करने के उपरांत इस कांड में संलिप्त अपराधकर्मी भागे-भागे फिर रहे थे। 19.07.2024 को पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा के गुप्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा के निर्देशानुसार पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय, लोहरदगा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसके उपरांत टीम के द्वारा सेन्हा थाना अंतर्गत ग्राम कंडरा अवस्थित रोड डायवर्जन के पास से इस कांड में संलिप्त प्राथमिक अभियुक्त तौफिक अंसारी, अप्राथमिक अभियुक्त अफसर अंसारी, समशेर अंसारी, को गिरफ्तार किया गया।

छापामारी टीम में डीएसपी समीर कुमार तिर्की, पुलिस निरीक्षक, लोहरदगा अंचल सच्चिदानंद साहू, सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार, पुअनि मनोज कुमार, पुअनि मनीष कुमार महतो और अन्य शामिल थे।

# बालूमाथ के छात्र पल्लव सिन्हा की हत्या दोस्तों ने पिठोरिया घाटी में कर शव को फंदे से लटकाया

**मृतक के पिता ने बताया कि मेरे पुत्र को साजिश के तहत हत्या कर आत्महत्या का रुप दिया जा रहा है**

संतोष सिन्हा/कुतुबुद्दीन





फाइल फोटो : पल्लव सिन्हा और उनके घर के बाहर जुटी भारी भीड़।

**बालूमाथ/बारियातू।** थाना क्षेत्र के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत बचरा ग्राम और वर्तमान मे बालूमाथ निवासी कमल किशोर सिन्हा के 19 वर्षीय पुत्र पल्लव राज सिन्हा का शव रांची के पिठौरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरातु घाटी के समीप से पिठौरिया पुलिस ने बरामद किया। जिसे पिठौरिया पुलिस ने शव को कब्जे में कर परिजनों को सुचना देते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने पिठौरिया थाना प्रभारी को आवेदन देकर हत्या का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया है। आवेदन के माध्यम से मृतक के पिता ने बताया कि मेरे पुत्र को साजिश के तहत हत्या कर आत्महत्या का रुप दिया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मेरा बड़ा पुत्र पल्लव राज सिन्हा रांची स्थित प्रेमसन्स मोटर के समीप रूम लेकर रहता था और बीसीए कि पढ़ाई कर रहा था। 19 जुलाई की शाम लगभग 4 बजे मेरे दुसरे बेटे हर्ष राज के मोबाइल में मेरे बड़े बेटे का मित्र अंकित सिंह का कॉल आया और पुछा की पल्लव राज सिन्हा कहां है। उसके बाद पुनः शाम 5 बजकर 19 मिनट में कॉल कर बताया कि पल्लव राज सिन्हा ने पतरातु घाटी के पास आत्महत्या कर लिया है, तुमलोग जल्दी पहुंचो। इसके पश्चात हर्ष राज के द्वारा अपनी मां मेरी पत्नी को कॉल कर बताया कि भैया आत्महत्या कर लिये हैं। आपलोग जल्दी पहुंचीये। सुचना के पश्चात हमसभी परिवार घटना स्थल पतरातु घाटी पहुंचे, तो देखा कि मेरा पुत्र जमीन पर मृत अवस्था में पड़ा है। कान और नाक से खुन बहने का निशान है। आगे बताया कि मेरे बेटे पल्लव राज और मित्र आकाश के बीच पैसे को लेकर विवाद चल रहा था। घटनास्थल पर मौजूद आकाश, अंकित सिंह, राहुल, तुसार और अंकित तथा कुछ अन्य मित्र मौजूद थे। मुझे पुर्ण विश्वास है कि मेरे बेटे पल्लव राज सिन्हा को उपरोक्त साथियों द्वारा पतरातु घाटी बुलाकर साजिश के तहत हत्या कर दिया गया है और आत्महत्या का रुप दिया गया है। आवेदन में थाना प्रभारी से आवेदन के आधार पर कार्रवाई करने की मांग किया है। इधर शव पोस्टमार्टम के पश्चात शनिवार संध्या लगभग 6:30 बजे बचरा ग्राम पहुंचा। अचानक हुई इस घटना से पुरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

## मुर्की से तोड़ार तथा पंचायत मुख्यालय जाने वाली सड़क जर्जर, आवागमन में हो रही है परेशानी



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत सामुदायिक भवन मुर्की से जतरा बगीचा होते हुए तोड़ार पंचायत भवन तक जाने वाला सड़क लगभग तीन किलोमीटर तक पथ का स्थित काफी जर्जर है। साथ ही चौकनी, डोंडू, मैना टोली, तोड़ार, पखनटोली सहित अन्य गांव के ग्रामीण लोग को प्रखंड और जिला मुख्यालय आने-जाने का भी यह पथ है। वहीं ग्रामीण शिवदेनी महतो, दीपक, नन्दकिशोर, उर्मिला, सीता, रामकिशोर, मंजू, गोपाल, रामप्रसाद सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि जिला परिषद द्वारा इस पथ का पीसीसी होना है, परंतु ठीकेदार साजिद आलम अंसारी द्वारा बालू और चिप्स गिरा कर जेसीबी से गड्डा खोद कर काफी दिनों से छोड़ दिया गया है। जिसके कारण ग्रामीण और अन्य लोगों को आने जाने में काफी असुविधा हो रही है। वहीं ग्रामीणों द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सेन्हा को आवेदन देते हुए जल्द सड़क निर्माण का मांग किया गया है। वहीं ग्रामीणों का ये भी कहना है कि मुर्की, तोड़ार कृषि बहुल गांव है जहां से प्रत्येक दिन किसान काफी मात्रा में साग सब्जी लेकर सेन्हा व लोहरदगा बाजार ले जाते हैं। बीमार व्यक्ति या गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में काफी भी परेशानी होती है। प्रखंड विकास पदाधिकारी से ठीकेदार को बोल कर जल्द सड़क निर्माण कराने की बात कही है। रास्ता बन जाने से इस क्षेत्र के ग्रामीणों को बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने या ग्रामीणों को प्रखंड व जिला मुख्यालय जाने आने में काफी सुविधा होगी।

# मूक बधिर युवती से दुष्कर्म, मामला दर्ज, आरोपी फरार

**सुनियोजित तरीके से हिंदूवादी युवतियों को किया जा रहा है टारगेट, गिरफ्तारी नहीं तो होगा लोहरदगा बंद : बजरंग दल**

आजाद सिपाही संवाददाता



महिला थाने के बाहर मौजूद हिंदूवादी संगठन के प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** मुक बधिर गरीब नाबालिक युवती से शुक्रवार देर शाम उसके घर का दरवाजा तोड़कर बलपूर्वक दुष्कर्म करने की घटना से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के मुरकी तोराङ गांव की है। दुष्कर्म का आरोपी की पहचान मुर्की तोड़ार गांव निवासी रोज्जामुद्दीन अंसारी का 40 वर्षीय पुत्र मुस्तफा अंसारी के रूप में हई है। देर शाम पीड़िता परिजनों के साथ शहरी क्षेत्र स्थित महिला थाना में आकर आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज करायी है। दर्ज मामले में दुष्कर्म समेत आरोपी के विरुद्ध पोक्सो एक्ट के तहत मामला पुलिस ने दर्ज किया है। घटना के बाद से आरोपी मुस्तफा अंसारी फरार है।

समाचार लिखे जाने तक आरोपी मुस्तफा अंसारी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। घटना को लेकर हिंदूवादी संगठन में आक्रोश व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार घटना की सूचना पर शुक्रवार देर शाम बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, जय श्री राम समिति समेत अन्य हिंदूवादी संगठनों के प्रतिनिधि महिला थाना पहुंचे थे। हिंदूवादी संगठनों ने घटना पर तीव्र आक्रोश प्रकट कर शीघ्र आरोपी मुस्तफा अंसारी की गिरफ्तारी करने की मांग किया है। इस दौरान बजरंग दल जिला प्रमुख उमेश सिंह ने कहा कि, लोहरदगा जिले में सुनियोजित और संरक्षित तरीके से समुदाय विशेष द्वारा हिंदू महिलाओं और युवतियों को टारगेट कर उनका मानसिक और शारीरिक दोहन किया जा रहा है। इस माध्यम से हिंदू युवतियों का धर्मांतरण का खेल चल रहा है। बावजूद, इस पर नियंत्रण लगाने के लिए शासन प्रशासन गंभीर नहीं दिखाई देता है। इससे समुदाय विशेष के लोगों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर हिंदूवादी संगठनों का आह्वान पर लोहरदगा बंद का हवन किया जायेगा।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रस्तावित कुल 03 मामलों पर विभागवार चर्चा हुई और सर्वसम्मति से सभी मामलों को अनुमोदित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुजाता कुजूर, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, स्थापना उप समाहर्ता अभिनीत सूरज, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी व संबंधित विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## माटी की पार्टी है आजसू : लाल गुड्डू नाथ शाहदेव



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू प्रखंड के तान गांव और टांटी पंचायत में आजसू पार्टी की ओर से चूल्हा प्रमुख बनाने के लिए बैठकें की गयी। ग्रामीणों से जनसंपर्क किया गया और संगठन को निचले स्तर पर मजबूत करने का जो निर्णय पार्टी ने लिया है, उसके अनुरूप सभी गांव में आजसू के कार्यकर्ता घर-घर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। केंद्रीय सचिव सह जिला संयोजक आजसू पार्टी के लाल गुडडू नाथ साहदेव ने कहा की आजसू पार्टी 'माटी की पार्टी है' यहां का दुख दर्द आजसू पार्टी ही जान सकती है। आज सत्ता में बैठे लोगों को यह जवाब देना चाहिए कि बिना भ्रष्टाचार के किसी भी कार्यालय में कोई काम नहीं होता है। गरीब का दुख सुनने वाला कोई नहीं है। प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान ने कहा कि हमारा एक-एक कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस चुका है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान अनुसूचित जनजाति मोर्चा आजसू के अध्यक्ष विजय उरांव जिला के पदाधिकारी और प्रखंड के पदाधिकारियों में कनवर लाल बादल सहदेव, रिंकू मांझी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे

## एक दिवसीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन




लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार जिला के अंतर्गत कस्तूरबा आवासीय विद्यालय लातेहार में एक दिवसीय कार्यक्रम रखा गया जिनमें मुख कार्यशाला फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर PCI India ऑर्गनाइजेशन की ओर से आयोजित किया गया। जिसमे जिला समन्वयक विक्रम कुमार और प्रखंड समन्वयक जियाउल हक ने उपस्थित होकर विशेष जानकारी बालिकाओं को MDA IDA अभियान में दी जाने वाली दवा के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही साथ छात्राओं को 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलने वाले कार्यक्रमों में फाइलेरिया रोधी दवा सेवन करने हेतु उम्र और लंबाई के अनुसार दवा की मात्रा के बारे में विशेष जानकारी दिया गया है। कार्यक्रम में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के सभी टीचर और विद्यार्थियों सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे।

# अभिजीत ग्रुप से लगातार अवैध तरीके से चोरी जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार जिले के चंदवा प्रखण्ड के अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट से इन दिनों लोहे का चोरी का खेल धड़ल्ले से जारी है। और बालूमाथ कबाड़ी के दुकानदार द्वारा किया जाता है। प्रत्येक दिन 70-80 मोटरसाइकिल एवं कुछ पिकअप वैन से अभिजीत ग्रुप का लोहा की चोरी कर लाते हैं और कबाड़ी की दुकान में भेज देते हैं। सूत्रों की मानें तो प्रत्येक दिन लगभग एक सौ टन लोहा चोरी हो रहा है और 4-5 ट्रकों के माध्यम से प्रत्येक दिन अन्यत्र भेजा जाता है। इस खेल में बंगाल के दर्जनों लोग पूरे रात स्क्रैप को काटकर लाते हैं। कभी-कभी दिन में भी दिनदहाड़े चोरी का स्क्रैप ढोया जाता है।

सूत्रों की माने तो सिर्फ जून महीना में एक करोड़ से ज्यादा का स्क्रैप चोरी कर बाहर की मंडी में भेजा गया है। इस अवैध धंधा में कबाड़ी दुकानदार संबंधित विभाग को मैनेज कर कार्य किये जाने की बात कही जा रही है। अभिजीत ग्रुप द्वारा प्लांट का सीएचपी एरिया का लोहा का एंगल और बड़े-बड़े मोटे चादरा प्लांट का बड़े हिस्से को शुक्रवार की रात्रि गैस कटर से काटकर आधा ले जाया गया और आधा अभी भी उसी स्थल पर पड़ा हुआ है। ज्ञात हो कि पिछले कई माह से चंदवा प्रखंड में अभिजीत ग्रुप के पावर प्लांट को स्क्रैप बेचे जाने कि निविदा होने के बाद यह कार्य किया जा रहा था। लेकिन इस कार्य में वैध कार्य कम और अवैध कार्य ज्यादा किया जा रहा है। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में आधा दर्जन कबाड़ी दुकान संचालित है और सभी कबाड़ी दुकानदार पिछले दो महीने में इस अवैध कारोबार में माला माल हो चुके है। एक कबाड़ी ढोने वाला व्यक्ति ने बताया कि हम लोग अभिजीत ग्रुप से चोरी का लोहा लाकर कबाड़ी दुकान में बेचते हैं और इसमें प्रत्येक दिन 20 से 25 हजार तक एक मोटरसाइकिल चालक कमा ले रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बालूमाथ प्रखंड में लगभग 70-80 की संख्या में मोटरसाइकिल से कबाडी के नाम पर स्क्रैप की ढुलायी की जाती है।

## बाबा विश्वनाथ मंदिर के 17वें स्थापना दिवस पर कलश यात्रा का आयोजन



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के पैरा स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर की 17वीं स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को कलश जल यात्रा समारोह का किया गया आयोजन। मंदिर की स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थान से पहुंचे मंदिर परिसर से बाबा विश्वनाथ मंदिर के महिला पुरुष समेत काफी संख्या में भक्त गाजे बाजे के साथ प्रखंड के सकताही नदी पंहुचे। जहां पर मंदिर के संस्थापक सह मुख्य पुजारी आचार्य बाबा विश्वनाथ सिंह समेत उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना के बाद सभी भक्त के कलश में जल अर्पण किया गया। जिसके बाद शिव जयकारा व बोल बम के नारों के साथ कलश जल यात्रा समारोह नदी से निकल कर पुल नदी, बस स्टैंड, बाजार, आदर्श नगर, गदवातांड होते हुये पैरा मंदिर परिसर में आकर स्थापित किया गया। इसके बाद मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर भगवान भोले की जलाभिषेक और पूजा अर्चना किया गया। मंदिर स्थापना दिवस कार्यक्रम के उपरांत भजन कीर्तन प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं देर रात्रि मंदिर परिसर में भंडारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वहीं 21 जुलाई को अखंड कीर्तन का आयोजन के उपरांत हवन और प्रसाद वितरण भी किया जायेगा। कार्यक्रम कोसफल बनाने में संत कबीर तुलसीसेवा आश्रम बाबा विश्वनाथ सिंह, ननदेव सिंह, जीतन यादव, संजय सिंह समेत काफी संख्या में सभी सदस्यों, बाबा विश्वनाथ मंदिर, श्री राम दरबार के सभी सदस्यों समेत आसपास के भक्तो ने अपना योगदान दिया।

## लोहरदगा युवा कांग्रेस ने 'चलो पंचायत चलो वार्ड' अभियान की शुरुआत की



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा युवा कांग्रेस के द्वारा प्रखंड पेशरार एवं प्रखंड किस्को में 'चलो पंचायत चलो वार्ड' अभियान कार्यक्रम की शुरूवात की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष पेशरार जयप्रकाश गुप्ता और प्रखंड अध्यक्ष किस्को जसीम अंसारी और जिला प्रभारी संदीप कुमार की उपस्थिति में की गयी। बैठक में प्रखंड और पंचायत कमीटियों की जांच की गयी और संगठन को और मजबूत करने के निर्देश दिये गये। जिला प्रभारी संदीप कुमार ने कहा कि आज सुदूरवर्ती ब्लॉक पेशरार और किस्को से चलो पंचायत चलो वार्ड अभियान की शुरूआत की गयी है। अभियान से प्रखंड, पंचायत और वार्ड के युवा हमारी युवा कांग्रेस की टीम से जुड़ कर पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। पार्टी की विचारधारा, कार्य, उपलब्धियां और राहुल गांधी की युवा सोच को घर घर तक पहुंचाने का काम करेगी। जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा की आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर युवा कांग्रेस तैयार है। मौके पर रविंदर सिंह खेरवार, जिला उपाध्यक्ष असलम अंसारी, जिला महासचिव कैश आलम, जिला महासचिव, आफताब आलम, फारुख, दिलनवाज, अनिमा, सानू , बिगनी सुमेश्वर आदि उपस्थित थे।

## ट्रेन से गिरकर युवक हुआ घायल

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह डालटनगंज रेल खंड के मंगरा रेलवे स्टेशन के समीप अमडिहा ग्राम के पास ट्रेन से गिरकर एक युवक घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सासाराम रांची एक्सप्रेस से खूंटी के रहने वाला युवक सबन डांग पिता सनिका डांग डाल्टनगंज से रांची जा रहा था। इसी बीच ट्रेन के झटके से वह अमडीहा ग्राम के समीप ट्रेन से गिर कर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने पंचायत के मुखिया बिपिन बिहारी सिंह को घटना की सूचना दी। मुखिया ने स्वयं व दूसरे लोगों की मदद से उसे तत्काल सीएचसी बरवाडीह लाकर इलाज करवाया जहां युवक की स्थिति ठीक बतायी गयी। घटना की जानकारी घायल युवक ने अपने परिजनों को दे दी।

# मनरेगा कार्य की गति को देख उपायुक्त ने जतायी नाराजगी

**उपायुक्त ने शीघ्र अति शीघ्र लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में मनिका प्रखंड कार्यालय के सभागार में मनिका प्रखंड अंतर्गत जिला ग्रामीण विकास विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।


बैठक में मनिका प्रखंड अंतर्गत मनरेगा, बिरसा हरित ग्राम योजना, अबुआ आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, आम बागवानी योजना, पीएम आवास, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना समेत अन्य योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गयी और वर्तमान प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने मनिका प्रखंड के सभी पंचायतो में चल रहे कार्य प्रगति की क्रमवार जानकारी ली और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। इस दौरान बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत अब तक मनिका प्रखंड अंतर्गत कार्यान्वित की गयी प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य की शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि योजना के तहत दो चरण (फेज) में मनिका प्रखंड में कुल 52 खेल मैदानों के विकास का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके विरुद्ध 16 को पूर्ण कर लिया गया है। इस पर उपायुक्त द्वारा रोष प्रकट करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका को निर्देशित करते हुए कहा गया कि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। ऐसे में सभी पंचायतों में स्थल चयन करते हुए वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत कराये जाने वाले कार्यों को ससमय पूर्ण करें।

बैठक में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा के क्रम में बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना की स्वीकृति, आधार सीडिंग, पीडी जेनरेशन, रिजेक्शन ट्रांजैक्शन इत्यादि को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए गति के साथ शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि क्षेत्र का भ्रमण करते हुए योजनाओं का भौतिक सत्यापन कर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी लाभुकों का लंबित भुगतान शीघ्र करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जियो टैगिंग करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण 2016 से 2022 में प्राप्त लक्ष्य, लक्ष्य के विरूद्ध पूर्ण आवास व लंबित आवास, किश्त राशि का भुगतान आदि बिंदुओं की विस्तार से जानकारी ली गयी। जिन पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य धीमा है और पूर्ण हुए आवासों की संख्या कम है, वहां के लाभुकों को शीघ्र आवास पूर्ण करने के लिए निर्देश दिया गया। इस क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी और बीपीओ को लंबित योजनाओं में प्रगति लाने का सख्त निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उपायुक्त ने शीघ्र अति शीघ्र लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही आवास योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजन अंतर्गत निर्मित/ निमार्णाधीन आवासों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावे 15वें वित्त आयोग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## जीवन के सबसे बड़े प्रेरणास्रोत होते हैं गुरुजन : प्रधानाचार्य



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गुरुपूर्णिमा का त्यौहार। कार्यक्रम आयोजित से पूर्व सरस्वती माता, ॐ और भारत माता के चित्र पर दिप प्रज्वलन किया गया। साथ ही विद्यालय के भैया बहनों द्वारा अपने शिक्षण कक्ष को आकर्षक ढंग से सजाया गया था.जिसके पश्चात तीन सदस्यीय निर्णायक मंडली के द्वारा उत्कृष्ठ सजावट के लिए कक्षा प्रमुख को पुरस्कृत किया गया। वहीं विद्यालय के वरिष्ठ आचार्या प्रतिभा देवी ने भैया बहनों को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि जीवन में गुरु की महिमा अपरम्पार है। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सफलता महत्वपूर्ण होता है इसके लिए गुरु का ज्ञान और आशीर्वाद के बिना सम्भव नही है। गुरु सभी के प्रेरणा स्त्रोत होते हैं। वहीं कक्षा दसवीं के बहनों द्वारा गीत संगीत का आयोजन किया गया। मौके पर प्रतिभा देवी, सुषमा देवी, मीना देवी, सुधीर उरांव, डॉली कविता, मालती कुमारी, जयप्रकाश सिंह, संध्या सहित सभी आचार्य आचार्या और छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

## होमगार्ड बहाली के 173 अभ्यर्थी सफल

गुमला (आजाद सिपाही)। जिले में होमगार्ड बहाली को लेकर लगातार प्रक्रिया शुरू है। शनिवार को आई.आर.बी.- 5 नागफेनी में आयोजित बहाली प्रक्रिया में 937अभियार्थियों ने आवेदन किया था। इन अभियार्थियों में से कुल 486 उम्मीदवारों ने भाग लिया। भर्ती की प्रक्रिया के बाद अब तक कुल 173 उम्मीदवार सफल हुए। इन अभियार्थियों ने दौड़, शारीरिक जांच एवं परीक्षा तथा हिंदी लेखन की परीक्षा दी।

## आज 10 बजे से दो बजे तक बिजली नहीं रहेगी

गुमला (आजाद सिपाही)। रविवार को शहर में चार घंटे बिजली नहीं रहेगी। 21 जुलाई को 132/33 केवी गुमला सब ग्रिड, पालकोट रोड़, गुमला में मेंटेनेंस कार्य हेतु गुमला जिले में सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक विद्युत व्यवस्था बाधित रहेगी। इस दौरान 132/ 33 केवी गुमला सब ग्रिड में मेंटेनेंस वर्क किया जायेगा एवं विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, गुमला कार्यालय द्वारा पेड़ों के शाखों की कटाई की जायेगी।

### गुमला में लगातार हो रही चोरी की घटना का पुलिस ने किया उद्भेदन

# चोर गिरोह सहित खरीदार भी गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला में लगातार चोरी की घटना से परेशान पुलिस ने आखिरकार चोरी की घटनाओं का पदार्फाश कर के ही दम लिया। चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस की नाक में दम करने वाले शातिर चोर महबुल अंसारी अब गुमला थाना की पुलिस की गिरफ्त में हैं। चोरों को अंबोआ से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार महबुल के साथ पुलिस ने उसके पत्नी आसमा खातुन को भी गिरफ्तार किया है साथ ही गिरफ्तार शातिर चोर महबुल की निशानदेही पर चोरी का जेवर खरीदने के आरोप में पुलिस ने चेयरमैन गली स्थित पूजा ज्वेलर्स के संचालक जवाहर नगर निवासी वकील सोनी को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों अभियुक्त को पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। प्रेस कांफ्रेंस में एसपी शंभु कुमार सिंह ने कहा कि गुमला में बढ़ी चोरी की घटना को रोकने और चोर की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। बुधवार को डाक्टर के घर में हुई चोरी का गुमला थाना में मामला दर्ज करने के बाद पुलिस की टेक्निकल सेल ने सीसीटीवी फुटेज और स्पाई के माध्यम से सूचना संकलन करने का काम किया। टेक्निकल सेल के जवानों ने गुरुवार को सीसीटीवी फुटेज खंगाला। ज्वेलरी के दुकान में जेवर बेचने के मामले में पुलिस ने सबसे पहले अंबोआ से महबुल अंसारी को गिरफ्तार किया। महबुल मूल रूप से साहेबगंज का रहने वाला हे और अंबोआ में अपना ससुराल में रहकर काम करता था। कुछ दिनों से चोरी की घटना को अंजाम दे रहा था। एसपी ने बताया कि गुमला में अब तक दस घरों में चोरी की घटना स्वीकार किया है। चोर महबुल के अनुसार एसपी ने कहा कि चोरी का जेवर वकील सोनी को बेचने तथा पूर्व में लिटीपाड़ा के रंजन के पास भी जेवर बेचने की बात कही। उसके निशानदेही पर पुलिस ने उसके अंबोआ स्थित ससुराल आवास से और वकील सोनी के घर से लगभग 25 से 30 लाख रुपये के जेवर को बरामद कर जब्त किया। एसपी ने बताया कि महबुल चोरी मामले में पाकुड़, साहेबगंज एचं बोकारो जेल में रह चुका है। एसपी ने कहा कि चोर गिरोह में अन्य लोग भी शामिल हैं जिनके खिलाफ कार्रवाई चल रही हे। उन्होंने जनता से घर छोड़ने से पहले थाना या पड़ोसियों को सूचना देन या फिर घर में वैकल्पिक व्यवस्था कर के ही बाहर जाने की अपील की है। डॉक्टर सुरेंद्र साय के घर में चोरी की घटना का सीसीटीवी फुटेज देखने पर दिखा की चोर मकबूल लचक लचक कर चलता है। इसके बाद पुलिस की सूचना तंत्र ने मकबूल को खोज निकाला।



### दिन में रेकी कर रात में घटना को अंजाम देता था

शातिर चोर दिन में 10 से 11:00 बजे वह शहर के विभिन्न गली मोहल्ले में घूमता और देखा था कि किस घर में ताला बंद है। वैसे घरों को वह याद कर लेता था जिसके बाद घर चला जाता फिर शाम को 5 से 6 बजे वह फिर निकलता और ताला लगे घरों के पास फिर से जाकर देखा था कि वहां ताला लगा है या नहीं जिन घरों में ताला लगा रहता उन घरों को वह टारगेट कर लेता था जिसके बाद रात 12:00 के बाद वह घर से निकलता और उन घर में पहुंचता जहां ताला लगा था। इसके बाद एक घर का चयन कर वह उस घर में चोरी की घटना को अंजाम देकर वापस अपने गांव अंबवा लौट जाता था।

## गुमला जिला बन रहा है रोहिंग्या मुसलमानों का अड्डा: दीपक ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला प्रखंड अंतर्गत दुर्गा मंदिर टोटो के परिसर में विहिप बजरंग दल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बजरंग दल प्रान्त संयोजक दीपक ठाकुर ने कहा कि गुमला जिला देश विरोधी और रोहंगिया घुसपैठी मुसलमान का धीरे-धीरे अड्डा बनता जा रहा है। जिस तरह से टोटो में मोहर्रम के जुलूस में अवैध रूप से फिलिस्तीन झंडा लहराकर देश को अपमानित करने का कार्य किया गया है। टोटो में बार-बार इस तरह का घटना गुमला जिला के लिए शर्मसार है। प्रशासन आखिर चुप क्यों है ऐसे देशद्रोही घुसपैठियों पर यथा शीघ्र कार्रवाई करें। लव जिहाद, धर्मांतरण, गौ तस्करी का मामला प्रतिदिन गुमला जिला में सामने आ रहा है। प्रतिदिन ट्रक भर भर कर गौ तस्कर गौ तस्करी कर रहे हैं। लेकिन प्रशासन इस तरह के मामले को रोकने में पूरी तरह विफल है। गुमला जिला के प्रशासनिक पाधिकारियों को इनकी जांच करनी चाहिए क्योंकि गुमला जिला में लगातार चोरी के मामले, नशीली पदार्थ के मामले लगातार बढ़ रहे है। उपस्थित गण में कुलदीप सिंह केशव चंद्र साय मुकेश सिंह मनीष बाबू रविंद्र सिंह लायन मनीष शिवा गुप्ता अरविंद लोहारा पुरुषोत्तम भारद्वाज,अशोक साहू अमन कुमार गोलू कुमार सौरभ कुमार अरविंद लोहार अखिलेश साहू शिवा साहू अमर गुप्ता अभय गुप्ता सुरेन्द्र साहु नागेश्वर नाग किशन सिंह शिशम साहु राजेश सिंह सतिश सिंह भिखारी भगत, छोटेलाल उरांव सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया गुमला शाखा का 117वां स्थापना दिवस



गुमला (आजाद सिपाही)। शनीवार को बैंक ऑफ बड़ोदा गुमला शाखा का 117 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि बैंक के खाता धारक रमेश कुमार चीनी ने केक काटकर कार्यक्रम का आरंभ किया। उन्होंने कहा कि बैंक ऑफ बरोदा गुमला जिला में निरंतर आगे बढ़ रहा है, और यहां के खाता धारकों को बेहतर सुविधा दी जा रही है। जिस कारण बैंक में खाता धारकों की संख्या बढ़ते जा रही है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही बैंक का लक्ष्य होता है। बैंक ऑफ बड़ौदा के ग्राहक कहीं ना कहीं यहां से मिलने वाली सेवा से संतुष्ट हैं। इस दौरान बैंक में आए सभी ग्राहकों को चॉकलेट व केक का वितरण किया गया। मौके पर शाखा प्रबंधक संदीप मिंज निलमन लकड़ा, किशोर फोगला, द्वारिका मिस्त्र, संदीप कुल्लू जतिन उरांव अर्जित मेंस अजय सोरेन नागेंद्र पासवान अजय राम देवी तोपो जोसेफ तिरकु विष्णु बाड़ा समेत अन्य ग्राहक मौजूद थे।

## वाहन की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला घाघरा रोड में नवाडीह दसईटोली के बीच शनिवार के अपराह्न में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार सुकरा लोहरा 55 वर्ष और उसका पुत्र नीलेश लोहरा 21 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक बड़ा जिलिंगा का रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार मृतक सुरा लोहरा घाघरा के अरंगी गांव में रहता था और काम करता था। शनिवार को उसका पुत्र नीलेश लोहरा अपने पिता को लेने के लिए अरंगी गया था और पुत्र के बाइक में अरंगी से अपना गांव बड़ा जिलिंगा आ रहा था। गश्ती कर रहे एसआई जसमुद्दीन अंसारी ने नवाडीह दसईटोली के समीप से दोनों को ऑटो से सदर अस्पताल पहुंचाया जहां डा.सुनील किस्कू ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना स्थल पर प्रथम दृष्टया भारी वाहन ने बाइक सवार को कुचलते हुए पार हो गया। सुनसान जगह होने के कारण किस वाहन से दुर्घटना हुई स्थानीय लोग भी स्पष्ट नहीं बताया पा रहे हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन सदर अस्पताल पहुंच गए हैं और रो-रोक कर उनका बुरा हाल हो रहा था।

## रसोइया संघ ने नशामुक्त गुमला जिला बनाने के लिए निकाली जागरूकता रैली




गुमला (आजाद सिपाही)। झारखण्ड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन और झारखण्ड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका, अध्यक्ष संघ गुमला के तत्वाधान में शनिवार को रायडीह प्रखंड मुख्यालय में नशा मुक्त गुमला जिला को बनाने के लिए महिलाओं ने जागरूकता रैली निकाली। यह रैली प्रखंड परिसर से प्रारम्भ होकर बस स्टैंड, होता हुआ वन विभाग कार्यालय तक गया, फिर उसी मार्ग से वापस आकर सम्पन्न हुआ। इस दौरान महिलाएं नशा मुक्ति हेतु लोगों को प्रेरित करने के लिए विभिन्न प्रकार के नारे लगा रहे थे।गुमला जिला अध्यक्ष देवकी देवी ने बताया कि नशा के चपेट में आने से आज के युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकार मय हो गया है। कई घर -परिवार विखर गए हैं।किसी ने बेटा,किसी ने अपने पति को खोया है। नशा के कारण ही चोरी, बलात्कार, सामूहिक दुष्कर्म, हत्या, असहाय महिला को डायन कहकर प्रताड़ित किया जाता है फिर इसकी हत्या कर दी जाती है। मैं सरकार और प्रशासन से विनम्र आग्रह करती हूँ कि नशा के सौदागरों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाय।आम तौर पर देखा जाता है कि आरोपितों को जेल भेजा है। लेकिन जेल से छूटने के बाद पुन: वे घटना को अंजाम देने लगते हैं। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष एलिस एक्का, मो सीमा देवी,रतनी उरांव, इब्रानी देवी, कमला तिग्गा, तिजाइन खड़िया, ओहमा तिग्गा,थेदोरा तिग्गा आदि उपस्थित थे।

## गुमला विकास भारती बिशनपुर ने बैटरी चालित स्प्रे मशीन का वितरण किया

गुमला (आजाद सिपाही)। शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशनपुर के द्वारा आई सी ए आर -एस सी एस पी 2024-25 अंतर्गत बैटरी चलित स्प्रे मशीन का वितरण किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री महेंद्र भगत संयुक्त सचिव विकास भारती ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के किसानों के लिए यह मशीन का उपयोगी होगा। क्योंकि फसलों में छिड़काव करने के लिए उचित संसाधन नहीं होने के कारण समय पर फसलों में दवा का छिड़काव नहीं हो पाता है। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक इंजीनियर एनो राई ने बताया कि यह मशीन काफी उपयोगी है क्योंकि इसके द्वारा हम कम समय में ज्यादा क्षेत्र में छिड़काव कर सकते हैं साथ ही साथ इसके द्वारा नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एवं नैनो पोटाश का छिड़काव करने से उनके उत्पादन एवं उत्पादकता में जहां वृद्धि होगी वहीं उनकी फसल उत्पादन लागत में कमी आयेगी । उन्होंने बताया कि यह परियोजना केवल शेड्यूल कास्ट के लोगों के लिए है जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 21 किसानों ने भाग लिया।

# दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प, बैठक बुला कर जिला प्रशासन ने समझौता कराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के तुंजो गांव में बीते शुक्रवार को हुए दो समुदाय के बीच में हिंसक झड़क के बाद दूसरे दिन शनिवार को जिला प्रशासन व प्रखंड प्रशासन के नेतृत्व में दोनों गांव के लोगों के बीच समझौता बैठक किया गया। बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि कुछ लोगों के आपसी विवाद के कारण दो गांव के बीच में अशांति का माहौल नहीं बनने देंगे। ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाएगा और गांव में आपसे सौहार्द बनाकर जीवन यापन करेंगे। दोनों समुदाय से पाँच-पाँच लोगो का नाम चयन किया गया जो किसी भी विवाद का ग्रामीण स्तर पर निपटारा करेंगे या प्रशासन को जानकारी देंगे। बैठक में सीडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव बीडीओ दिनेश कुमार के द्वारा ग्रामीणों से बातचीत किया गया। जिसके बाद गांव वालों को बताया गया कि आपसी सौहार्द बिगड़ने के लिए कुछ सामाजिक तत्व लगातार प्रयास करते हैं, लेकिन ऐसे लोगों के चंगुल में ना फंसकर भाईचारगी से जीवन यापन करेंगे ताकि एक बेहतर समाज का परिकल्पना किया जा सके। बैठक में ग्रामीण ने कहा अचानक घटित घटना से मारपीट का घटना हुआ है, हम लोगों को इस पर कोई आपत्ति नहीं है। आने वाले दिनों में दोनों समुदाय के लोग भाईचारगी से रहेंगे। आने वाले समय में किसी भी तरह का विवाद होने पर पूरे घटनाक्रम का सूचना थाना को देंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि साप्ताहिक घाट में जुआ खेलने व शराब बिक्री को लेकर भी रोक लगाया जायेगा जो लोग ऐसे कार्य में शामिल होंगे। उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई के लिए थाना व पुलिस अधीक्षक महोदय को सूचना देंगे। बैठक में मुख्य रूप से अरुण कुमार पांडे, थाना प्रभारी तरुण कुमार, इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार, जिला परिषद सदस्य के तेतरू उरांव, हसमुद्दीन अंसारी, कलीम अंसारी, बैतूल खान, साबिर खान, हफीजुल रहमान, मुख्तार खान, निरंजन शेखर, सवाना भगत, केशव उरांव, लक्ष्मण उरांव, लालमणि देवी, शेखर, सूरज मुनि देवी, नीलमणि देवी, रतिया उरांव, जहबी देवी, घुड़ा उरांव, सोमारी देवी, सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# मुहर्रम पर लंगटा पबेया के अखाड़े ताजिया और झंडा का मिलान करते हुए मेले का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**सिसई।** मोहर्रम पर्व को लेकर शनिवार को सिसई बांस टोली स्थित कंस नदी तट में करकरी, बघनी, सिसई, लंगटा पबेया के अखाड़े ताजिया और झंडा का मिलान करते हुए मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान नारे तकबीर अल्लाहु अकबर, या अली या हुसैन के नारे के साथ मोहर्रम अखाड़ा मे मुस्लिम युवाओ के द्वारा एक से बढ़कर एक खेल कर्तब अस्त्र-शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात करकरी, बघनी, लंगटा पबेया मोहर्रम टीम वापस लौट गये। वहीं सिसई मोहर्रम टीम जुलूस के साथ सिसई बस्ती बाजार टांड़ में नाच गान करते हुए सिसई थाना परिसर पहुंचे,जहां हिंदु धर्मावलम्बीयों ने मोहर्रम टीम के पदाधिकारियों व प्रशासनिक पदाधिकारी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अखाड़े वाले अपने कला प्रदर्शन किया। जुलूस थाना रोड होते हुए मेन रोड बंटी कम्प्लेक्स के पास जमकर युवाओं ने अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नीतेश रौशन खलखो सहित विभिन्न स्थानों पर नियुक्त दंडाधिकारी विधि व्यवस्था में लगे रहे। वहीं सिसई सर्किल पुलिस निरीक्षक विनय कुमार, थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव, पुअनि अशीष कुमार पुअनि अजय कुमार, पुअनि फिरोज अंसारी पुअनि प्रमोद कुमार सुरक्षा व्यवस्था में डटे रहे। इस अवसर पर रहमान अंसारी, रब्बानी अंसारी, कयूम अंसारी ,असलम अंसारी, सउद अंसारी, जाकिर अंसारी, टिंकू अंसारी, जमील अंसारी, सल्लू अंसारी, आफताब अंसारी ,आजम अंसारी, मंजूर अंसारी, मंसूर अंसारी, अशफाक अंसारी, ऐनूल अंसारी, मुजाहिद अंसारी सहित व सिसई बस्ती, न्यू बस्ती छारदा रोड, रहमत नगर, मदरसा रोड के भारी संख्या में लोग जुलूस में शामिल हुये।

# मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लक्ष्य को लेकर 25 जुलाई को चलेगा नाम जांचो अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची को लेकर मतदाताओं को किसी प्रकार का कष्ट ना हो इस बात को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा नाम जांचों अभियान चलाया जाएगा यह जानकारी उपाय करण सत्यार्थी ने प्रेस वार्ता के दौरान दी।

**नाम सुधार, नाम जोड़ना या नाम हटाने को लेकर है यह आभियान**

उपायुक्त ने साफ किया कि मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए यह नाम जांचो अभियान चलाना जरूरी है। इस संदेश को प्रसारित करने के उद्वेश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने समाहरणलाय स्थित सभागार में शनिवार को एक प्रेस कांफ्रेंस बुलायी। जिसमे उन्होंने बताया कि द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 25 जुलाई को पूरे जिले में चलाया जायेगा। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से लेकर एक बजे तक अभियान चलेगा।

**वोटर सर्विस पोर्टल पर हो सकेगा ऑनलाइन आवेदन**

उपायुक्त ने बताया कि गुमला जिला में 25 जुलाई को यह अभियान एक घंटे तक चलेगा। इस दौरान मतदाता वोटर हेल्पलाइन ऐप्प या मुख्य चुनाव पदाधिकारी, झारखंड की वेबसाईट के माध्यम से मतदाता सूची में अपने नाम की जांच कर सकते हैं।

**योग्य मतदाता छूट न जाये**

उपायुक्त ने कहा कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में ना छूटे इसके लिए उक्त अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सोशल मिडिया के माध्यम से हैश नाम जांचों अभियान चलाया जायेगा। उपायुक्त ने मतदाताओं से अपील की कि मतदाता मतदान केंद्र में जाकर प्ररूप प्रकाशित मतदाता सूची में अपने नाम का जांच करा लें। इसके अतिरिक्त मतदाता वेबसाईट या वोटर सर्विस पोर्टल भी अपना नाम का जांच कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि 25 जुलाई को सभी मतदान केंद्रों पर प्ररूप प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति एवं प्रपत्र छह, सात व आठ के साथ बीएलओ उपस्थित रहेंगे। जहां वे नागरिकों को उक्त अभियान के बारे में जानकारी देंगे। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर मतदाता सूची में पंजीकरण आदि हेतु आम नागरिकों से भरा हुआ प्रपत्र भी प्राप्त करेंगे।

## मुख्यालय के सभागार में प्रखंड स्तरीय गरिमा सम्मेलन का हुआ आयोजन




भरनो (आजाद सिपाही )। प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड स्तरीय गरिमा सम्मेलन सह जनसुनवाई का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक जिग्गा सुसारण होरो उर्फ जिग्गा मुण्डा ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्धाटन किया। विधायक ने कहा जेसेलपीएस ग्रामीण स्तर पर बढ़िया काम कर रही है लोगों को जागरूक करने का कार्य हो रहा है किसी को बीमारी होने पर अंधविश्वास में ना पड़े सही समय पर डॉक्टर का इलाज लें और दिक्कत आए तो मुझ से भी मदद ले। डायन बिसाही के नाम पर समाज में व्यापक कुरीति फैला हुआ है. जिसको दूर करना जरूरी है ग्रामीण स्तर की महिलाओं को इस कुप्रथा की वजह से काफी कुछ सहन करना पड़ता है. साथ ही विधायक के द्वारा कहा गया सीईओ,बीडीओ एवं थाना प्रभारी को दिशा निर्देश देते हुए कोई भी फरियादी आए तो अच्छे से व्यवहार करें। साथ में नल जल योजना के संबंध में आवेदन विधायक तक पहुंचाने को कहा। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जॉनसन बड़ा, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण अरुण कुमार सिंह, सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा, कांग्रेस उपाध्यक्ष अजहर अली, शमशाद खान, मीर गुलजार, सोबराती अंसारी, जेसेलपीएस बीपीएम सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में वन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



गुमला (आजाद सिपाही)। इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न संकायों के बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से वनों के महत्व के विषय में सभी छात्र-छात्राओं को जागरूक किया । इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू जी के साथ ही दैनिक भास्कर की अधिकारी गण भी उपस्थित थे। इस लघु नाटिका में मूल रूप से श्रद्धानंद हाउस, दयानंद हाउस, विवेकानंद हाउस और हंसराज हाउस के सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी बेहतरीन अभिनय के माध्यम से लघु नाटिका को प्रस्तुत कर वाह वाही लूटी। वहीं दूसरी ओर ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान की ओर से आगंतुक अतिथियों के मौजूदगी में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू जी के द्वारा पौधारोपण किया गया । इस अवसर पर विभिन्न डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के इको क्लब के साथ ही साथ अन्य पोर्टफोलियो के सभी छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू जी ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए ने कहा कि वनों का प्रकृति से अटूट नाताहै। हम सभी को वनों के प्रति हमेशा सद्भाव पूर्ण व्यवहार रखना चाहिए वनों के कारण ही हमारा अस्तित्व है। हमें ज्यादा से ज्यादातर मात्रा में वनों को लगाना चाहिए साथ ही साथ उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने आगंतुक अतिथियों के मौजूदगी में सभी छात्र-छात्राओं से प्रतिज्ञा दिलाई की आने वाले वर्षों में वह इसी प्रकार वनों की देखभाल करेंगे एवं नए-नए पौधे लगाकर वातावरण को संतुलित बनाए रखने में अपनी सक्रिय सहभागिता निभायेंगे। इसअवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं और शिक्षक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती संजुक्ता खटुआ,कौशल किशोर महाराज, श्री अभिजीत झा और मोनिका गुप्ता , सुश्री हर्षिता आदि की अहम भागीदारी रही।

## बाबा टांगीनाथ धाम पहुंच कर उपायुक्त ने की पूजा-अर्चना



गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी शनिवार को डुमरी प्रखंड के बाबा टांगीनाथ धाम पंहुच कर पूजा अर्चना की वहीं श्रावणी मेले की हो रही तैयारियों का जायजा लिया। जिसके बाद मंदिर परिसर में बाबा टांगीनाथ धाम विकास समिति के लोगों के साथ बैठक हुई जिसमें समिति के लोगों ने मंदिर विकास से संबंधित कई मुद्दों को उपायुक्त के समक्ष रखा। जिसमें मुख्य रूप से टांगीनाथ मोड़ से टांगीनाथ धाम तक सड़क की चौड़ीकरण करने, वृहद प्याउ निर्माण तथा सोलर युक्त लाईट लगाने एवं मंदिर परिसर में बिखरे पड़े शिवलिंग की सुंदरीकरण, धाम परिसर में 500 व्यक्ति की क्षमता वाले सभागार निर्माण, डुमरी चौक से बंदुआ होते हुए धाम परिसर तक सड़क चौड़ीकरण, सहित कई मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। इस मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर अनुमंडल पुर्णिमा कुमारी चैनपुर एस डी पी ओ अमिता लकड़ा डुमरी बीडीओ उमेश कुमार स्वांसी थाना प्रभारी अनुज कुमार सहित मंदिर समिति के लोग मौजूद थे।

**सख्ती : पांकी की 13 पंचायतों में राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव और मुखिया करेंगे निगरानी**

# अवैध खनन पर लगेगा ब्रेक : सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पलामू डीसी के निर्देश पर सीओ वरुण कुमार ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम गठित की है। पांकी प्रखंड के 13 पंचायत में राजस्व कर्मचारी और पंचायत सचिव मुखिया अवैध उत्खनन को लेकर निगरानी करेंगे। अब कोई व्यक्ति फोन के माध्यम से अपने आसपास हो रहे अवैध उत्खनन की सूचना दे सकता है। उक्त उत्खनन की शिकायत मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने कहा कि बालू के उत्खनन से सरकार को भी राजस्व का बड़ा नुकसान पहुंचता है। सीओ के कार्यालय से जारी आदेश में बताया गया है कि विभिन्न स्त्रोतों से बालू के अवैध उत्खनन और भंडारण सहित बालू पर विभागीय नियमों के विरुद्ध विभिन्न नदी में चोरी-छिपे बालू के उत्खनन की शिकायत मिलती रहती है। कार्रवाई के बाद अब अवैध बालू कारोबार पर लगाम लगाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि बालू संबंधित भंडारण को लेकर कागजात प्रस्तुत करना होगा। ऐसा नहीं करने पर उसे पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस टीम में राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया को सदस्य बनाया गया है। बालू को लेकर भंडारण से लेकर अवैध खनन तक की जानकारी प्रखंड मुख्यालय को देनी होगी। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि एनजीटी का रोक 16 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक है। इस अवधि में बालू का उत्खनन और भंडारण पर लगाम रहेगा।



सीओ वरुण कुमार।

### अवैध रूप से खनन कर डंप बालू को सीओ ने किया जब्त

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र में बालू के अवैध भंडारण पर अब प्रशासन ने नकेल कसना शुरू कर दिया है। जिले के वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन ने ओवरलोडिंग से लेकर अवैध रुप से डंप किए गये बालू को जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में हुसैनाबाद अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार ने बडेपुर गांव के समीप अवैध रूप से डंप बालू को जब्त किया गया है। शनिवार को पूरे दिन बालू जब्ती की कार्रवाई की गई। सीओ के नेतृत्व में अबतक की यह बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। इस दौरान करीब 20 ट्रैक्टर बालू जब्त की जा चुकी थी। हालांकि बालू के अवैध कारोबार से जुड़ो लेग प्रशासनिक अधिकारियों को देखकर भाग निकले। सीओ ने बताया कि अवैध रूप से डंप बालू को जब्त कर प्रखंड कार्यालय परिसर में रखा जाएगा। इसकी सूचना पलामू डीसी व खनन विभाग को दे दी गयी है। जिला प्रशासन के निर्देश पर जब्त किए गए बालू का उपयोग विकास कार्यो में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध बालू भंडारण के विरुद्ध यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा।

# अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में दिखेंगे पलामू के अविनाश तिवारी

**पलामू में उग्रवाद की जगह कलाकार पैदा हो रहे : अरुणा शंकर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के चैनपुर के ताली गांव के रहने वाले अविनाश तिवारी अभिनीत फिल्म 'सेलेस्टिना ऐंड लॉरेंस' का चयन इंडियन फिल्म फेस्टिवल, मेलबोर्न (ऑस्ट्रेलिया) में हुआ है। इसके निर्देशक विक्रम कुमार है। अविनाश तिवारी के इस सफलता पर पलामू के कलाकारों ने हर्ष व्यक्त किया है। मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने कहा कि पलामू में उग्रवाद की जगह कलाकार पैदा हो रहे जिन्हें राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखा जा रहा है। उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से अविनाश की उपलब्धि की जानकारी मिली है। अविनाश तिवारी को उनके इस शानदार उपलब्धि के लिए सम्मानित किया जायेगा। कहा कि अभी कुछ दिन पहले पलामू के कलाकारों ने शिमला में आयोजित राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीत कर पूरे झारखंड का नाम ऊंचा किया है। उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। कलाकारों का मनोबल ऊंचा रहे इसके लिए उनकी हर संभव मदद की जाएगी। वहीं, अविनाश तिवारी ने बताया कि 'सेलेस्टिना एंड लॉरेंस' फिल्म के डायरेक्टर विक्रम कुमार है जबकि इसके प्रोड्यूसर राकेश बुधनिया, गौरव शारदा राय और विवेक सिंह है। इस फिल्म के मुख्य कलाकार अंकिता केरकेट्टा और सालिब मिंज है। उन्होंने भी इस फिल्म में हीरो के पिता की भूमिका में काम किया है। ज्ञात हो की इससे पहले अविनाश तिवारी कई फिल्म, शार्ट फिल्म, वेब सीरीज में काम कर चुके है। अविनाश तिवारी ने अपनी सफलता का श्रेय इप्टा और मासूम के अपने सहयोगी कलाकार, अपने परिवार और गांव के उन लोगों को देते है जो उनका हमेशा सहयोग करते रहे। उन्होंने बताया की उन्होंने इप्टा के साथ जुड़कर नाटकों के माध्यम से अभिनय करना शुरू किया। बाद में मासूम आर्ट ग्रुप से जुड़े और वहां भी नाटकों से जुड़े रहे। कहा कि यंग स्टार ग्रुप के सुमित वर्मन के साथ मिलकर उन्होंने कई शार्ट फिल्मो में भी काम किया और धीरे-धीरे बड़ी फिल्मे मिलने लगी। अविनाश तिवारी के इस सफलता पर संत मरियम स्कूल के अविनाश देव, ग्रीन वैली इंटरनैशनल स्कूल के प्रदीप नारायण सिंह, इप्टा के प्रेम भसीन, उपेंद्र मिश्रा, प्रेम प्रकाश, रवि शंकर, मासूम आर्ट ग्रुप के विनोद पांडेय, आदर्श पांडेय, अमर भांजा,संगीतकार राजा सिन्हा, राम किशोर पांडेय, यंग स्टार ग्रुप के सुमित वर्मन, अमर सहाय, सुमित भट्टाचार्य आदि ने बधाई दी है।



## फाइलेरियारोधी दवा का सेवन पूरी तरह से सुरक्षित : एसडीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल कार्यालय सभागार में शनिवार को 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर अनुमंडल स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एसडीओ पीयूष सिन्हा ने की। बैठक में बताया गया कि अभियान के दौरान सभी को फाइलेरिया की डीईसी, आईवर मैक्टिन और अल्बेंडाजोल की दवा खिलायी जायेगी। हालांकि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार लोगों को दवा नहीं दी जाएगी। शेष सभी लोग दवा का सेवन करेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा ने बताया गया कि फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन पूर्ण रूप से सुरक्षित है। इसके सेवन से हांथी पांव की बीमारी से बचा जा सकता है। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, उपप्रमुख इंदु देवी, बीडीओ रोशन कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा, डॉ प्रसीद नारायण सिंह, डॉ विकास कुमार गुप्ता, डॉ मंजूर आलम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी राजू रंजन, जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबधक अंजनी कुमार, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, वार्ड सदस्य सहित कई पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, प्रखंड लेखा प्रबंधक राजीव रंजन, प्रखंड डाटा प्रबंधक रंजीत कुमार मेहता आदि ने किया। इस अवसर पर चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि कुल 296446 लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लगने वाले शिविर को लेकर डीडीसी ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के डीडीसी शब्बीर अहमद ने कहा कि 22, 23 और 24 जुलाई को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के मेगा कैंप का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि शिविर में अधिकाधिक लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने सभी बीडीओ से उनके क्षेत्र अंतर्गत माइकिंग कराने की बात कही। साथ ही पंचायत स्तरीय बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में भी इसकी सूचना सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों के जरिए शिविरों का प्रचार-प्रसार करने की बात कही। सभी बीडीओ से शिविर के सफलता को लेकर किये जा रहे तैयारी से भी अवगत हुए। वे शनिवार को एनआईसी के सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी बीडीओ से उनके यहां लगने वाले शिविरों की समीक्षा कर रहे थे। कहा कि सभी बीडीओ प्रखंड के कंप्यूटर ऑपरेटर के बीच अलग-अलग पंचायत को टैग्ड कर दें, ताकि आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री में किसी तरह की कोई समस्या ना आयें। उन्होंने सभी आवेदनों का ऑनलाइन एंट्री उसी दिन सुनिश्चित करने को कहा। किसी तरह की समस्या के लिए जिला स्तर पर कल्याण पदाधिकारी की टीम फोन पर उपस्थित रहने को कहा है।



### इन प्रखंडों में इस दिन लगेगा शिविर

**22 जुलाई को चैनपुर, लेस्लीगंज, मनातू, रामगढ़, सतबरवा, हरिहरगंज, छत्तरपुर, हुसैनाबाद व पिपरा, 23 जुलाई को विश्रामपुर, पांडु, पांकी, तरहसी, उंटारी रोड, नौडीहाबाजार, नवा बाजार, हैदरनगर, व मोहम्मदगंज, जबकि 24 जुलाई को मेदिनीनगर सदर, पड़वा और पाटन में शिविर लगाया जाएगा।**

## हेमंत सरकार अंतिम सांस गिन रही है : भाजमो

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा (भाजमो) ने कहा कि लाठी-गोली की सरकार नहीं चलेगी। पिछले दिनों सहायक पुलिस पर लाठी चार्ज और आज सहायक अध्यापक पर लाठी चार्ज। झारखंड में युवाओं को पीटा जा रहा है। यह झारखंड की बदनसीबी है। वेतनमान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास घेराव के दौरान सहायक अध्यापकों पर लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले और फायरिंग कराकर हेमंत सरकार ने ठीक नहीं किया। पूरे राज्य के सहायक अध्यापक हेमंत सरकार के खिलाफ सड़क पर है। भारतीय जनतंत्र मोर्चा इस घटना की निंदा करता है। मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे प्रेस प्रवक्ता मुकेश पाठक और आशुतोष मिश्रा ने संयुक्त रुप से प्रेस बयान जारी कर कहा है कि नौनिहालों का भविष्य गढ़ने वालों का भविष्य ही आज असुरक्षित हैं। इन्हें खाली हाथ रिटायर होना पड़ता है। सरकार को वेतनमान देना चाहिए था। हेमंत सरकार और रघुवर सरकार में कोई खास फर्क नहीं है। दोनों सरकारों ने बारी-बारी से शिक्षकों पर बल प्रयोग किया और युवाओं का भरपूर शोषण किया है। हेमंत सरकार अब अंतिम सांस गिन रही है। भारतीय जनतंत्र मोर्चा युवाओं के साथ है। आनेवाले चुनाव में झारखंड के युवा इसका मुंह तोड़ जवाब देने के लिए कमर कस लिया है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

### अलग- अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन घायल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र में शनिवार को अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गये। जिसमें से एक की हालत गंभीर देख उसे बेहतर इलाजे के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जपला-दंगवार मुख्य रोड में झरहा गांव के समीप दो बाइक की टक्कर में चपरदाग हीरा सिकनी गांव निवासी रविंद्र यादव (35) और झरहा गांव निवासी रामप्यारे पासवान (40) घायल हो गये। ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय पहुंचाया गया, जहां प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर हालत देखते हुए रविंद्र यादव को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा कि वह दंगवार से अपने गांव जा रहा था। तभी दूसरे बाइक से टक्कर हो गयी। वहीं, बरवाडीह गांव के समीप बाइक से गिरकर रामचन्द्र रजवार (45) नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वह विशुनपुरा के अमहरकला गांव का रहने वाला है।

### एनपीयू में शैक्षणिक अराजकता को लेकर विद्यार्थी परिषद ने कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थी परिषद की ओर से एनपीयू विश्वविद्यालय में व्यापक शैक्षणिक अराजकता के संबंध में जिला संयोजक नितीश दूबे के नेतृत्व में शनिवार को नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा गया। इसके माध्यम से कहा कि बीडीएस सत्र 2023-24 तृतीय वर्ष की 81 उत्तर पुस्तिकाएं लापता मामले में छात्र हित को ध्यान में रखते हुए परीक्षा परिणाम पर निर्णय लिया जाय। साथ ही उक्त कृत्य की जांच कर संलिप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर 2 दिनों के अंदर प्राथमिकी दर्ज हो। 22 मार्च 2023 को आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षा पर विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी स्थिति स्पष्ट करे। श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा के वोकेशनल विभाग में भूगोल शास्त्र के शिक्षक प्रो कुंदन कुमार को समन्वयक बनाया गया है, जबकि प्रो कुंदन कुमार महाविद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर हैं एवं 1000 मासिक भत्ता भी लेते हैं जो नियमतः गलत है। अतः प्रो कुंदन कुमार को जल्द हटाते हुए वोकेशनल विभाग के शिक्षक को समन्वयक नियुक्त किया जाए। ऐसा नहीं किया गया तो अभाविप आंदोलन को बाध्य होगा। वहीं, राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सहसंयोजक विनीत पांडे ने कहा कि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता लगातार बढ़ता जा रहा है। लगातार उत्तर पुस्तिका भूलना अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण हैं। वैसे अधिकारी अर्थात कर्मचारी जो इस तरह की गैर जिम्मेवाराना हरकत कर रहे हैं उस पर विश्वविद्यालय प्रशासन प्रशासनिक कार्रवाई करे। इस मौके पर विभाग संयोजक अभय वर्मा, जिला संयोजक नितीश दूबे, नगर मंत्री विपिन यादव, प्रभात दूबे, आकाश वर्मा आदि मौजूद थे।

## नवविवाहित पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**कसमार (आजाद सिपाही)।** कसमार थाना क्षेत्र के कोतोगोड़ा गांव की रहने वाली उगिया कुमारी (24) को उसी के पति ने गला दबाकर हत्या कर दी। घटना गुरुवार की बतायी जा रही है। मृतका का ससुराल गोला थाना क्षेत्र के जयंतीबेड़ा गांव में है। बतातें चलें कि उगिया की शादी दो महीना पहले ही हुई थी। पिता गुहीराम गंझू की शिकायत पर गोला पुलिस ने आरोपी पति राहुल भोगता को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के पिता गुहीराम गंझू ने बताया उसकी पुत्री उगिया की शादी 17 मई को गोला थाना क्षेत्र के जयंतीबेड़ा गांव निवासी राहुल सोमरा भोगता के पुत्र राहुल भोगता से हुई थी। शादी के बाद से ही उसे एक लाख रुपये और एक बाइक के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। वहीं, गोला पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं किये जाने पर गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने रामगढ़ पुलिस अधीक्षक से बातचीत की जिसके बाद आरोपित को गिरफ्तार किया गया।

## हुसैनाबाद में चूल्हा प्रमुख सम्मेलन आज


**छत्तरपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन और लातेहार में मिलन समारोह का होगा आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आजसू की ओर से चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को हुसैनाबाद विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में किया जा रहा है। छत्तरपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन और लातेहार में मिलन समारोह का आयोजन होगा। इन सभी कार्यक्रमों में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो शामिल होंगे। सभी कार्यक्रमों की तैयारी पूरी कर ली गयी है। छत्तरपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन पार्टी के केंद्रीय महासचिव संजय रंजन सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है। चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में सुदेश महतो सभी चूल्हा प्रमुखों को शपथ दिलाएंगे। साथ ही उन्हें संबोधित भी करेंगे। छत्तरपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से सुदेश महतो कार्यकताओं से सीधा संवाद स्थापित कर चुनावी रणनीतियों पर चर्चा करेंगे।



**स्पोर्ट्स**



विमेंस एशिया कप के तीसरे मुकाबले में थाइलैंड ने मलेशिया को 22 रनों से हरा दिया। थाइलैंड की कप्तान से टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और छह विकेट खोकर 133 रन बनाए। इसके जवाब में मलेशिया 111 रन ही बना सकी।

# वीमेंस एशिया कप: थाइलैंड ने मलेशिया को 22 रन से हराया

**8 खिलाड़ियों ने मिल कर बनाये महज 26 रन**

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** विमेंस एशिया कप के तीसरे मैच में थाईलैंड ने मलेशिया को 22 रन से हरा दिया। थाईलैंड की कप्तान थिपाचा पुट्ठावोंग ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। नन्नाफट कोंचारवेंकै के 40 और फननीता माया के 29 रन की मदद से थाईलैंड विमेंस ने 6 विकेट खोकर 133 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशिया विमेंस ने 8 विकेट खोकर 111 रन बनाए। ओनिचा कमचौंफू को 2 और चैंडा सुठिरुअंग, नट्टया बूचाथम को 1-1 विकेट मिले। बतातें चलें कि थाईलैंड विमेंस की शुरूआत खराब रही। दोनों ओपनर्स 22 रन के अंदर पवेलियन लौट गए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई नन्नाफट कोंचारवेंकै ने 35 बॉल पर 40 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 6 चौके लगाए।



### महिराह इज्जती इस्माइल के 3 विकेट

मलेशिया विमेंस की तरफ से महिराह इज्जती इस्माइल ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने मलेशिया को मैच में बने रहने का चांस दिया। इस्माइल ने 4 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं, मलेशिया की ओपनर वन जूलिया ने शानदार शुरूआत दी। उन्होंने मलेशियाई कप्तान के आउट होने के बावजूद एक छोर संभाले रखा और 53 बॉल पर 52 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 6 चौके लगाए।.

## ग्लोबल टी-20 लीग में नहीं खेल सकेंगे पाक खिलाड़ी

**बोर्ड ने एनओसी देने से माना किया, व्यस्त कार्यक्रम की वजह से लिया फैसला**

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी को ग्लोबल टी-20 कनाडा लीग में हिस्सा लेने के लिए नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) नहीं दी है। ग्लोबल टी-20 कनाडा लीग 25 जुलाई से 11 अगस्त तक खेला जाना है। लीग का शेड्यूल पाकिस्तान के किसी सीरीज या मैच से नहीं टकरा रहा है। इसके बावजूद खिलाड़ियों को एनओसी नहीं मिलेगी। इससे पहले, नसीम शाह को भी द हंड्रेड में हिस्सा लेने के लिए एनओसी नहीं दी गई थी। बोर्ड ने अगस्त 2024 से मार्च 2025 के बीच पाकिस्तान के व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है।

पीसीबी ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि बोर्ड को ग्लोबल टी-20 इवेंट के लिए बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी सहित बाकी खिलाड़ियों से एनओसी रिक्वेस्ट मिली थी। बोर्ड ने अगस्त 2024 से मार्च 2025 के बीच पाकिस्तान के व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए और तीनों खिलाड़ियों के साथ-साथ नेशनल सिलेक्शन कमेटी के साथ परामर्श के बाद, उनकी रिक्वेस्ट को अस्वीकार करने का फैसला लिया है। ये तीनों सभी फॉर्मेट के क्रिकेटर हैं और अगले आठ महीनों में उनकी सेवाओं की आवश्यकता होने की उम्मीद है, इस दौरान पाकिस्तान नौ टेस्ट, 14 वनडे और नौ टी-20 मैच खेलेगा। अगस्त से मार्च 2025 के बीच पाकिस्तान को नौ आइसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप मैच और अगले साल की क्ळउ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शामिल होना है।

## राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में हुनर दिखायेंगे संत मरियम स्कूल के खिलाड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के रोशन कुमार, सन्नी कुमार, अभिषेक कुमार, आर्यन कुमार, आयुष कुमार शुक्रवार की रात एक बजे पलामू एक्सप्रेस से धनबाद रवाना हो गये। उनके साथ संत मरियम स्कूल के शारीरिक शिक्षक सह पलामू जिला गतका संघ के सचिव सुमित बर्मन भी थे। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि गतका पंजाब का पारंपरिक खेल है। इसके माध्यम से पूर्व में भी हमारे विद्यालय के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके है। साथ ही एसजीएफआई में भी पदक जीत कर पलामू का सम्मान बढ़ाया है। इस वर्ष भी खिलाड़ी अपने लक्ष्य को साधने के लिए राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए धनबाद रवाना हुए है। मुझे उम्मीद है यह खिलाड़ी बेहतर प्रशिक्षण एवं अपने मेहनत की बदौलत 38 नेशनल खेल में भी भाग लेकर झारखंड को गौरवान्वित करेंगे। वहीं, सुमित बर्मन ने बताया की धनबाद के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार और रविवार को राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यहां पदक जीतने वाले खिलाड़ी ही राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में हुनर दिखाएंगे। राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता 24 अगस्त से 28 अगस्त तक पंजाब में आयोजित की जाएगी।



# ट्रक के धक्के से युवक की मौत, हंगामा

## मुआवजे की मांग को लेकर दो घंटे तक कतरास-धनबाद मुख्य मार्ग रहा अवरुद्ध

**सीआइ के सरकारी प्रावधान के अनुसार सहयोग राशि दिलाने के आश्वासन के बाद हटा जाम**

आजाद सिपाही संवाददाता



हादसे के बाद सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाती पुलिस।

**सिजुआ/कतरास।** अंगारपथरा ओपी क्षेत्र के अंगारपथरा सीआइएसएफ कैंप के समीप धनबाद-कतरास मुख्य सड़क मार्ग पर शनिवार को ट्रक की चपेट में आने से 44 वर्षीय साइकिल सवार की मौत हो गयी। उसकी पहचान लालदेव ऋषि के रूप में हुई है। वह तेतुलमारी थाना क्षेत्र के पांडेडीह का रहने वाला था। उधर, घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे वाहनों की आवाजादी ठप हो गयी। प्रदर्शनकारी मृतक के आश्रित को मुआवजा और ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। इसकी सूचना पाकर कतरास, अंगारपथरा और जोगता थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी। खबर पाकर बाघमारा अंचल के सीआई नरेंद्र कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच गये। अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। सीआई ने सरकारी प्रावधान के अनुसार दिए जाने वाले सहयोग राशि मृतक के परिजनों को दिलाने का भरोसा दिया। साथ ही प्राथमिकी दर्ज होने के बाद बीमा कंपनी की ओर से मिलने वाली राशि भी परिजनों को दिलाने की बात कही। इसके बाद करीब दो घंटे के जद्दोजहद के बाद लोगों ने प्रदर्शन बंद किया, जिससे उक्त मार्ग पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी। इसके बाद पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए शव को धनबाद भेज दिया। साथ ही हादसे के लिए जिम्मेवार वाहन को जब्त कर ओपी ले गयी। बताया जा रहा कि मृतक अंगारपथरा 12 नंबर स्थित अपने ससुराल में राशन की दुकान चलाता था। प्रतिदिन की तरह दुकान खोलने के लिए वह पांडेडीह से साइकिल में सवार होकर अंगारपथरा जा रहा था। तभी सीआईएसएफ कैंप के समीप ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद चालक ट्रक को वहां खड़ी कर घायल लालदेव को उपचार के लिए कतरास के निजी नर्सिंग होम ले गयाष वहां से बेहतर इलाज के लिए धनबाद के अशर्फी अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उसकी मौत की खबर सुनकर चालक अशर्फी अस्पताल से भाग खड़ा हुआ।

## सत्संग में शामिल होने यूपी जा रहा वाहन पलटा, एक दर्जन यात्री घायल



गिरिडीह (आजाद सिपाही)। निमियाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर शुक्रवार की देर रात सड़क दुर्घटना में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सभी बोकारो के चास के रहने वाले है। एक सत्संग में हिस्सा लेने के लिए बस से उत्तर प्रदेश के बलिया जा रहे थे। देर रात हुई घटना की इस हादसे की जानकारी मिलने के बाद डुमरी थाना प्रभारी भी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये और स्थानीय लोगों के सहयोग से राहत कार्य में जुट गए। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। जहां से कई को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर किया गया। उनकी पहचान चास और चंदनक्यारी निवासी रवि शर्मा, सुजीत देवव्रतो, गायत्री देवी, गणेश देववर्तो, माथुर चंद महतो, तारा देवी, मंटू डोम, राधानाथ गोराई, प्रियंका कुमारी, पुरानी देवी, ललित महतो और संतोष महतो आदि शामिल हैं। जानकारी के अनुसार एक सवारी वाहन से बोकारो के चास और चंदनक्यारी के लोग यूपी के बलिया में एक बड़े सत्संग में शामिल होने जा रहे थे। तभी डुमरी के नेशनल हाइवे 19 के समीप सवारी वाहन एक डिवाइडर से टकरा कर पलट गयी।


## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार।

### आवेदन आमंत्रण सुचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में मत्स्य विभाग के द्वारा जिला के प्रशिक्षित मत्स्य पालकों, जिनके पास एक एकड़ या उससे बड़े जलक्षेत्र के सदाबहार तालाब है पर स्थानीय स्तर पर उत्पादित मत्स्य अंगुलिकायें के कय में 50 प्रतिशत सहायता अर्थात् अधिकतम 1875/– रूपये प्रति एकड़ औसत जलक्षेत्र (लगभग 5000 बीज प्रति एकड़) के दर से अनुदान देने की योजना है। जिला मत्स्य कार्यालय से संबंद्ध मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं का कय किया जाएगा। विभाग द्वारा मत्स्य स्पॉन प्राप्त करने वाले मत्स्य बीज उत्पादक एवं उनके परिवार को यह लाभ देय नहीं होगा।

इस योजना का लाभ लेने हेतु हेतु इच्छुक मत्स्य पालक जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार से कार्य दिवस पर आवेदन ले सकते हैं एवं अपना आवेदन निम्न कागजातों के साथ संलग्न कर जमा करेंगे:–

- अपने का तालाब की GPS फोटो।
- आधार कार्ड की छाया प्रति।
- मत्स्य पालन प्रशिक्षण पत्र का छाया प्रति।

कार्यालय अवधि में आवदेन पत्र निःशुल्क जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार से प्राप्त किया जा सकता है।

यह योजना पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर आधारित है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 330144 Fish(24-25)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **02/2024-25/RWD/RAMGARH** दिनांक :- **19.07.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RAMGARH/01/2024-25/MMGSY | माण्डू | कीमों पंचायत के चोय ग्राम से लक्ष्मण महतो का घर होते हुए ओरिया ग्राम तक पथ निर्माण कार्य। (2.700 कि0मी0) | 227.540 | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– **24.07.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **17.08.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 20.08.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रामगढ़

PR 330128 Rural Work Department (24-25)_D


### महत्वपूर्ण न्यूज

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने 117वीं वर्षगांठ पर वृद्धजनों को दी गीजर व आरओ मशीन



धनबाद (आजाद सिपाही)। सबलपुर, सहयोगी नगर स्थित ओल्ड एज होम में धनबाद बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) की हीरापुर और सराहढेला शाखा ने बैंक की 117 वीं वर्षगांठ पर संयुक्त रूप से शनिवार को कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत गीजर और आरओ मशीन प्रदान किया। इस अवसर पर दोनों शाखाओं के पदाधिकारीओं ने भविष्य के सामान्य पर्यावरण के मद्देनजर स्वास्थ्य के संवर्धन के लिए प्रेरणास्वरूप वृद्धजनों संग आम, अनार, कटहल व पपीता का पौधा लगाया। वहीं, लाल मनी वृधा सेवा आश्रम के अध्यक्ष एवं ओल्ड एज होम के संचालक नौसाद गद्दी और वारिय सदस्य ओमकार मिश्रा ने वृद्धजनों की सुविधाओं में सहयोग के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा का आभार व्यक्त किया। आश्रम सदस्य ओमकार मिश्रा ने कहा इन चीजों की आश्रम में नितांत आवश्यकता थी इस मौके पर ओल्ड एज होम में सरायढेला शाखा के पदाधिकारी सत्येंद्र भगत, घनश्याम रजक, हीरापुर ब्रांच शाखा प्रबंधक ऋषिका रानी, नम्रता यादव, कोऑर्डिनेटर धीरज कुमार, आश्रम अध्यक्ष नौशाद गद्दी, लालमणि आश्रम सदस्य ओमकार मिश्रा व शिवकुमार पंडित वृद्धजनों की सेवा वयवस्था में सक्रिय थे।

## बरई उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शिक्षकों-अभिभावकों की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

नावाडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ऊपरघाट स्थित बरई उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शनिवार को शिक्षक-अभिभावकों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रदेव महतो और संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक शिव कुमार गोस्वामी ने किया। प्रभारी प्रधानाध्यपक ने बताया कि स्कूल में विद्यार्थियों की न्यूनतम 80 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य होनी चाहिए। इसे तभी बरकरार रखा जा सकता है, जब अभिभावक इसके लिए जागरूक हो और अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। इसके अलावे निपुण भारत, प्रोजेक्ट इंपैक्ट, रेल प्रोजेक्ट, साप्ताहिक जांच, इको क्लब, बाल संसद, प्रयास कार्यक्रम, छात्रवृत्ति , एफएलएन की कक्षाएं, ज्ञानसेतु, सावित्रीबाई फुले योजना, निःशुल्क साइकिल, निःशुल्क पुस्तक वितरण, स्मार्ट क्लास, मध्याह्न भोजन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक में विद्यालय के सहायक अध्यापक संतोष कुमार, परमेश्वर साव, सुनीता देवी, सुनैना देवी आदि मौजूद थे।

## आजसू कार्यकर्ता किसी से नहीं डरते: उमाकांत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** आजसू की सुदन महतो जोन की संगठनातमक बैठक शनिवार को पुरुलिया रोड स्थित एक रिजॉर्ट में हुई। जिसकी अध्यक्षता राजेश्वर महतो ने की। बैठक में शामिल राज्य के पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि आजसू कार्यकर्ता की पहचान संघर्ष से है। डर-भय व लोभ कभी इनके बढ़ते कदम को डीगा नहीं पाते। कहा कि अलग झारखंड राज्य के लिए कईयों ने संघर्ष के रास्ते को चुना था। लेकिन आजसू कार्यकर्ताओं के शामिल होने से आंदोलन प्रकाष्ठा पर पहुंच था। उन्हीं युवाओं के बलिदान से मिले अलग झारखंड में लोग अच्छे दिन के सपने पाले बैठे हैं। उसके सपने को पूरा करने के लिए पार्टी प्रयासरत है। आजसू ही लोगों के जीवन में खुशहाली लाएगी। यह विश्वास आम जनों में है। कहा कि चंदनकियारी के लोगों को आजसू के विकास मॉडल पर विश्वास है। यदि आगे मौका मिला तो, न सिर्फ आधारभूत संरचना पर काम होंगे, बल्कि पलायन को रोकने के लिए वृहत पैमाने पर कार्य होगा। आत्मनिर्भर की कल्पना को धरातल पर उतारना होगा। मौके पर जिला परिषद राजेश महतो, कार्तिक गोराई, किरण माझी, त्रिलोचन सिंह, दिनेश महतो, बाबू राम महतो, महादेश महतो, लक्ष्मी कांत गोराई, आशीष सिंह चौधरी, चितरंजन मंडल, लखीपद राय, ललित दास, कार्तिक माझी, संजय गोराई, जगन्नाथ महतो, चक्रधर सहिस, निमाय चंद्र महतो, हेमंत महतो आदि उपस्थित थे।

## शिक्षा बेहद जरूरी, अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** स्कूलों से नामांकित एवं ड्राप आउट बच्चों को स्कूल वापस लाने और शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने को लेकर एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत कुमारधुबी उच्च विद्यालय परिसर में शनिवार को बैक टू स्कूल कैंपेन को लेकर प्रखंड उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ मधु कुमारी ने की। अपने संबोधन में बीडीओ ने कहा कि बच्चों को स्कूलों से दोबारा जोड़ने, सरकारी स्कूलों में शिक्षक और शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति और बच्चों के ड्रॉप आउट को कम करने के लिए बैक टू स्कूल कैंपेन यानी स्कूल आर 2024 आयोजित की गई है। इसको सफल बनाने के लिए प्रत्यनशील रहने की आवश्यकता है। वहीं, निरसा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह समन्वयक प्रखंड संसाधन केंद्र सपन कुमार मंडल ने कहा कि सरकारी स्कूलों में 5 से 18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों को वापस लाने और नियमित उपस्थिति बनाए रखना ही इस कैंपेन का उद्देश्य है। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ निरसा तीन इकाई के अध्यक्ष प्रमोद कुमार झा ने कहा कि इस अभियान में विशेष रूप से अनामांकित और ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूल तक लाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए न सिर्फ सरकारी, बल्कि सामूहिक स्तर से प्रयास करने की जरूरत है। अभिभावक, शिक्षक, स्कूल प्रबंधन समिति और जनप्रतिनिधियों के आपसी समन्वय से लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक प्रमोद कुमार झा ने किया। इस मौके पर शिवलीवाली दक्षिण की मुखिया चंचल देवी, बीआरपी रहमान अंसारी, प्रधानाध्यापक सुचिता टुडू, विनोद कुमार सिंह, वेद प्रकाश मिश्रा, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार, सुनील भगत, सुरेंद्र कुमार वर्मा, मधुकर चौधरी, उज्जवल झाल, कालीचरण कुमार, संदीप सिन्हा, चंदन मिश्रा, अरविंद यादव आदि थे।


e-Procurement Cell
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
### BUILDING DIVISION GUMLA

**Very Short Notice Tender Inviting (2nd Call)**
**Tender Reference No.-03BCD/GUMLA/2024-25**

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Multipurpose Centre at Village Lupungpat in Chainpur Block Under Gumla District | 59,99,500.00 | 8 महिने |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 29.07.2024 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 03.08.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 05.08.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department Building Division, Gumla | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8709489994 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9990708350 | |

- इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in किया जा सकता है।

Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.

**Nodal Officer**
e-Procurement Cell
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Gumla

PR 330148 Building (24-25)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला
Email-eedwsd.gumla@gmail.com

**अति-अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेन्ट सूचना (चतुर्थ आमंत्रण)**
**प्रथम आमंत्रण का PR No 327626**

निविदा सूचना संख्या : 01/2024-25 दिनांक –: 20-7-2024

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work:- Construction of rural water supply Scheme with DC Solar motor pump complete set & with new Source/Existing Source for PVTG Tola at different blocks of Gumla Dist. under Drinking Water and Sanitation Division, Gumla for the year 2024- 25 (Head PM JAN MAN Yojna & JJM). | | | | | |
| ग्रुप संख्या | | योजनाओं की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| GML/PVTG/Ghaghra –Gr.18 | | 05 | 50,09,778.00 | 1,00,500.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| GML/PVTG/Ghaghra –Gr.20 | | 05 | 40,47,660.00 | 81,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 23.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 30.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 30.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | | |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 31.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन | | | | |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला। | | | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम ;- | ई0 मंतोष कुमार मणि, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला। | | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 7488491963 | | | | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 7488491963 | | | | |

**नोट** – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला

PR 330208 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D


## मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद डासला ने लिया स्वत: संज्ञान

# अस्पताल में दर्द से कराह रही वृद्धा को मिला डालसा का सहयोग

**कमर की हड्डी टूटने के बाद 15 जुलाई को पोते ने अस्पताल में कराया था भर्ती, इसके बाद सुधि लेने कोई नहीं पहुंचा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बच्चों के इंतजार में पांच दिनों से दर्द से कराह रही तेलीपाड़ा निवासी सावित्री देवी को आखिरकार शनिवार को डालसा का सहारा मिला। अखबार में छपी खबर को पढ़कर धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने मामले में स्वत संज्ञान लिया और डालसा सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन को निर्देश दिया कि वृद्धा का समुचित इलाज कराया जाए। इसके आलोक में इस दिन धनबाद के अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अजय कुमार भट्ट वृद्ध महिला सावित्री देवी ऊर्फ सबिता का हालचाल लेने और उनके इलाज की समुचित व्यवस्था करने अस्पताल पहुंचे। आथोर्पेडिक विभाग के डॉक्टर व अस्पताल अधीक्षक को इलाज करने का निर्देश दिया। बताते चलें कि वृद्धा सावित्री देवी पांच दिनों से अस्पताल के बेड पर पड़े-पड़े अपने बच्चों का इंतजार कर रही थी। उसके शरीर में खून की काफी कमी थी। जिस कारण सर्जरी नहीं हो पा रही थी। सोमवार को सावित्री देवी को उनका पोता दीपक ओपीडी में छोड़कर चला गया था। सावित्री के कमर की हड्डी टूटी हुई है। अस्पताल के कर्मचारी और डॉक्टरों ने उन्हें फर्स्ट एड दिया था। डॉक्टर भी परिजनों का सर्जरी के लिए इंतजार कर रहे थे, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने कहा कि यदि वृद्ध सावित्री देवी के घर से उनके परिजन आकर उन्हें नहीं ले जाते हैं तो डालसा उन्हें समुचित देखभाल और रखने के लिए वृद्ध आश्रम में भेजेगा। उन्हें मिलने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। बताया कि वृद्धा का समुचित देखभाल करने के लिए पैरा लीगल वालंटियर को भी नियुक्त किया गया है जो समय-समय पर डालसा को इसकी रिपोर्ट सौपेंगे।


श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT

## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला

National Career Service

**भर्ती कैम्प- 2024 (सूचना)**

राज्य के बेराजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्येश्य से जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला के तत्वाधान में दिनांक–24.07.2024 दिन (बुधवार) के पूर्वाहन 10:30 से 4:00 बजे तक एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती कैम्प में निम्नांकित प्रमुख नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

**स्थान :– Government ITI, सी0आर0पी0एफ0 कैम्प, सिलम, र्तिरा, गुमला, कार्यालय परिसर में।**


| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of the Vacancy | Qualification Required | | Experience /Hight | Age (Min./max) | (Pay/Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Chaitanya India Fincredit Pvt. Ltd & Regional Office Near Hero show room Karkat, Latehar | Customer Relationship Executive | 70 | 10+2, Graduation | - | Fresher | 18-28 Years | 10,890+Fuel +Accentive | Simdega, Gumla, Latehar |
| 2 | Kampa Bhai Vocational Training Centre, Parwal,Gumla | Mobilizer | 04 | 10th | Any Degree | 6 Month | 18 & Above | 12500/- Per Candidate | Gumla |
| | | Financer | 04 | 10th | Any Degree | Fresher | 18 & Above | | Gumla |
| | | Cleaning Staff | 02 | Any Degree | Any Degree | 01 Year | 18 & Above | 8000/- | Bharno |
| | | GDA Trainer | 01 | GNM | GNM | 02Years | 18 & Above | 20,000/- | Bharno |

**नोट** :– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं हैं वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदी की नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों Residentail, Resume (Self Attested), Aadhar Card (Self Attested), Pan Card (Self Attested), Voter Id Card (Self Attested), Own Bike/Scooty RC(Self Attested), Educational Mark sheet and Certificate , एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02) दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं अनिवार्य रूप के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उसे निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। अतः इस प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

- **किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं हैं।**

विश्वासभाजन
जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय, गुमला

PR 330133 Labour Employment and Traning (24-25)_D




# एनटीपीसी बोंगाइगांव ने संयुक्त मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक सक्रिय कदम उठाते हुए एनटीपीसी बोंगाइगांव ने 20 जुलाई को एक संयुक्त मेगा मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक संचालन किया। जीएम थांगजोम कमांडेंट सीआइएसएफ ने भूकंप, क्लोरीन रिसाव और बाढ़ परिदृश्य की तैयारी पर ध्यान केंद्रित किया।

अभ्यास संयंत्र परिसर के बाहर नये प्रशासनिक भवन में शुरू हुआ। इसमें भूकंप के केंद्र के रूप में असम के साथ एक बड़े परिदृश्य का अनुकरण किया गया। यह अभ्यास एनटीपीसी-बोंगाइगांव के आपदा प्रबंधन का हिस्सा था, जिसमें 7 आरएस तीव्रता के भूकंप के अनुकरण सहित यथार्थवादी परिदृश्य शामिल थे, जिससे नकली स्थल पर महत्वपूर्ण संरचनात्मक प्रभाव पड़े। यह अभ्यास सुबह 10 बजे शुरू हुआ और मुख्य घटना नियंत्रक अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी बोंगाइगांव के साथ-साथ इंदुरी एस रेड्डी, महाप्रबंधक (ओ एंड एम), आशुतोष बिस्वास, महाप्रबंधक (संचालन) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में आयोजित किया गया।



राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय पुलिस के साथ सीआइएसएफ ने तुरंत कर्मचारियों को सूचित किया और नकली भूकंप के 15 मिनट के भीतर बचाव अभियान शुरू किया। प्रतिक्रिया टीमों ने सतह पर हताहतों की रिकवरी, रस्सी बचाव तकनीकों और अन्य रणनीतिक रिकवरी का प्रदर्शन करते हुए असाधारण समन्वय और दक्षता का प्रदर्शन किया। एनटीपीसी बोंगाइगांव में सीआइएसएफ (फायर) के सहायक कमांडेंट एमएस कंडारी ने टीम को घटना के बारे में जानकारी दी और आपातकालीन प्रतिक्रिया की गतिशीलता को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करते हुए ड्रिल के सुचारू समन्वय को सुनिश्चित किया।

एनटीपीसी बोंगाइगांव ने सीआइएसएफ के कमांडेंट जीएम थांगजोम की देखरेख में भूकंप, क्लोरीन रिसाव और बाढ़ की स्थिति की तैयारी पर केंद्रित एक संयुक्त मेगा मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह महत्वपूर्ण अभ्यास 20 जुलाई को आयोजित किया गया था, जिसका नेतृत्व मुख्य घटना नियंत्रक अखिलेश सिंह, एनटीपीसी बोंगाइगांव में संयंत्र (एचओपी) के प्रमुख ने किया था।

# लक्ष्मण सिंह ने 100 केबी के ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार, गिरिडीह।** बीते 15 दिनों से लगातार घुप अंधेरा में जीने को विवश लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि धनवार प्रखंड क्षेत्र के हेमरोडीह पंचायत स्थित गगनपुर ग्राम में बीते 15 दिन पूर्व ट्रांसफार्मर खराब हो गया था, जिसके कारण वहां के लोग गर्मी एवं अंधेरे में जीवन यापन करने को विवश हो गये थे। विद्यार्थियों को पठन-पाठन कार्य में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर स्थानीय ग्रामीण भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह के पास जाकर इस परेशानी से निजात दिलाने की मांग की। इस बाबत पूर्व आइजी श्री सिंह मौके पर ही विभाग के पदाधिकारियों से बात कर 100 केबी का ट्रांसफार्मर लगवाया। ग्रामीणों के आग्रह पर श्री सिंह ने उक्त नये ट्रांसफार्मर का फीता काट कर उद्घाटन किया। एक सौ केबी का ट्रांसफार्मर लगाये जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस लेते हुए श्री सिंह को धन्यवाद दिया। इस मौके सुबोध राय, पवन सिंह, श्रीकांत यादव, दिलीप यादव, दिनेश यादव, सुजीत यादव, बैजनाथ यादव और उमेश यादव आदि उपस्थित थे।

# पद्मश्री कमला पुजारी का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पद्मश्री कमला पुजारी का शनिवार को एससीबी मेडिकल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनकी उम्र 76 वर्ष थी। वर्ष 2019 में उन्हें कृषि और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। पद्मश्री कमला पुजारी ने देशी अनाज की 100 से अधिक किस्मों को संरक्षित करके और जैविक खेती करके देश में एक उदाहरण स्थापित किया।



## मुख्यमंत्री ने निधन पर शोक जताया



मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पद्मश्री कमला पुजारी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय कमला पुजारी असाधारण गुणी, धर्मनिष्ठा और समर्पित महिला थीं। सैकड़ों स्वदेशी चावल और अन्य फसलों के बीजों का भंडारण करके और जैविक खेती को बढ़ावा देकर, वह मानव समाज के उज्ज्वल भविष्य को संरक्षित कर रहे थे। पर्यावरण की रक्षा में उनके अमूल्य योगदान को राज्य और देश कभी नहीं भूल सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका निधन पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भी शोक जताया



स्वर्गत पुजारी का निधन राज्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है। प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने दिवंगत पुजारी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष श्री सामल ने भगवान श्रीजगन्नाथ से प्रार्थना की है कि ऐसी दुखद घड़ी में शोक संतप्त परिवारजनों एवं शोक संतप्त परिवार को असीम धैर्य प्रदान करें।

# बीजद के पार्टी कार्यालय और शंख भवन की जांच होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल (बीजद) पार्टी कार्यालय और शंख भवन की जांच की जायेगी। यह बात राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने कही। वहीं बीजद के शंख भवन को लेकर कई दिनों से शिकायतें मिल रही हैं, लेकिन मंत्री ने जांच का वादा किया है। शिकायत के अनुसार, सड़क प्रकार के क्षेत्र को घरों बाड़ी में परिवर्तित करके शंख भवन का निर्माण किया गया है। बीजद का पार्टी कार्यालय राजधानी की छाती पर अवैध रूप से बनाया गया है। किसम सड़क को घरों बाड़ी में बदल दिया गया है और उस पर विशाल शंख भवन बनाये गये हैं। इतना ही नहीं, उन पर सभी नियमों और विनियमों का उल्लंघन करते हुए सरकार से कम कीमत पर जमीन खरीदने का आरोप है।




शंख भवन 4 भूखंडों सहित 1 एकड़ 183 डीसीएम क्षेत्र में बनाया गया है। वे गंगनगर मौजा के प्लॉट नंबर 797, प्लॉट नंबर 800, प्लॉट नंबर 797/849 और प्लॉट नंबर 798 हैं। पहले तीन प्रकार के भूखंड घरबाड़ी हैं, और चौथे भूखंड यानी 798 भूखंड सड़कें या सड़कें हैं। राज्य सरकार के लोक प्रशासन विभाग ने याचिकाकर्ता बीजद को परिसर लीज पर दे दिया। लीज डील में साफ लिखा है कि इसे बदला नहीं जा सकता, जिसका पत्र भी सामने आया है। हालांकि, शंख भवन बनाने के लिए इस भूखंड को तीन अन्य आवासीय भूखंडों के साथ जोड़ा गया है। और वह भी सरकार की मंजूरी से। अर्थात एक निजी पार्टी या बीजद पार्टी को आम जनता द्वारा उपयोग के लिए सड़कों पर घर बनाने की अनुमति है। राज्य सरकार अब इस तरह के भ्रष्टाचार की जांच करने की तैयारी कर रही है।

# बीजू पटनायक खेल पुरस्कार का नाम ओड़िशा राज्य क्रीड़ा सम्मान किया गया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शनिवार को बीजू पटनायक खेल पुरस्कार का नाम बदल कर ओड़िशा राज्य क्रीड़ा सम्मान कर दिया गया है। ओड़िशा राज्य क्रीड़ा सम्मान आठ श्रेणियों में दिया जाता है, जो उपयुक्त उम्मीदवारों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए आजीवन उपलब्धि के लिए सम्मान, जिसमें 3,00,000 रुपये (केवल तीन लाख रुपये) का नकद पुरस्कार होगा, वर्ष के लिए खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान, जिसमें 2,00,000 रुपये (केवल दो लाख रुपये) का नकद पुरस्कार होगा, कोचिंग में उत्कृष्टता के लिए सम्मान, जिसमें 1,00,000 रुपये (केवल एक लाख रुपये) का नकद पुरस्कार होगा, खेलों को बढ़ावा देने के लिए सर्वोत्तम योगदान के लिए सम्मान, जिसमें 1,00,000 रुपये (केवल एक लाख रुपये) का नकद पुरस्कार होगा, खेल पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए सम्मान, जिसमें 1,00,000 रुपये (केवल एक लाख रुपये) का नकद पुरस्कार होगा, वर्ष के पैरा-स्पोर्ट्स व्यक्ति के लिए सम्मान, जिसमें नकद पुरस्कार होगा, पात्रता पुरस्कार 2,00,000 रुपये। 1,00,000 (केवल एक लाख रुपये), वर्ष के उभरते हुए एथलीट (जूनियर श्रेणी) के लिए सम्मान, जिसमें 1,00,000 (केवल एक लाख रुपये) का नकद पुरस्कार दिया जाएगा, वर्ष के खेल तकनीकी अधिकारी/सहायक स्टाफ के लिए सम्मान, जिसमें 1,00,000 (केवल एक लाख रुपये) का नकद पुरस्कार दिया जायेगा। पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को नकद पुरस्कार के साथ-साथ सरकार द्वारा अनुमोदित अन्य पुरस्कार भी प्रदान किये जायेंगे।

# मालकानगिरी जिले में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मालकानगिरी जिले में पिछले दो दिनों से लघुचाप जनित बारिश जारी रहने से बाढ़ की स्थिति बन गयी है। जिले के मालकानगिरि से राष्ट्रीय राजमार्ग 326 पर मोटू, कांगूरुकोंडा, एमवी-90, एमवी-96 और महाराजपाल्ली में पोल पर बारिश का पानी 4 से 5 फीट ऊंचा बह रहा है। इसी तरह कालिमेला - पड़िया मुख्य मार्ग के कन्याश्रम पोल पर भी बारिश का पानी 3 से 4 फीट की ऊंचाई पर बह रहा है। इसके चलते आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ से संपर्क टूट गया है। वहीं जिला प्रशासन की ओर से सभी पोलों के पास पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और लोगों को उस सड़क से गुजरने से रोका जा रहा है। भारी बारिश के कारण खइरपुट ब्लॉक के बंडाघाटी में भूस्खलन के कारण सड़क अवरुद्ध हो गयी है और अंड्राबाहल और मुदुलीपड़ा पंचायत का संपर्क पूरी तरह से कट गया है।

# इसीओआर महाप्रबंधक ने संबलपुर-जरपाड़ा झारमुंडा-बौध रेलवे खंडों का किया निरीक्षण

- चल रही खुर्दा रोड-बलांगीर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को लक्षित अवधि के भीतर निर्माण पूरा करने के निर्देश
- खुर्दा रोड-बलांगीर परियोजना के झारमुंडा-बौध रेल खंड का निरीक्षण किया
- संबलपुर-अंगुल रेलवे खंड के संबलपुर-जरपाड़ा रेलवे खंड का निरीक्षण किया
- बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों और यात्री सुविधाओं पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल ने शनिवार को चल रही खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना के हिस्से झारमुंडा-बौध खंड के साथ-साथ संबलपुर-जरपाड़ा रेलवे खंड का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडे और पूर्व तट रेलवे मुख्यालय, परियोजना निर्माण टीमों और संबलपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी श्री फूंकवाल के साथ थे।



निरीक्षण के दौरान श्री फूंकवाल ने खुर्दा रोड-बलांगीर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की और निर्माण को लक्षित समय सीमा के भीतर पूरा करने पर जोर दिया। दूरदराज के क्षेत्रों में फैली इस जन-केंद्रित परियोजना पर रेल मंत्रालय की कड़ी निगरानी है। खुर्दा रोड-बलांगीर परियोजना की कुल 301 किलोमीटर में से 152.805 किलोमीटर चालू हो चुकी है। परियोजना को जल्द पूरा करने के लिए रेलवे दोनों तरफ यानी खुर्दा रोड और बलांगीर से इस लाइन का निर्माण कर रहा है। अब तक खुर्दा रोड से दासपल्ला तक 105.8 किलोमीटर और बलांगीर से सोनपुर तक 47 किलोमीटर का काम पूरा हो चुका है। सोनपुर से पुरुनाकाटक तक लगभग 73 किलोमीटर का खंड अगले कुछ महीनों में पूरा होने की उम्मीद है। श्री फूंकवाल ने संबलपुर-जरपाड़ा रेल खंड का भी निरीक्षण किया, जिसमें बुनियादी ढांचे और विकास कार्यों के साथ-साथ यात्री सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने अधिकारियों को इन परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के सुझाव दिये।










# ओड़िशा के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 'तिथि भोजन' शुरू किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के छात्रों को 'तिथि भोजन' दिया जायेगा। छात्रों को समिति के सदस्यों या सिविल सोसाइटी द्वारा हर 100 दिन में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जायेगा। स्कूल और जन शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीइओ) को ओड़िशा के स्कूलों में इसे लागू करने का निर्देश दिया है। जन शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले जिन स्कूलों में पीएम पोषण योजना लागू है, वे तिथि भोजन के लिए पात्र हैं। रिपोर्ट के अनुसार राज्य के स्थापना दिवस या किसी महान व्यक्तित्व के जन्मदिन के अवसर पर छात्रों को तिथि भोजन प्रदान किया जायेगा। शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार गैर सरकारी संगठन, औद्योगिक संगठन, वाणिज्यिक प्रतिष्ठान और व्यापार संगठन जैसे समुदाय के सदस्य छात्रों के लिए आवश्यक पौष्टिक खाद्य सामग्री प्रदान कर सकते हैं।

इस योजना के तहत स्कूली छात्रों को पौष्टिक और स्वस्थ भोजन उपलब्ध कराया जायेगा। स्वस्थ खान-पान की आदतों को बढ़ावा देना और पूरे समय स्वच्छता बनाये रखना प्राथमिकता होगी। इससे पहले, 1-5 कक्षा के छात्रों के लिए 450 कैलोरी और 12 ग्राम प्रोटीन और 6-8 कक्षा के छात्रों के लिए 750 कैलोरी और 20 ग्राम प्रोटीन युक्त भोजन उपलब्ध कराया जा रहा था। भोजन के विकल्पों में उपलब्ध सब्ज़ियां, दालें और बाजरा शामिल किया जा सकता है। स्कूल परिसर में उचित स्वच्छता बनाये रखने और छात्रों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।




| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**